
सुप्रभात
रांची, बुधवार
14.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 151



12 फ्रांस के आगे मोरक्को को हराने की बड़ी चुनौती

## न्यूज डायरी

### सलीमा और ब्यूटी के गोल से भारत ने जापान को हराया

**वैलेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआइएच महिला नेशन्स कप 2022 में जापान को 2-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा है। भारत ने सोमवार के मुकाबले में सलीमा टेटे (5वां मिनट) और ब्यूटी डुंगडुंग (40वां मिनट) के गोलों से जीत दर्ज की। जापान का एकमात्र गोल रुई ताकाशीमा ने 49वें मिनट में किया।

### पीएम पर अभद्र टिप्पणी में पूर्व मंत्री गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि पीएम मोदी के बारे में उकसावे वाला बयान देने के मामले में पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। कांग्रेस नेता राजा पटेरिया को दमोह के हटा से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने पीएम मोदी की हत्या का बयान दिया था। डॉ मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने इस बारे में 'कंडीशनल' खेद प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इस मामले में रुख ऐसा है कि अपराध की निंदा करें और अपराधी को संरक्षण दें।

### रांची में छात्रा से दुष्कर्म आरोपी टीचर गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना पुलिस ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि छात्रा 10वीं में पढ़ती है और शिक्षक मधुसूदन बैठा के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। शिक्षक क्राउन यूनिवर्सल स्कूल के पास किराये के मकान में रहता था। छात्रा 12 को दोपहर रोज की तरह ट्यूशन पढ़ने गयी थी, पर उसकी दोस्त ट्यूशन नहीं आयी थी। कुछ देर पढ़ाने के बाद शिक्षक गलत हरकत करने लगा। विरोध करने पर शिक्षक ने धमकी दी।

### चतरा में नक्सलियों ने कई गाड़ियों को फूंका

चतरा। नक्सलियों ने सोमवार देररात सड़क निर्माण में लगी कई गाड़ियों को फूंक दिया। यह वारदात सदर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित चतरा-लावालौंग सीमा पर स्थित बरैनी पंचायत के करमाही जंगल में हुई है। इस जंगल में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने वर्णवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी की दो जेसीबी और एक ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। वर्णवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी यहां सड़क बनवा रही है। यह गाड़ियां लुटु-तिलैया सड़क निर्माण कार्य में लगी थीं।

### लोहरदगा में ट्रैक्टर ने किशोर को रौंदा, मौत

**लोहरदगा।** किस्को थाना क्षेत्र के पाखर सरनापाठ में ट्रैक्टर ने 13 वर्षीय किशोर को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान सरनापाठ निवासी शैलेश नगेशिया के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### जमीन विवाद में एक की गोली मारकर हत्या

**मेदिनीनगर।** जमीन विवाद में नवाजयपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को नीरज कुमार की अज्ञात लोगों ने गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक रिम्स का कर्मचारी बताया गया है। अपने पैतृक निवास स्थल में जमीन से संबंध विवाद की वजह से घर पर रह रहे थे।

### मोदी ने मन की बात के लिए मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी 25 को आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों से मन की बात करेंगे और इसके लिए उन्होंने लोगों से सुझाव मांगे हैं। श्री मोदी का रविवार को प्रसारित होने वाला यह कार्यक्रम वर्ष 2022 का अंतिम है। इसके लिए उन्होंने देशवासियों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने मंगलवार को ट्वीट करके कहा, 2022 की आखिरी मन की बात इस महीने की 25 तारीख को होगी।

**समीक्षा बैठक :** गुमला, लोहरदगा में अवैध खनन पर सीएम सख्त, एफआइआर का निर्देश

# अफसर ठीक से काम करें, नहीं तो नपेंगे

- ड्रीम प्रोजेक्ट वाली योजनाओं को समय पर सही ढंग से पूरा करें
- अब क्षेत्र स्तर पर भी होगी योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/लोहरदगा।** सीएम हेमंत सोरेन ने पदाधिकारियों को कार्यप्रणाली सुधारने की कड़ी चेतावनी दी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने लोहरदगा में करीब दो घंटे तक अधिकारियों के साथ राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ-साथ अपराध और उग्रवाद को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद सीएम मीडिया से भी मुखातिब हुए। पत्रकारों के सवालों पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के अंदर काम नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की होगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जो अधिकारी काम नहीं करेंगे, वे नपेंगे। सीएम ने गुमला और लोहरदगा में अवैध खनन को ले कर अफसरों की क्लास ली। साथ ही कहा कि ऐसा करानेवालों पर एफआइआर दर्ज करें।

बैठक में सत्यानंद भोक्ता, सांसद धीरज साहू, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी नीरज सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के सचिव और लोहरदगा और गुमला जिले के पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

**ह्यूमन ट्रैफिकिंग की समस्या गंभीर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहरदगा और गुमला जैसे जिलों में पलायन और ह्यूमन ट्रैफिकिंग की समस्या गंभीर है। पलायन पेट की भूख के कारण है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को गति देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने ऐसी ही योजनाओं का एक पैकेज बनाया है। अधिकारी इसमें और गति लायें।

**कार्यशैली पर नाराजगी :** लोहरदगा परिसदन में आयोजित बैठक में सीएम ने लोहदगा व गुमला के पदाधिकारियों की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जतायी। गुमला में विकासीय योजनाओं की बहुत धीमी गति पर उपायुक्त को 31 दिसंबर तक कार्यो में प्रगति लाने को कहा। अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र में अपराध, अनुसंधान और वारंट निष्पादन की लचर स्थिति को देखते हुए संबंधित थाना प्रभारी को अविलंब लाइन हाजिर करते हुए उनके स्थान पर किसी योग्य व्यक्ति को पदस्थापित करने हेतु निर्देश दिया है। लोहरदगा डीएमओ के विरुद्ध अवैध खनन की जानकारी सही पायी जाती है तो उनके खिलाफ एफआईआर करने के लिये भी निर्देश दिया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

### ड्रीम प्रोजेक्ट में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

श्री सोरेन ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, केसीसी, सूखा राहत योजना और मनरेगा सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। इन योजनाओं का मकसद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाना है। ऐसे में इन योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई कोताही तथा लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इन सभी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को जोड़ने की दिशा में पूरी गति और ताकत के साथ कार्य करने की जरूरत है।

### अवैध माइनिंग करने वालों पर केस करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों जिलों से अवैध खनन को लेकर कई शिकायतें मिल रही हैं। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करें। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उग्रवाद और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कांडों का अनुसंधान और निष्पादन तेजी से करें। अगर कहीं अपराध बढ़ता है तो संबंधित थाने के अधिकारियों पर कार्रवाई भी होगी।

# ममता देवी को पांच साल की सजा

## 13 अन्य को भी सजा, दस-दस हजार जुर्माना भी, सभी सजा एक साथ चलेंगी

### गोला गोलीकांड

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग, रामगढ़।** बहुचर्चित गोला प्रखंड के टोनागातु इनलैंड पावर लिमिटेड में गोलीकांड मामले में दोषी कांग्रेस विधायक ममता देवी सहित 13 को अन्य हजारीबाग के एमपी एमएलए कोर्ट सभी दोषियों को सजा सुना दी। न्यायाधीश कुमार पवन की कोर्ट ने सजा के बिंदु पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये फैसला सुनाते हुए विधायक ममता देवी को पांच साल के सश्रम कारावास साथ अन्य अभियुक्तों को भी अलग-अलग धाराओं में पांच साल और दो साल की सजा सुनायी है। विधायक ममता देवी को धारा 148 और इस 332 के तहत दो साल और धारा 333 और 307 के तहत पांच साल और 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी होगी। सभी सजा एक साथ चलेगी। फिलहाल सभी दोषी सेंट्रल जेल हजारीबाग में हैं। इस सजा के बाद अब ममता देवी की विधायकी भी खतरे में पड़ गयी है।

**क्या था मामला :** रामगढ़ के गोला में साल 2016 में गोली कांड हुआ था। जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी थी और आठ घायल हुए थे। इस मामले को लेकर गोला बीडीओ दिनेश कुमार सुरीन ने रजरप्पा थाना में 79-2016 के तहत मामला दर्ज कराया था। 13 अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट फाइल हुई थी। सभी 13 को कोर्ट ने 8 दिसंबर को दोषी करार दिया, जिसमें रामगढ़ विधायक ममता देवी भी शामिल थीं। सभी पर आइपीसी की धारा 147, 148, 149, 341 और 307 के अलावा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के दोषी करार दिया गया था। 13 दोषियों में ममता देवी के अलावा राजीव जायसवाल, लाल बहादुर महतो, बासुदेव प्रसाद, मनोज पुजहर, सुभाष महतो, बालेश्वर भगत, कुंवर महतो, दिलदार अंसारी, अभिषेक सोनी, आदिल इनामी, यदु महतो, ममता देवी, कौलेश्वर महतो सजा सुनाने के समय जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग से उपस्थित थे।

(शेष पेज 11 पर)


### विधायक पद संकट में

रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी को अलग-अलग धाराओ में 5 साल की सजा के कारण उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो जायेगी। अब रामगढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। विधायक ममता देवी को सजा के बाद कार्यकर्ता काफी दुखी थे। ममता देवी को धारा 148 में दो साल, 332 में दो साल, 333 में दो साल और 307 में पांच साल मिली है।

तवांग भिड़ंत पर रक्षा मंत्री ने सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों संग की बैठक

# सदन में बताया- चीनी सैनिकों को हमारे जवानों ने खदेड़ दिया

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अरुणाचल प्रदेश के तवांग क्षेत्र में भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों के अतिक्रमण को बड़ी दृढ़ता से रोका और उन्हें खदेड़ दिया। भारतीय जवानों ने चीन के नापाक इरादों को कामयाब नहीं होने दिया। भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, भारत की भौगोलिक एकता को बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सेना किसी भी तरह के संकट का सामना करने के लिए हर समय तैयार है। संसद में अपने बयान के पूर्व रक्षा मंत्री ने तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर विदेश मंत्री, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ(सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री को घटना की विस्तृत जानकारी दी गयी।

**सदन में कहा,चीन की चाल नहीं चली :** श्री सिंह ने राज्यसभा में चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर कहा कि चीन के सैनिकों ने अरुणाचल प्रदेश के क्षेत्र में यांगत्से मैं चीनी सैनिकों ने भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण करने का प्रयास किया था, जिसे भारतीय सैनिकों ने दृढ़ता, तत्परता, साहस और पराक्रम से नाकाम कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों में हाथापाई भी हुई लेकिन दोनों पक्षों की ओर से किसी भी सैनिक को गंभीर चोट नहीं लगी। घायल चीनी सैनिकों की संख्या भारतीय सैनिकों की तुलना में कहीं अधिक है। 9 दिसंबर को तवांग सेक्टर से सटे बॉर्डर पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी।

(शेष पेज 11 पर)

# सुषमा बड़ाईक को मारी गोली, हालत गंभीर

## बॉडीगार्ड भी था साथ, मेडिका में चल रहा इलाज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने यौन शोषण मामले को लेकर चर्चित सुषमा बड़ाईक को गोली मार कर घायल कर दिया। मेडिका अस्पताल में सुषमा का इलाज चल रहा है। स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये। वहीं महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए पहले रिम्स एवं उसके बाद मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह अपने बॉडीगार्ड के साथ बाइक पर बैठकर अपने पिता के घर से लौट रही थी। उसी दौरान अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश की।

**क्या है पूरा मामला :** सुषमा बड़ाईक झारखंड का चर्चित नाम है। पुलिस प्रशासन ने सुषमा बड़ाईक को एक बॉडीगार्ड भी उपलब्ध करवाया गया था, लेकिन अपराधियों ने बॉडीगार्ड के सामने ही सुषमा बड़ाईक को गोली मार दी। हटिया डीएसपी राजा मिश्रा ने बताया कि अपने बॉडीगार्ड के साथ सुषमा बाइक पर बैठकर कहीं जा रही थी। इसी दौरान तीन की संख्या में अपराधियों ने पीछे से आकर फायरिंग शुरू कर दी। बाइक के पीछे बैठी सुषमा को गोलियां लगी जिसके बाद वह नीचे गिर पड़ी। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जब जुटने लगे तो अपराधी तेज गति से बाइक चलाकर मौके से फरार हो गये।

(शेष पेज 11 पर)

### केंद्र से एनएच का बजट 5000 करोड़ करने का अनुरोध


**रांची।** पथ निर्माण विभाग ने नेशनल हाइवे के लिए वित्त वर्ष 2022-23 का बजटीय प्रावधान 2000 करोड़ से बढ़ा कर 5000 करोड़ तक करने का प्रस्ताव मिनस्ट्री ऑफ रोड एंड हाइवे को भेजा है। इसके लिए राज्य सरकार 5765 करोड़ का डीपीआर तैयार कर रही है, जिसमें 3765 करोड़ का डीपीआर बना कर केंद्र को भेजा गया है। वहीं, इसके अलावा 2000 करोड़ का अतिरिक्त डीपीआर भी तैयार किया जा रहा है। ऐसे में केंद्रीय मंत्रालय से अनुरोध किया जा रहा है कि वे झारखंड के लिए बजट बढ़ाये ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायी जा सके।

**दो साल में केंद्र से अधिक राशि लेने में सफल हुआ राज्य :** पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार ने बताया कि विगत दो सालों में केंद्र सरकार से झारखंड एनएच के लिए बड़ी राशि लेने में सफल रहा है। पहले 200-250 करोड़ रुपये तक की ही राशि लेने में राज्य सफल हो पाता था। विगत दो सालों से लगातार तीन हजार करोड़ तक बजट लेने में झारखंड सफल हो गया है। इस वित्तीय वर्ष प्रयास हो रहा है कि कम से 3500 करोड़ रुपये तक की योजना ली जा सके।

जेपीएससी को झारखंड हाईकोर्ट का निर्देश

# सिविल सेवा परीक्षा का मार्क्स स्टेटमेंट वेबसाइट पर अपलोड करें

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) को सातवें से दसवें बैच की सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों के कटऑफ मार्क्स की लिस्ट, मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट सहित अन्य ब्यौरे वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। एक याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने यह निर्देश दिया। परीक्षा में अभ्यर्थियों को मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट देखने नहीं देने और अभ्यर्थियों की कॉपी की छाया प्रति उपलब्ध नहीं करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में आदेश पारित करने के लिए अगली सुनवाई अगले सप्ताह निर्धारित की है। मामले को लेकर सोनू कुमार रंजन और अन्य की ओर से हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि सातवीं जेपीएससी का मेरिट लिस्ट वर्ष 2022 मई में जारी हो गयी है और सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति भी हो गयी। जेपीएससी में टॉपर, सफल और असफल अभ्यर्थी को अब तक कट ऑफ मार्क्स, अपने मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट की कॉपी की छायाप्रति देखने का अवसर नहीं मिल पाया है जबकि 7वीं जेपीएससी के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति भी हो गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने आये एनजीओ अब कर रहे स्कूलों का निरीक्षण

# जेइपीसी में बढ़ी घुसपैठ, बे-एनजीओ नहीं बनती कोई कमेटी

सुधीर



**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं सारक्षता विभाग में गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की घुसपैठ बढ़ती जा रही है। पहले तो शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के नाम पर उन्हें विभाग में प्रवेश मिला। अब एनजीओ के अधिकारी विभागीय निरीक्षण कमेटी में भी शामिल करने लगे हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेइपीसी) द्वारा जारी आदेश के मुताबिक समग्र शिक्षा की विभिन्न गतिविधियों और मध्याह्न भोजन योजना का संचालन राज्य में हो रहा है। इसके निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए भ्रमण दल का गठन किया गया है। इसमें विभागीय पदाधिकारियों के साथ-साथ एनजीओ के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है।

**निरीक्षण का अधिकार दिया जाना अनुचित :** शिक्षक संगठनों का कहना है कि एनजीओ का एग्रीमेंट दूसरे कार्यों के लिए सरकार से होता है। ऐसे में निरीक्षण का अधिकार दिया जाना नियमविरुद्ध और अनुचित है। जिसको विद्यालय की वस्तुस्थिति के बारे पता नहीं वे निरीक्षण कर क्या निर्देश दे सकते हैं? विभाग के एग्रीमेंट के मुताबिक एक एनजीओ को राज्य के कुछ स्कूलों में प्रैक्टिकल और लाइब्रेरी का सामान उपलब्ध कराने की जिम्मेवारी दी गई है। अब अधिकारी ने उसे विभागीय निरीक्षण दल में भी शामिल कर दिया है।

**नहीं होनी चाहिए एनजीओ की दखलअंजादी :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद इसे अनुचित करार देते हैं। उनका कहना है कि एनजीओ की दखलअंजादी नहीं होनी चाहिए। वे निरीक्षण के नाम पर सिर्फ लूट-खरोट करेंगे। अपना उल्लू सीधा करेंगे, न कि शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों से कभी पूछा नहीं जाता है। ये होना चाहिए। मुद्दा पर चर्चा कर विभाग को उसपर फोकस करना। सरकार शिक्षा में सुधार करना चाहती है, पर संसाधान नहीं दे रही है। हालत यह कि राज्य के कई स्कूलों में 200 बच्चे को पढ़ाने के लिए मात्र एक-दो टीचर हैं।

**राष्ट्रपति पुरस्कार ले चुके शिक्षकों की नहीं होती पूछ :** संघ का कहना है कि राज्य में कई राष्ट्रपति व अन्य पुरस्कार विजेता शिक्षक हैं। कई रिटायर हो चुके हैं। कई स्कूलों में शिक्षक नए आइडिया से पढ़ा रहे हैं। अनुभवी शिक्षकों की लंबी सूची है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए इनसे बातचीत की जा सकती है।

(शेष पेज 11 पर)


स्कूलों के निरीक्षण में एनजीओ को लगाया गया है। लेकिन वह सिर्फ अधिकारियों को निरीक्षण में सपोर्ट करेंगे। जेईपीसी में मेरे आने से पहले से एनजीओ काम कर रहा है। एनजीओ को हमने पहली बार नहीं लगाया है।

**किरण कुमारी पासी**
**एसपीडी, जेईपीसी, झारखंड।**

# 98 साल पुरानी रांची सदर अस्पताल की बढ़ेगी रौनक

### 3 करोड़ की लागत, पुराने ढांचे में नहीं होगा बदलाव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड सरकार, राज्य के धरोहरों को तराशने और संवारने का काम तेजी से कर रही है। इसी कड़ी में 3 करोड़ रुपये की लागत से सदर हॉस्पिटल की लाल बिल्डिंग की सूरत भी बदलनेवाली है। सरकार ने सरायकेला के बिरसा स्टेडियम का भी सूरत बदलने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार की ओर से पुराने भवनों की सूरत बदलने के साथ उसे डेवलप भी किया जा रहा है। अब, राजधानी रांची की 98 साल पुरानी सदर हॉस्पिटल की बिल्डिंग को रेनोवेट किया जायेगा। इस दौरान इसके पुराने ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया जायेगा, बल्कि इसकी खुबसुरती को और भी तराशा जायेगा। वहीं सरायकेला में बिरसा स्टेडियम को अपग्रेड किया जाएगा। इसमें 7 करोड़ 68 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### कांटाटोली में पूर्व में अधिग्रहित भूमि का हुआ पुनः सीमांकन

# अधिग्रहित भूमि पर फिर कब्जा करने वालों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस

**जुडको के एडमिन, एएमसी, डीएसपी ट्राफिक, सीओ और मजिस्ट्रेट ने अतिक्रमण का लिया जायजा, दी हिदायत**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के चिरप्रतीक्षित कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर करने की कवायद शुरू हो गयी है। इस क्रम उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर बहुबाजार से शांतिनगर तक सरकार द्वारा पूर्व मे अधिग्रहित भूमि की पुनः सीमांकन किया गया। साथ ही फिर से कब्जा और अतिक्रमण करने वालो को नोटिस दी गयी। जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया।

जुडको के निदेशक प्रशासन अरविंद कुमार मिश्र, रांची नगर निगम सहायक नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन, यातायात डीएसपी और सदर सीओ अमित भगत और मजिस्ट्रेट द्वारा कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण मे उत्पन्न व्यवधान का मुआयना किया। साथ ही साथ सदर अंचल कर्मियों द्वारा पुनः अधिग्रहित भूमि का सीमांकन किया। पेट्रोल पंप के निकट अवैध कब्जा एवं अधिग्रहण को जेसीबी से हटाया गया।

कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तेजी चल रहा है। ससमय दिसंबर 2024 तक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अभी बिजली के पोल और तार के साथ केबल नहीं हटाये गये हैं। इनके हटते ही काम मे और तेजी आयेगी। फ्लाईओवर योगदा संत्संग मठ से शांतिनगर तक 2040 मीटर लंबा बनेगा। बहुबाजार के पास जो दुकानें हटेंगी, उन दुकानो को फ्लाईओवर के नीचे बनने वाली 40 दुकानों मे पुनर्वासित किया जायेगा।

### निगम ने उपभोक्ताओं को किया जागरूक, कहा नये मीटर के हैं कई फायदे

# स्मार्ट मीटर के लिए उपभोक्ताओं को नहीं देना होगा शुल्क: जेवीबीएनएल

**सभी नये स्मार्ट मीटर घर के बाहर मुख्य द्वार पर किया जायेगा अधिष्ठापित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर लगना शुरू हो गया है। फिलहाल अपर बाजार इलाके में लगभग एक हजार मीटर बदले जायेंगे। वहीं, अन्य इलाकों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर सर्वे जारी है। इसी बीच झारखंड बिजली विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से आम उपभोक्ताओं के लिये सूचना जारी की गयी है, जिसमें बताया गया है कि रांची जिला के लिये एजेंसी जीनस सेक्योर प्राइवेट लिमिटेड को काम दिया गया है। एजेंसी की ओर से राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर बदलने का काम किया जा रहा है। यह स्मार्ट मीटर पुराने मीटर की तुलना में अधिक उपयोगी है।

जारी सूचना के मुताबिक उपभोक्ताओं को नये मीटर लगाने और पुराने मीटर हटाने के लिए कोई भी शुल्क देय नहीं है। साथ ही सभी नये स्मार्ट मीटर घर के बाहर मुख्य द्वार पर अधिष्ठापित किया जायेगा। बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि सूचना उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं के साथ कोई ठगी न हो और साथ ही उपभोक्ता जागरूक रहें।



**स्मार्ट मीटर की ये है मुख्य विशेषता**

बिजली बिल की सटीक जानकारी और प्रबंधन मोबाईल से होगा। उपभोक्ता मासिक विद्युत बिल को व्यवस्थित और नियंत्रित कर सकते हैं। इसकी सहायता से मीटर के वर्तमान स्थिति एवं वर्तमान लोड की जानकारी ली जा सकती है। वर्तमान बिल की जानकारी एवं पिछले महीनों की बिल की जानकारी भी प्राप्त होगी। मैनुअल मीटर रीडिंग की आवश्यकता नहीं रह जाएगी। इससे बिजली बिल में किसी भी तरह की गड़बड़ी की संभावना भी कम हो जायेगी। यह मीटर बिजली चालू और बंद होने के समय आपके मोबाईल फोन पर अलर्ट या सूचना भेजता है। अगर घर में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया हुआ है तो स्मार्ट मीटर का नेट मीटरिंग के लिए भी कार्य में लिया जा सकता है।

### सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने दी जानकारी

# स्वास्थ्य के लिए झारखंड को केंद्र से मिला ₹2604 करोड़

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने लोकसभा में बताया कि केंद्र प्रायोजित जितनी भी योजनाओं का संचालन होता है, उसकी निधि जारी करने का काम मंत्रालय के द्वारा किया जाता है। मंत्रालय के अधीन योजनाओं के प्रत्येक घटक के लिए अलग-अलग बजट के साथ केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं और केंद्र प्रायोजित योजनाओं को कार्यान्वित किया जाता है। बीते वर्ष 2019 से 2022 तक 2604.78 करोड़ की राशि निर्गत की गई है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 691.88 करोड़ की राशि निर्गत की गई है।

सांसद के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि इसका परिणाम बेहतर हो इसके लिए प्रत्येक 3 माह में समीक्षा की जाती है। दरअसल, लोकसभा में यह सवाल पूछा था कि देश में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित कितनी योजनाओं का काम झारखंड में चल रहा है। इसके साथ ही उन योजनाओं के लाभुकों, 3 वर्षों तक उन योजनाओं के ब्यौरा से संबंधित सवाल सांसद ने सदन में रखा था।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित कई योजनाओं के लिए राज्य स्तर पर निधि का आवंटन किया गया है। इसके अलावा मौजूदा जिला रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए भी राशि निर्गत की गई है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत झारखंड को 2019-20 में 830 करोड़, 20- 21 में 602 करोड़ और 21-22 में 640 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। टीवी उन्मूलन के लिए झारखंड को वित्त 3 वर्षों में क्रमशः 29 करोड़, 30 करोड़ और 42 करोड़ की राशि दी गई है।

सांसद श्री सेठ ने कहा कि इतनी बड़ी राशि स्वास्थ्य के क्षेत्र में केंद्र ने झारखंड को दी है। झारखंड सरकार को चाहिए कि केंद्र सरकार के तहत चलने वाली योजनाओं की बेहतर तरीके से मॉनिटरिंग करे।

### केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

# रेल से जुड़ी समस्या और रांची रेलवे के विकास पर चर्चा की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद ने रेल मंत्री से रांची रेलवे स्टेशन के विकास पर चर्चा की। सांसद ने चांडिल, खलारी, टाटीसिल्वे, सिल्ली, पिस्का नगड़ी सहित अन्य स्टेशनों के विकास, वहां यात्री सुविधाओं के विस्तार और ट्रेन ठहराव के मुद्दे पर मंत्री के समक्ष अपनी बात रखी। सांसद ने ट्रेन ठहराव नहीं होने से हो रही समस्याओं से भी केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त रांची लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बनने वाले रेल ओवर ब्रिज, अंडरपास को लेकर भी रेल मंत्री से विस्तृत चर्चा की। रेल मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि रेल मंत्री ने रांची लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना है और उसके त्वरित समाधान की दिशा में पहल करने की बात कही है।

## सीबीआई कोर्ट ने रेलवे कर्मी को चार साल की सजा दी

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत ने मंगलवार को रिश्वत लेने के मामले में अभियुक्त रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर लक्ष्मी कांत शर्मा को दोषी करार कर चार साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त दो साल जेल काटनी होगी। मालूम हो कि अभियुक्त चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत डांगोवापोसी सेक्शन के बड़ाजामदा स्टेशन पर कार्यरत सीनियर सेक्शन इंजीनियर पर सजाउल्ला नामक व्यक्ति से एमबी बुक में इंट्री करने एवं बिल पास करने के एवज में 91 हजार रुपये की मांग की थी। इसकी शिकायत सीबीआई को मिली। सीबीआई ने चार दिसंबर 2015 को 91 हजार रुपये रिश्वत लेते लक्ष्मी कांत शर्मा को रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

### उपायुक्त से मिला शिष्टमंडल

# रांची जिला राजस्व निरीक्षक संघ ने बेमियादी हड़ताल की चेतावनी दी

**24 घंटे में एनुल हक अंसारी और सोमरा उरांव की गिरफ्तारी की मांग**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य राजस्व निरीक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को उपायुक्त राहुल सिन्हा से मिला। कांके अंचल के हल्का कर्मचारी के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा। मामले के आरोपी एनुल हक अंसारी और सोमरा उरांव को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की। चेतावनी दी कि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर रांची जिला राजस्व उप निरीक्षक संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को बताया कि अंचल परिसर में राजस्व उप निरीक्षक जयवीर भगत के साथ कांके स्थित इचापीढ़ी के पिड़ीटोला निवासी एनुल हक अंसारी एवं सोमरा उरांव ने मारपीट की। जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। राजस्व पंजी एवं अन्य सरकारी कागजात फाड़ने का प्रयास किया। इस घटना से सभी राजस्व उप निरीक्षक अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसे में रांची जिला के सभी राजस्व उप निरीक्षक सरकारी कार्य करने में असमर्थ हैं।

# बीआइटी लालपुर के 583 विद्यार्थियों को 18 दिसंबर को दी जायेगी डिग्री

**विस अध्यक्ष होंगे डिग्री सेरेमनी के मुख्य अतिथि**

**लड़कों के लिए कुर्ता-पजामा और लड़कियों के लिए साड़ी होगा ड्रेस कोड**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक्सटेंशन सेंटर लालपुर में 18 दिसंबर को डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो होंगे। कुल 583 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी। इनमें पीएचडी मैनेजमेंट के 8, पीएचडी टेक्नोलॉजी के 2, इंटीग्रेटेड मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के 1, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के 86, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के 63, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के 199 और बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के 190 छात्र- छात्राएं शामिल हैं। बीआईटी लालपुर कैंपस की डायरेक्टर इंचार्ज डॉ वंदना भप्ताचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

**सितंबर 2022 तक के पासआउट विद्यार्थियों को दी जायेगी डिग्री**

बताते चलें कि लालपुर एक्सटेंशन सेंटर में डिग्री सेरेमनी का कार्यक्रम कोविड-19 के बाद पहली बार किया जा रहा है। उन्होंने पासआउट विद्यार्थियों से अपील की है कि अधिक से अधिक विद्यार्थी इस कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन करवाएं। डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी में लड़कों के लिए कुर्ता-पजामा और लड़कियों के लिए साड़ी ड्रेस कोड होगा। सितंबर 2022 तक के पासआउट विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ आशुतोष मिश्रा, डॉ प्रणव कुमार व डॉ शिव सूर्यनारायण मौजूद थे।

# रांची में एतिहासिक होगी भारत जोड़ो यात्रा : डॉ राकेश किरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। इस बैठक में संगठनात्मक मजबूती, नई कमिटी का गठन, प्रत्येक प्रखंड में कार्यालय, सदस्यता अभियान, मंडल एवं पंचायत कमिटी का गठन पर चर्चा हुई। बैठक में ग्रामीण जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने कहा कि रांची में आयोजित होने जा रही भारत जोड़ो यात्रा को एतिहासिक बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। यह यात्रा भारतीय राजनीति में दूरगामी प्रभाव लाने वाली है इसलिए इसका भव्य एवं सफल आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा नई कमिटी का प्रयास होगा कि संगठन से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे।

महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ कुमार राजा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में जिस तरह से राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का बीड़ा उठाया है, वह कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। भाजपा द्वारा लगातार भ्रम फैलाने की कोशिश के बावजूद भी इस यात्रा में जनसैलाब उमड़ रहा है। इसलिए हम रांची वासियों का यह दायित्व बनता है कि इस यात्रा को ऐतिहासिक बनायें।



प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि भाजपा जिन मुद्दों और वादों को लेकर 2014 में सत्ता में आयी थी वे सब जुमले ही साबित हुए।

बैठक में सुरेश बैठा, डॉ. बिरसा उरांव, संजय पासवान, सुरेन राम, मेरी तिर्की, मोजिबुल्ला, नागेन्द्र गोस्वामी, अशोक मिश्रा, इंदिरा तुरी, शाहिद, अजय साहु, रमेश उरांव, राजू राम, संजर खान, नागेश्वर महतो, राजकुमार महतो, तुलसी खरवार, अजगुत महतो, संजय सेठ, मंगा उरांव, विक्टोरिया देवी, सरिता देवी, ज्ञांन अहिर, राजकिशोर मुण्डा, रमेश महली, कमिश्नर मुण्डा, चंदन बैठा, अजीत महतो, सतीश सिंह, शिवटहल नायक, तारिक, आर्चना, सुष्मा हेमरोम, मदन महतो, मनोहर महतो, जगदीश चन्द्र, निशिकांत गोंझू, सौद आलम, साबीर अंसारी आदि शामिल थे।

# भाजपा को सशक्त बनाने में महिलाओं की भूमिका अहम : बालमुकुंद सहाय



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा है कि पार्टी के सशक्तीकरण में महिला मोर्चा की भूमिका अहम है। श्री सहाय मंगलवार को महिला मोर्चा की संगठनात्मक बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शहीद हुई महिलाओं की जीवनी जन-जन पहुंचाने की जरूरत है। केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचायें। उन्होंने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में फेल है। मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने गतिविधियों की जानकारी दी। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि टॉपर छात्राओं को सम्मानित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा महिला उत्पीड़न को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलनात्मक रूपरेखा तैयार करें। महिलाओं को भाजपा में जोड़ने की आवश्यकता है। बैठक का संचालन मंजुलता दुबे तथा समापन डॉ सीमा सिंह ने किया।

बैठक में राष्ट्रीय महिला मोर्चा मंत्री आरती सिंह, रूपा सिंह, रेणुका मुर्मू, सरिता पांडे, अमिता रक्षित, रमा सिंह, रेणु तिर्की, विनीता कुमारी, रीता शर्मा, बबिता वर्मा, रेखा महतो, सुचिता सिंह, लवली सिंह, कुमकुम देवी,सोनी हेमरोम, नीलम चौधरी, रंजिता सिंह, लक्की सिंह, अर्चना सिंह, पिंकी खोया आदि मौजूद थीं।

## केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षक भर्ती के लिए देनी होगी कम्प्यूटर आधारित परीक्षा

**रांची।** केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा के पैटर्न में बदलाव किया गया है। पहली बार शिक्षक भर्ती के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा ली जायेगी। टीजीटी व पीजीटी शिक्षकों के लिए 150 की बजाय 180 नंबर का प्रश्न पत्र होगा। इसमें शिक्षक भर्ती परीक्षा में पहली बार लीडरशिप पर आधारित प्रश्न भी पूछे जाएंगे। बताते चलें कि पिछली बार 2018 में टीजीटी के लिए हुई परीक्षा में एक-एक अंक के 150 प्रश्न पूछे गये थे। इस बार टीजीटी-पीजीटी दोनों का एक ही प्रारूप रखा गया है। इसमें सामान्य अंग्रेजी व सामान्य हिंदी के 10-10 प्रश्न, जनरल नॉलेज एंड करेंट अफेयर्स के 10, रीजनिंग के 05, कम्प्यूटर लिटरेसी 05 प्रश्न रहेंगे। इस बार पेडागॉजी को विस्तार देते हुए पर्सपेक्टिव ऑन एजुकेशन एंड लीडरशिप को भी शामिल किया गया है। इस पर आधारित 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके अलावा विषय का महत्व बढ़ाते हुए 100 नंबर के प्रश्न रहेंगे।

# कोयले की गुणवत्ता को लेकर बिजली कंपनियों से अब नहीं होगा कोई विवाद, लैब में होगी जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयले की गुणवत्ता को लेकर बिजली कंपनी और कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के साथ आए दिन होनेवाले विवाद को देखते हुए क्वालिटी काउंसलिंग ऑफ इंडिया, कोल इंडिया और कोयला खरीदने वाली पॉवर कंपनियों के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध किया गया है। इसके तहत पांच एनएबीएल से मान्यता प्राप्त लैब से बिजली कम्पनियां कोयले की गुणवत्ता जांच करा सकेंगी। इसका निर्णय साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के बीच आए दिन होने वाले विवाद को टालने के लिए किया गया है।



ज्ञात हो कि कोल इंडिया से संबद्ध एसईसीएल की कोरबा में संचालित खदानों से न केवल छत्तीसगढ़ की विद्युत कंपनियों के साथ पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में कोयले की आपूर्ति की जाती है। यह देखा गया है कि कोयले की गुणवत्ता को लेकर बिजली कंपनियों की ओर से शिकायत की जाती रही है। इसके पहले छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र 500 मेगावाट प्रबंधन ने खराब पत्थर मिश्रित कोयला आपूर्ति की जाने की वजह से संयंत्र में तकनीकी खराबी आने का आरोप लगाया था।

भविष्य में इस तरह के विवाद न हों, इसके लिए केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के राष्ट्रीय परीक्षण और शोधन प्रयोगशाला, जांच लैब सेंटर पॉवर रिसर्च इंस्टीट्यूट बेंगलुरू, सीएसआईआर आईएमएमटी भुवनेश्वर, एमएनएल जमशेदपुर, इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ कैमिकल टेक्नोलाजी हैदरावाद व सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टीट्यूट जोरहाट में कर सकेंगे। पहले निजी कंपनियों के लैब से कोयले के ग्रेड की जांच का अनुबंध किया गया था, लेकिन अब ब्रास कैलो रिफिक वैल्यू की जांच हो सकेगी। प्रति किलो के हिसाब से कोयले की जांच का स्तर निर्धारित किया गया है। संयंत्रों को दिए जाने वाले कोयले के ग्रेड का जीएसवी किस स्तर का है और जांच में क्या स्तर मिला है, इसकी मूल्यांकन रिपोर्ट भी जारी की जाएगी। ग्रेड में भिन्नता होने पर क्रेडिट नोट जारी किया जाएगा।

**जांच की फीस का भुगतान आधा-आधा**

कोयले की जांच के लिए लोडिंग व अनलोडिंग दोनों पॉइंट से सेंपल लिए जाएंगे और वीडियोग्राफी की जाएगी। इससे रास्ते में कोयले की अफरातफरी पर भी रोक लगेगी। जांच की फीस की राशि का 50-50 प्रतिशत बिजली व कोयला कंपनी देगी। 30 दिन के अंदर रिपोर्ट देना होगा। विलय होने पर अर्थदंड का प्रावधान रखा गया है। इससे रास्ते में अच्छा कोयला निकाल कर घटिया कोयला व पत्थर मिला दिए जाने के अवैध कारोवार पर भी अंकुश लग सकेगा।

**पहले निजी कंपनियों को थी जिम्मेदारी**

इसके पहले सीआइएफआर कोटकेना, सीजीएस और मित्रा, एसकेएस कंपनियों की लैब से कोयले की जांच होती थी। पॉवर प्रबंधन कहना है कि इन निजी लैब के मैदानी स्तर के कर्मचारी कोयले की गुणवत्ता की जांच को लेकर गंभीर नहीं थे। इस वजह से अफरातफरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग सका। अब उम्मीद की जा रही है कि जीएसबी स्तर की जांच पर कोयले की गुणवत्ता सुधरेगी।

## रूफटॉप बार और हुक्का बार के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में पीआइएल

**उत्पाद एवं मद्य निदेशक, डीजीपी, एसएसपी और सीओ को बनाया प्रतिवादी**

**रांची।** राजधानी रांची में किशोरियों को शराब और हुक्का परोसने वाले रूफटॉप बार और लाउंज के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि राजधानी के कई रूफटॉप बार एवं लाउंज 25 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शराब और हुक्का परोस रहे हैं। इससे युवाओं के भविष्य पर बुरा असर पड़ रहा है। जनहित याचिका में उत्पाद एवं मद्य निदेशक, डीजीपी, एसएसपी एवं कई अंचल अधिकारियों को प्रतिवादी बनाया गया है। प्रार्थी सुनील कुमार सिंह ने पीआइएल के माध्यम से शहर में अवैध रूप से संचालित रूफटॉप बार का संचालन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# विधानसभा की 35 सीटों पर चुनाव लड़ेगा भाजमो : धर्मेंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा है कि राज्य की 35 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा जायेगा। श्री तिवारी मंगलवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ मंत्रणा करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के 30 से 35 विस क्षेत्र में प्रत्याशी खड़ा करेगी। इसके लिए पार्टी की तरफ से व्यापक स्तर पर सर्वे हो रहा है। स्थानीय मुद्दों को ध्यान में रखकर ही पार्टी योग्य प्रत्याशी को चुनाव में उतारेगी। उन्होंने बताया कि झारखंड जैसे खनिज एवं प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण राज्य के विकास में सबसे बड़ी बाधा भ्रष्टाचार, शासन लोलुपता एवं स्वार्थ की राजनीति है। चाहे सरकार किसी भी पार्टी की क्यों न हो, उनके द्वारा झारखंड में संवैधानिक एवं प्रशासनिक पदों का दुरूपयोग कर अकूत संपति देश एवं विदेश में अर्जित किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा राज्य बिजली की संकट से जूझ रहा है। जब जाड़े के मौसम में यह हाल है तो गर्मी में होने वाली भयावहता का स्वतः अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती एवं वर्तमान दोनों ही सरकारें भ्रष्टाचार में आकंठ डूब कर विकास को बाधित किया है। उन्होंने बताया कि झारखंड की राजनीति में भारतीय जनतंत्र मोर्चा एक योग्य विकल्प के रूप में उभरा है। हमारी पार्टी का प्रमुख एजेंडा पारदर्शी शासन व्यवस्था, शून्य भ्रष्टाचार, पर्यावरणीय संरक्षण एवं खनिज संपदाओं की विवेकपूर्ण उपयोग है। बैठक में श्री तिवारी के साथ पीएन सिंह, आशीष शीतल, वीरेन्द्र सिंह, अविनाश कुमार, डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा, शिवानी लता, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

# जलवायू परिवर्तन ज्वलंत मुद्दा, समाधान के लिए कॉरपोरेट भी आगे आयें : जितेंद्र

## झारखंड में टीआरआइएफ-इंटेलकैप क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म की शुरूआत




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची ।** उद्योग निदेशक जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अब एक महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दा है और हम खाद्य सुरक्षा में कमी जैसी कई गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने राज्य में जलवायु और सतत गतिविधियों का समर्थन करने में कॉरपोरेट क्षेत्र को आगे आना चाहिए। यह बातें होटल बीएनआर में जलवायु परिवर्तन पर आयोजित कार्यशाला में मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन उत्पादकता और गुणवत्ता दोनों के मामले में भारतीय कृषि को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। यदि अनुकूलन और शमन गतिविधियों पर ध्यान नहीं दिया जाता है, तो वर्तमान कृषि क्षेत्र अपनी उत्पादन क्षमता खो सकते हैं।

**ऐतिहासिक होगा टी आर आई एफ- इंटेलकैप क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म का शुभारंभ :** मौके पर मनरेगा आयुक्त झारखंड राजेश्वरी बी ने कहा कि झारखंड में इस मंच का शुभारंभ एक ऐतिहासिक होगा और हमारे प्राकृतिक संसाधनों की बबार्दी को कम करने के सर्वोत्तम तरीकों को खोजने के लिए आदिवासी समुदायों से सीखने के लिए कई सबक हैं। इस अवसर पर झारखंड में जलवायु अनुकूल कृषि की क्षमता को उजागर करने के लिए टीआरआईएफ-इंटेलकैप क्लाइमेट एक्शन प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया।

**कार्यशाला में ये बातें आयीं :** होटल बीएनआर में आयोजित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने अपनी बातें रखीं। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड राज्य भी जलवायु संकट से बुरी तरह प्रभावित है। कई अध्ययनों ने राज्य की उच्च जलवायु संवेदनशीलता के कारण जलवायु परिवर्तन के संबंध में झारखंड राज्य की अनि>त स्थिति को उजागर किया है। कम अनुकूलन क्षमता, सीमित संसाधन उपलब्धता और जलवायु संबंधी जोखिमों के महत्वपूर्ण जोखिम के कारण राज्य में छोटे किसान जलवायु परिवर्तन की अनि>तताओं से सबसे अधिक असुरक्षित और अत्यधिक प्रभावित हैं।

### फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही : शशि रंजन

इस अवसर पर उपायुक्त खूंटी शशि रंजन ने छोटे किसानों के लिए जलवायु अनुकूल कृषि और समाधान के विभिन्न पायलट परियोजनाओं के बारे में बात की। उन्होंने कहा की जलवायु परिवर्तन अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से फसलों की उत्पादकता को प्रभावित कर रहा है।

# अवैध कब्जे की जमीन पर बने चर्च में फिर शुरू हुआ निर्माण

## पाहन टोली में फादर ने कर रखा है 17 डिसमिल जमीन पर कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कोकर के पाहन टोली स्थित शीलवंती मोरसा की जमीन पर इलाहाबाद के फादर रंजीत भाई द्वारा निर्मित चर्च वर्शिप सेंटर एक बार पुनः विवादों की सुर्खियों में है। एक लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर शीलवंती मोरसा की इस जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू किया गया है। बताते चलें कि लोगों के बीच प्रभु का वचन बांटने और प्रार्थनालय के नाम सपर इस जमीन पर फिलहाल इलाहाबाद से आए फादर रंजीत और उनके बेटे का कब्जा है। हालांकि, जमीन की वास्तविक मालकिन स्वर्गीय शीलवंती मोरसा के भतीजों की ओर से इस पर मालिकाना हक को लेकर सिविल कोर्ट में मुकदमा किया गया है। यह मुकदमा अभी लंबित है। इसी बीच फादर रंजीत ने कथित रूप से स्थापित चर्च के परिसर में निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। जमीन के असली मालिक शीलवंती मोरसा के भतीजों द्वारा इसका विरोध भी किया गया। साथ ही इस संबंध में सदर पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। शीलवंती मोरसा के भतीजों ने बताया कि इसके बावजूद सदर पुलिस की ओर से वर्शिप सेंटर में चल रहे निर्माण कार्य को नहीं रोका गया है।

**पहले भी दर्ज हुआ है मामला :** फादर रंजीत द्वारा पाहन टोली के 17 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर पहले एक छोटा सा दफ्तर खोला गया था, जो स्वतंत्र बाइबल प्रशिक्षण संस्थान के नाम से इसी प्लॉट पर किराए के एक कमरे में चलता था। जमीन मालकिन शीलवंती मोरसा अविवाहित थीं। वर्ष 2004 में जब उनका निधन हुआ, उस वक्त पाहन टोली में ही रह रहीं थीं। उनके भाई के परिवार को जब उनके निधन की सूचना मिली, तो उन लोगों ने ही उनका अंतिम संस्कार किया।

उस समय फादर रंजीत किराएदार के रूप में रह रहे थे। बाद में उन्होंने पूरे प्लॉट को ही अपना घोषित करते हुए चर्च खोलने की बात कह दी। अब शीलवंती के भतीजों को ही इस जमीन से बेदखल करने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में जब फादर रंजीत से उनका पक्ष और उनकी बातें जानने के लिए उनके दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गयी। लेकिन संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका है।

# हजारीबाग और खूंटी में बनेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र, दोनों जिलों को दिये गये पैसे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन स्कीम (पीएम-अभीम) के तहत हजारीबाग जिले में 19 भवनविहीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण किया जाएगा। 55 लाख 50 हजार रुपए प्रति केंद्र के निर्माण पर खर्च किया जाएगा। 19 केंद्रों के निर्माण कार्य के लिए 10 करोड़ 54 लाख 50 हजार की स्वीकृति दी गई है। इसमें केंद्रांश 6.327 करोड़ और राज्यांश 4.218 करोड़ है, जबकि खूंटी जिले में 14 स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण के लिए 7 करोड़ 77 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसमें केंद्रांश 4.662 करोड़ और राज्यांश 3.108 करोड़ रुपए है। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के केंद्र प्रायोजित योजना से उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने इस बाबत प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को पत्राचार भी किया है।

**केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच हुए एमओयू के अनुसार होगा काम :** स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीच किए गए एमओयू के दिशा-निर्देश के अनुसार काम किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक के द्वारा दोनों ही जिले में निर्माण की राशि उपायुक्त के द्वारा चयनित निर्माण योजना के कार्यकारी एजेंसी को उपलब्ध कराई जाएगी।

**हजारीबाग के इन प्रखंडों में होगा स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण :** बरही प्रखंड में कुल तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। इसमें करियातापुर, केवल और कुन्दावा शामिल है, जबकि बड़कागांव प्रखंड में भी तीन उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इसमें अंबाजीत, गोंदलपुरा और जरजरा शामिल है। वहीं टाटीझरिया प्रखंड के भराजो, दारी प्रखंड के चैनपुर और दादी (एचएससी), चुरचू प्रखंड के चरही (एचएससी), इचाक प्रखंड के बोंगा और दाढ़ा में, कटकमदाग के खपरियवा, लेम और पुंडारी, हजारीबाग के डूमार, जगदीशपुर, मंडाई और मेरु में स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा।

**खूंटी के इन प्रखंडों में होगा स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण :** खूंटी जिले के अड़की प्रखंड में तीन जगह स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इसमें बोहन्दा, तोरंग और तुबली शामिल है, जबकि कार्रा प्रखंड में भी तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाए जाएंगे। इनमें हुटुब, जरियागढ़ और जोन्हे शामिल है। खूंटी प्रखंड के सीरम और टकरा, मुरहू प्रखंड के सिरका, रनिया प्रखंड के बनाई और कोइनारा में, तोरपा प्रखंड के दोरांग, रोन्हा और तिरला में स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा।

# किसी के इंतजार में पलके बिछाये बैठे रहना प्रेम की निशानी : कुलदीप

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पूरा जगत 24 दिसंबर की रात बड़ा दिन, क्रिसमस या ख्रीस्त जयंती के रुप में मनाता है। उसी पर्व की तैयारी को लेकर हम सभी आगमन काल में प्रवेश कर चुके है। 'आगमन' क्रिसमस के पूर्व लगभग चार सप्ताह तक मसीह के आने की तैयारी में भक्तिपूर्वक और प्रार्थनामय रूप से मनाया जाने वाला समय है। आगमन काल हमारे लिए आध्यात्मिक तैयारी एवं प्रतीक्षा का समय है। येसु के जन्म के लिए स्वयं को तैयार करने का यह सबसे उचित अवसर है। झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने खबर मन्त्र को यह जानकारी देते हुए कहा कि आगमन काल हमें पूर्णरूप से अपनी जिंदगी प्रभु को अर्पित करने के लिए आमंत्रित करता है। आइये इसे एक कहानी के द्वारा समझने का प्रयास करते हैं एक दिव्यांग व्यक्ति था जिसका न हाथ ठीक से था और न ही पैर, गर्मी का समय था उसे बहुत जोर की प्यास लगी थी और पानी के तलास में भटक रहा था ,तभी उसे एक कुआँ दिखाई पड़ा जब वह पानी निकालने का प्रयास कर रहा था उसी क्रम में वह कुआँ में गिर गया और बचाव बचाव की गुहार लगाने लगा कुछ देर के बाद एक व्यकि आवाज सुन कर मदद के लिए आया और बचाव के उद्देश्य से रस्सी फेकता है पर हाथ नही होने के कारण रस्सी नही पकड़ पाया कुछ देर के बाद दूसरा व्यक्ति आया और वह सीढ़ी कुवें में डालता है पर पैर न होने की वजह से ये व व्यर्थ हो गया इसी बीच तीसरा व्यक्ति आया और कुवें में इस ब्यक्ति को देख कर समझ गया कि रस्सी और सीढ़ी उनके काम का नही अगर उसे बचाना है तो कुवें में उतरना होगा और वो छलांग लगा कर उसे बचा लेता है हमारा प्यारा प्रभु भी हमारी कमजोरियों को जनता है इसलिए हमें बचने के लिए व्व खुद इस दुनिया मानव बनकर आये ताकि हमे बचा सके। हम सब मिलकर, जब हम आगमन काल में प्रवेश कर चुके है तो हम आध्यात्मिक रूप से तैयार करें कि जिस मुक्तिदाता की हम प्रतीक्षा कर रहे वह हमारे हृदय में अपना स्थाई निवास बना ले। वह मुक्तिदाता जो आने वाला है, हमें मुक्ति प्रदान करें, साथ ही हम उस उद्धारकर्ता से प्रार्थना करें कि वह हमें अपनी ज्योति से भर दे, जिससे की हम पाप के अन्धकार में ना भटकते रहे।

## पिस्का नगड़ी में मेडिकल लैब का हुआ उद्घाटन

**रांची।** राजधानी रांची के पिस्का नगड़ी में आर्ची मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के मेडिकल लैब का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल का स्वागत अस्पताल के संचालक एवं डॉक्टरों ने पुष्पगुच्छ देकर किया। इस मौके पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने अस्पताल की सराहना करते हुए कहा कि रांची वासियों के लिए यह अस्पताल बहुत कारगर साबित होगा। शहर के जाम को देखते हुए शहर के बाहरी क्षेत्र में ऐसा बेहतर हॉस्पिटल बनना हमसबों के लिए खुशी की बात है। मानव सेवा ही सबसे अच्छा और बड़ा धर्म है। श्री जयसवाल ने कहा कि अस्पताल में सभी सुपर स्पेशिएलिटी चिकित्सा एक ही छत के नीचे होगी। किडनी, हार्ट, कैंसर न्यूरो सर्जरी, स्त्री रोग, न्यू नेटल (शिशु रोग) सहित सभी गंभीर बीमारियों की बहुत ही अच्छे इलाज की सुविधा यहां होगी।

## खबर एक नजर में

### सरकारी स्कूलों में अब 9 जनवरी से अर्द्धवार्षिक परीक्षा

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तिथि में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षा 9 जनवरी से 11 जनवरी तक होगी। पहले यह परीक्षा 22 दिसंबर से होनी थी। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) ने इस बाबत आदेश जारी किया है। आदेश की जानकारी सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दी गई है। बीते 9 दिसंबर को झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने सभी जिला के अधिकारियों के साथ परीक्षा को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की थी। इसमें सभी क्षेत्रीय संयुक?त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने सामूहिक रूप से मांग की थी कि परीक्षा तिथि में बदलाव किया जाए। अर्द्धवार्षिक परीक्षा जनवरी 2023 के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जाए। इससे पहले अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा परीक्षा की तारीख में बदलाव की मांग की गई थी। संघ के प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने यह मांग की थी। उन्होंने कहा था कि क्रिसमस के त्योहार और अंतिम माह होने के कारण अधिकतर शिक्षक अवकाश पर चले जाते हैं। ऐसे में जनवरी के प्रथम सप्ताह या द्वितीय सप्ताह में कक्षा 1 से 7 तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा लेना छात्रों के हित में होगा।

### डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने सीबीएसई ईस्ट जोन शतरंज और ताइक्वांडो में जीता गोल्ड

**रांची।** सेंट अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल वाराणसी में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन शतरंज चैंपियनशिप में अपने असाधारण खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए डीपीएस रांची की अंडर 19- गर्ल्स टीम सुचारिता चक्रवर्ती, सुरभि कुमारी, अदिति ठाकुर और अदिति राज ने स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। डीपीएस रांची की टीम ने 4 बोर्ड पुरस्कार जीते हैं, क्योंकि वे सभी राउंड में नाबाद रहे। अंडर 19 गर्ल्स टीम जनवरी 2023 मे पंजाब मे होने वाली इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए भी क्वालीफाई कर गई है। अंडर 14 गर्ल्स (यती स्वरूपा, निहारिका श्रेष्ठ, आद्या रंजन और अनुषा कुमारी) तथा अंडर 14 बॉयज (कुशाग्र अस्तित्व, ईशान शर्मा, सस्मित यशराज और हृषिक सिन्हा) की टीम ने भी तीसरा स्थान हासिल किया एवं अपने विद्यालय के लिए कांस्य पदक हासिल किया। प्रियाशा त्रिपाठी (कक्षा क) ने सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अंडर 17 आयु वर्ग (44 किलोग्राम वेट केटेगरी) में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। इस चैंपियनशिप का आयोजन सनबीम स्कूल, वाराणसी में किया गया था। प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने छात्रों को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपने विद्यालय का परचम लहराने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

### विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री का रांची में स्वागत

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला के रांची आगमन पर मंगलवार को स्वागत किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री को रांची रेलवे स्टेशन से सेंट्रल लाइब्रेरी मोरहाबादी तक जुलूस के साथ लाया गया। जुलूस में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक से पहुंचे। सेंट्रल लाइब्रेरी पहुंचने के बाद विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को पदाधिकारियों ने फूलमाला के साथ स्वागत किया। इस स्वागत में झारखंड के सभी जिलों से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे। सेंट्रल लाइब्रेरी पहुंचने के बाद सभा की गयी।

### सीसीएल गांधीनगर अस्पताल में हृदय रोग संबंधी नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर 17 को

**रांची।** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में शनिवार 17 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया गया है। इस चिकित्सीय शिविर में प्रख्यात चिकित्सक डॉ. राजीव राठी हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जांच एवं चिकित्सीय सलाह देंगे। इसका लाभ सभी लोग ले सकते हैं। मरीज को अपने साथ पुराने ईलाज की रिपोर्ट हो तो ला सकते हैं।

## प्रांतीय अध्यक्ष दो दिवसीय संगठनात्मिक दौरे पर देवघर रवाना

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सरावगी, प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा, आज दिनांक 13 दिसम्बर से दो दिवसीय संगठनात्मिक दौरे पर देवघर रवाना हुए, जाने के क्रम में जैनामोड़ शाखा, बेरमो शाखा, गिरिडीह शाखा के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठन विस्तार, समाज सुधार, जनसेवा तथा अन्य बातों पर चर्चा करेंगे। उसके बाद देवघर के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं से मिलकर संगठन की मजबूती पर पहल करेंगे। संगठनात्मक दौरा में प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक जैन संथाल परगना प्रमंडलीय उपाध्यक्ष शिवजी सर्राफ गिरिडीह जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन जिला उपाध्यक्ष बेरमो शाखा ओम प्रकाश खेतान विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। देवघर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद प्रसाद डालमिया का अभिनंदन एवं सम्मान के उपरांत प्रांत के कार्यालय मंत्री अनिल अग्रवाल की पुत्री के विवाह में शामिल होंगे।

## पूर्व सांसद महेश पोद्दार व समाजसेवी देवकीनंदन नारसरिया हुए सम्मानित



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन (जेपीएमएस) के अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मारवाड़ी सम्मेलन अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष पूर्व सांसद महेश पोद्दार के आवास पर जाकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही समाज के वरिष्ठ समाजसेवी देवकीनंदन नारसरिया को भी सम्मानित किया। शिष्टमंडल में प्रांतीय महामंत्री रविशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल मारू, प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ, संयुक्त महामंत्री सुभाष पटवारी, कार्यालय प्रभारी मनीष लोधा, आकाश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# वाइबीएन विवि के आर्ट्स एवं ह्यूमिनिटीज के शोधार्थियों ने प्रस्तुत किया अपना रिसर्च पेपर




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कन्फ्रेस के दौरान मंगलवार को स्कूल ऑफ आर्ट्स एवं ह्यूमिनिटीज के सोशियोलॉजी, होम साइंस, इकोनॉमिक्स, जियोग्राफी और साइकोलॉजी के शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि आज का थीम था-ऑफ टॉपिक समाजशास्त्र विभाग के लिए गरीबी, सामाजिक बहिष्कार और झारखंड की जनजातियां, समकालीन प्रासंगिकता के सामाजिक मुद्दे राष्ट्र, संस्कृति और पहचान। गृह विज्ञान विभाग के लिए जंक फूड्स। बच्चों के स्वास्थ्य पर उनके दुष्प्रभाव और उनके नियमन के उपाय, महिलाओं के स्वास्थ्य पर आयरन की कमी और एनीमिया का प्रभाव। अर्थशास्त्र विभाग के लिए महामारी और भारत में लघु उद्योगों पर इसका प्रभाव, भारत में एमएसएमई के माध्यम से चुनौती और आर्थिक विकास।

भूगोल विभाग के लिए भू-राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय संगठन, ग्रामीण-शहरी, सिंचाई और जनसंख्या। मनोविज्ञान विभाग के लिए संज्ञानात्मक मनोविज्ञानः निर्णय लेना और समस्या समाधान, मनोविज्ञान, मनोविश्लेषण और मनोविज्ञानः एक व्याख्या थी। इस राष्ट्रीय कन्फ्रेस में विभूति भूषण मलिक, प्रो. रवीन्द्र कुमार, डॉ. अनुमति कुमारी, डॉ. यू वी किरण, डॉ. प्रकाश चंद्र देवगरिया, डॉ. अनिल नाथ, डॉ. नूपुर बोस, डॉ. सरोज कुमार, डॉ. अरविंद प्रसाद, डॉ अरविन्द प्रसाद ने अपने अनुभवों को साझा किया।

# राजाहुलातु पंचायत के पतराटोली व मधुकम में डालसा का कार्यक्रम

## 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत पर किया फोकस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा नामकोम प्रखंड के राजाहुलातु पंचायत के पतराटोली व मधुकम गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देने के लिए कहा। डालसा, रांची के अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक ने कहा कि

### अधिवक्ता ने दी पीड़ित मुआवजा की जानकारी

विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। पीएलवी लता कुमारीत्र और बेबी सिंह ने लोगों को प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी। तारा मिंज, युधिष्ठिर महतो और मुन्नी देवी ने 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। डालसा सचिव ने प्रखंड व पंचायत में जाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश सभी कार्यरत पीएलवी को दिया है। डालसा सचिव ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में डालसा के पीएलवी ने राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

## राज्य स्तरीय आश्रयगृह अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

# आश्रयगृह का समुचित संचालन सुनिश्चत करें पदाधिकारी : डॉ एके पांडेय

- बैठक में रांची नगर निगम, बुंडू नगर पंचायत, खूंटी नगर पंचायत एवं लोहरदगा नगर पंचायत के निकायों के कार्यप्रगति की समीक्षा
- संबंधित अधिकारियों को नियमित रुप से आश्रयगृह की जांच कर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का सख्त निदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य स्तरीय आश्रयगृह अनुश्रवण समिति की बैठक डॉ एके पांडेय की अध्यक्षता में मगंलवार को रांची नगर निगम के सभागार में हुई। इसमें रांची नगर निगम, बुंडू नगर पंचायत, खूंटी नगर पंचायत एवं लोहरदगा नगर पंचायत के निकायों के कार्यप्रगति की समीक्षा की गयी। इस बैठक में आश्रयगृह से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक में अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रुप से सभी संचालित आश्रयगृह की जांच कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसके अलावा नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निदेशक शैलेश कुमार प्रियदर्शी ने निर्देश दिया कि सभी रैन बसेरों में उपयोगी जरुरतों की सूची विभाग को उपलब्ध करायी जाए। बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार ने सुझाव दिया कि इस सुविधा को ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा जाए ताकि विभाग को आश्रितों की प्रतिदिन की उपलब्धि समय पर मिल सके। रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिदिन रेस्क्यू ऑपरेशन करना सुनिश्चत किया जा रहा है ताकि इस भीषण सर्दी में सड़क के किनारे कोई भी नागरिक रात गुजारने के लिए विवश न हो। साथ ही आश्रयगृह में सूखा राशन और पानी की व्यवस्था की जाए ताकि कोई भी आश्रित भोजन के अभाव में भूखे पेट न सोए। इसके अलावा उन्होंने सर्दी में आश्रयगृह प्रबंधन को सही तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निदेशालय के राज्य मिशन प्रबंधक अंतदेव कुमार, अनिकेत रंजन, सभी संबंधित निकाय के नगर अभियान प्रबंधक शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**ओरमांझी।** एनएच-20 फोरलेन में एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार थाना क्षेत्र के बड़गाई बंडा निवासी बबलू करमाली 25 वर्ष घायल हो गया। बताया गया कि बबलु करमाली प्लसर बाइक में सवार हो अपने घर से ओरमांझी जा रहा था। सरस्वाती षिषु मंदिर ओरमांझी स्थित एक अज्ञात आटो ने बाइक को पीछे से ठोकर मार कर फरार हो गया। जिससे युवक बाइक सहित सड़क में गिर गया। तभी गांव के ही स्कूटी सवार संजय मुंडा व प्रकाश उरांव ओरमांझी बाजार जा रहे थे। सड़क में गिर युवक को पहचाना और उपचार के लिए सीएचसी डुंडे ले गए। युवक के चेहरे व पैर में चोट लगी थी।

## बीसीसीआई अंडर 15 में काजल कुमारी का सलेक्शन

**बुंडू।** सोनेट क्रिकेट क्लब बुंडू के काजल कुमारी की बीसीसीआई अंडर 15 झारखंड स्टेट टीम में सेलेक्शन हुआ हुआ है ।काजल 23 दिसंबर को रांची से ग्वालियर बीसीसीआई मैच खेलने के लिए प्रस्थान करेंगी ।उनके स्टेट टीम में चयन होने पर सोनेट क्रिकेट क्लब के डायरेक्टर जितु कुमार ए क्लब के कोच एहसान अंसारी, विष्णु स्वांसी, राजेश गुप्ता, चंचल भटचार्य, एसपी गौतम, अजात शत्रु, सुब्रोतो घोष, भूमिका कुमारी, सुनीता लोदा एवं सीमा सिंह ने शुभकामनाएं दी।

## सिल्ली में हरे कृष्णा उत्सव आज

**सिल्ली।** इस्कॉन अनुमोदित हरे कृष्ण नामहट्ट संग सिल्ली मुरी के संयुक्त तत्वावधान में बड़ा मुरी स्थित जन जागरण दुर्गा पूजा पंडाल में 14 दिसंबर दिन बुधवार को हरे कृष्ण उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें इस्कॉन नाम हट के अंचल वरिष्ठ परिव्राजकाचार्य अधिकारी सन्यासी श्री श्रीमद् गौरंग प्रेम स्वामी महाराज एवं बांकुड़ा पुरुलिया जिला नाम हट के प्रभारी जिला प्रचारक श्रीवास चरणदास ब्रह्मचारी शामिल होंगे। सिल्ली नामहट्ट संघ के बुद्धदेव कुशवाहा ने इसकी जानकारी हुई देते हुए कहा कि उत्सव में अपराह्न 3 से 8 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में हरिनाम संकीर्तन, शोभायात्रा, तुलसी आरती, गौर आरती, हरि कथा, भागवत सत्संग तथा महाप्रसाद वितरण शामिल हैं।

## हुंडरू फॉल घूमने आये पर्यटक का तीन दिन बाद भी नहीं मिला सुराग



**सिकिदिरी।** रविवार को अपने साथियों के साथ हुंडरू फॉल पिकनिक मनाने आए गोला डीवीसी चौक निवासी केशव गोस्वामी (50 वर्ष) का तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। इस संबंध में केशव के परिजनों ने सिकिदिरी थाने में सोमवार की शाम गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। विगत रविवार को केशव अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने हुंडरू फॉल आया था। पिकनिक मनाने के बाद सभी लोग घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान केशव 10 मिनट में लौटने की बात कह कर वहां से निकल गया। काफी देर के बाद भी वापस नहीं लौटने पर उसके मित्र व पर्यटनकर्मियों ने उसकी खोज कीएलेकिन कोई पता नहीं चल सका। सोमवार को भी काफी खोजबीन करने के बाद भी उनका पता नहीं चल पाया। मंगलवार को सिकिदिरी पुलिस ने हुंडरू फॉल के आसपास के लोगों से पूछताछ की। इधर परिजन किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हैं।

## रोहिणी में ट्रांसफारमर चोरी का प्रयास

**खलारी।** रोहणी परियोजना के बी टाईप में लगे ट्रांसफार्मर को चोंरी करने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया। घटना शनिवार रात्रि की है। रोहणी बी टाईप में लागये गये ट्रांसफॉर्मर को चोंरी करने के नियत से आये अज्ञात चोर असफल रहे। हालांकि चोरों के द्वारा ट्रांसफॉर्मर को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश भरपूर किया गया। चोरों ने लागये गये स्थल से ट्रांसफॉर्मर को गिरा दिया। लेकिन चोर जिस स्थान पर चोंरी करने आये थे उसके कुछ मीटर के दूरी पर सीआईएसएफ का कैप है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**एनएच-20 फोरलेन सड़क ओरमांझी में हुई दुर्घटना**

### हेल्मेट नहीं पहना था, सर कुचल गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एनएच-20 पथ फोरलेन ओरमांझी में एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। वह हेल्मेट नही पहना था, जिसके कारण सर का दाएं हिस्सा कुचल गया था। मंगलवार रात लगभग 7.30 बजे हुई, दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि हीरो पेषन आई-3 नई बाइक जेएच01ईयू-0594 में सवार लगभग 25 वर्षीय युवक ओरमांझी थाना के आगे कलकता पब्लिक स्कूल ओरमांझी के पास जैसे ही पहुंचा। किसी वाहन ने ठोक मार दिया। जिससे वह बाइक से फेका गया। सड़क पर गिर युवक को किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। घटना के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सड़क से उठाया। तबतक युवक की सांसे चल रही थी। जिसे उपचार के लिए रिम्स भेज दुर्घटना ग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया गया। खबर लिखे जाने तक युवक की पहचान नही हो सकी थी। वहीं बाइक के रजिस्ट्रेषन के अधार पर युवक का नाम फुलचंद मुंडा है। तीन अगस्त 2022 को बाइक सेंटर चकला ओरमांझी से बाइक खरिदी गई है। जिससे आषंका जताई जा रही है कि युवक ओरमांझी क्षेत्र का ही रहने वाला है। पुलिस द्वारा युवक के संबंध में पता लगाई जा रही है।

### स्वस्थ्य उपकेंद्र बंद रहा और चिकित्सा प्रभारी को नहीं थी जानकारी

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेंद्र जीदु पंडराटोली के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मंगलवार को बंद रहा और प्रखंड के चिकित्सा प्रभारी डॉ रेनु बाखला का इसकी जानकारी भी नही है। सूचना मिलने पर जागरण संवादाता दोपहर एक बजे के करीब उपकेंद्र पहुंचा। तो गेट में ताला लटका मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि प्रत्येक दिन उपकेंद्र खुलता है। एएनएम ममता कुमारी आती हैं और लोगों को दवा व अन्य स्वास्थ्य सुविधा भी मिलती है, लेकिन आज सुबह से ही उपकेंद्र बंद है। वहीं इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ रेनु बाखला ने पहले बताया टीएसी में डिव्यूटी लगी होगी। दूसरे एएनएम में क्यो नही भेजा गया। तब उन्होने कहा उपकेंद्र क्यो बंद रहा पता लगाते हैं। बिना सूचना डिव्यूटी से गायब मिलने पर एएनएम ममता कुमारी को शॉकोज भी की जाएगी।

# आत्महत्या को विवश हैं किसान: विजय सिंह

### रातू प्रखंड परिसर में जेएनडी का उपवास कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) की ओर से राज्यव्यापी आंदोलन के तहत प्रखंड ईकाई के किसान और मजदूरों ने अपनी जायज मांगों को लेकर उपवास रखा। मुख्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अगुआई प्रकाश उरांव और तेजू भगत ने की। इसमें केंद्रीय संयोजक विजय सिंह खास मेहमान थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीति के कारण खादए बीज व अन्य उर्वरक महंगे हो गये हैं। श्री सिंह ने पंचायत स्तर पर धान क्रय केंद्र खोलने, किसानों को नकद भुगतान की व्यवस्था और बिजली बिल माफ करने की वकालत की। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के साथ अन्याय की सारी हदें पार कर दी है। कृषक आत्म हत्या के लिये मजबूर हो रहे हैं। इसे बर्दास्त नहीं किया जायेगा। श्री सिंह ने क्षेत्र के किसानों से 20 दिसंबर को राजभवन में आहूत धरना-प्रदर्शन में भाग लेने की अपील भी की। आदित्य सिंहए तेजू भगतए दिलेश्वर उरांव व एजाज अंसारी ने भी अपनी बातें रखी।

#### मुख्यमंत्री की आलोचना

केंद्रीय सदस्य प्रकाश उरांव ने राज्य गठन के 22 साल बाद भी स्थानीय नियोजन नीति लागू नहीं होने पर चिंता जतायी। उन्होंने इसे झारखंडियों के साथ धोखा बताते हुये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बेरोजगारीए पलायन और बाल मजदूरी रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# सोनाहातू पश्चिम आजसू कमेटी का सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** आजसू कमिटी सोनाहातू पश्चिमी के सात पंचायत के ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख, सक्रिय दीदी, महिला समिति सदस्य, बुद्धिजीवी, युवा आजसू कार्यकर्ता सम्मेलन रंगाडीह मोड़ मैदान में संपन्न हुआ। सम्मेलन को आजसू पार्टी प्रमुख सह विधायक सुदेश महतो ने सम्बंधित करते हुए कहा कि गूंज महोत्सव को विकास महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा। आज पढ़ाई, दवाई एवं न्याय ये तीनों चीजें आम लोगों से दूर होते जा रही है। इन विषयों पर व्यापक बदलाव के लिए पार्टी ने बृहद कार्ययोजना तैयार किया है। इन्होंने कहा कि गूंज महोत्सव एक सास्कृतिक मंच ही नहीं बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने ओर भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है। इस बार कई लोक कल्याणकारी योजनाओ शुभारंभ किया जाएगा। अध्यक्षता जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा ने किया। इस दौरान विधायक ने बीडीओ सुचित्रा मिंज, पेयजल स्वच्छता विभाग के एई टेलेस्फोर मिंज, चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा से गूंज महोत्सव को लेकर आवश्यक चर्चा किये।

#### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर केन्द्रीय सचिव संजय कुमार महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, श्याम कुमार महतो, सुभद्रा देवी, तरणी सिंह मुंडा, गोपाल सिंह मानकी, सुषेण प्रमाणिक, हलधर महतो, पंसस सुधीर मुंडा, हाड़िया महतो, बिपिन पाल, दिलीप महतो, बिरेन्द्र लोहरा, खेत्रमोहन सिंह मुण्डा, दिलीप कोईरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मारपीट का मामला : अंचल कर्मियों ने सौंपा 24 घंटे का अल्टीमेटम

### हल्का कर्मचारी से कांग्रेस नेता ने की थी मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** झारखंड राज्य राजस्व निरीक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त राहुल सिन्हा से मिलकर उन्हें कांके अंचन हल्का कर्मचारी के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार के आरोपी एनुल हक अंसारी एवं सोमरा उरांव को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार करने की कार्रवाई के संबंध में पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि है अंचल परिसर में जयवीर भगतए राजस्व उप निरीक्षक के साथ कांके थाना के अंतर्गत इचापीढ़ी, पिडीटोला निवासी एनुल हक अंसारी एवं सोमरा उरांव ने मारपीट किया एवं जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज दिया एवं राजस्व पंजी एवं अन्य सरकारी कागजात फाड़ने का प्रयास किया। इस कार्य से सभी राजस्व उप निरीक्षक अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है ।ऐसे में सरकारी कार्य करने में रांची जिला के सभी राजस्व उप निरीक्षक सरकारी कार्य करने में असमर्थ हो रहे हैं।

पत्र में एनुल हक अंसारी एवं सोमरा उरांव को 24 घन्टे के अंदर गिरफ्तार करने मांग की है। साथ ही कहा गया है कि अगर अविलम्ब आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो रांची जिला राजस्व उप निरीक्षक संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

## एक नजर में

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**कांके/पिठोरिया।** कांके क्षेत्र में बढ़ती ठंढ को देखते हुए झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने मंगलवार को चुट्टू गांव 150 गरीब, असहाय जरुरतमंद बुजूर्गों के बीच कंबल वितरण किया। इस अवसर पर चट्टू, पारचुट्टू, रेंडो के बुजूर्ग महिला पुरुषों ने कम्बल पाकर काफी खुश दिखे। जावेद ने कहा कि कांके क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इसे देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के सुदूवर्ती गांवों में शिविर लगाकर कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, शरीफ अंसारी, सदर जबुल अंसारी, दिनानाथ लकड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

### आरती बागची बनीं जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस महासचिव, दी गई बधाई



**कांके।** कांग्रेस पार्टी के जुझारू महिला नेता आरती बागची को रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव बनाए जाने पर कांके में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर और खुशी का इजहार कर बधाई दी। बताते चले कि चाणक्यपुरी कमडे निवासी आरती बागची पूरे कांके विधानसभा क्षेत्र में काफी लोकप्रिय महिला नेता हैं। ज्ससे संबंधित पत्र रांची जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मेरी तिर्की ने जारी कर आरती बागची को दी। इनके महासचिव बनाए जाने पर कांके क्षेत्र के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन कुमार महतो गुलजार अहमद महेश कुमार मनीष रीता चौधरी चंदन बैठा मनीष कुमार महतो विनोद साहू सीताराम मुंडा अशोक गोप लालचंद सोनी गौरी शंकर महतो पंकज कुमार अशोक महतो अर्जुन मुंडा राजू दुबे अरविंद सांगा प्रमोद कुजुर महताब आलम ने बधाई दी है।

### सिल्ली कॉलेज के सात वुशू खिलाड़ियों का चयन



**सिल्ली।** रांची विश्वविद्यालय द्वारा बिरसा मुंडा स्टेडियम मोराबादी में मंगलवार को आयोजित इंटर कॉलेज वूशु चयन प्रतियोगिता सिल्ली कॉलेज 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें दीपक कुमार महतो, शशिकांत महतो, अविनाश कोइरी, भुनेश्वर शर्मा, सोनाली कुमारी, वर्षा रानी एवं सविता कुमारी शामिल है। सभी सफल खिलाड़ी रांची विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 7 से 11 फरवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी वुशू प्रतियोगिता में भाग लेंगे। रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव सह सिल्ली कॉलेज के सचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो, खेल प्रभारी प्रभा मेहता, कोच वाहिद अली, त्रिभुवन महतो, अनंत कुमार महतो, भवानंद चैधरी, नकुल चंद्र महतो, श्यामल दे, सनत महतो एवं कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### ग्राम प्रधानों की बैठक में सरकार से किये कई मांग



**अनगड़ा।** प्रखंड क्षेत्र अर्न्तगत पचायत सचिवालय अनगड़ा में सोमवार को सभी राजस्व गांव के ग्राम प्रधानों की बैठक ग्राम प्रधान लोकनाथ पाहन की अध्यक्षता में हुई । बैठक में सरकार से मांग की कि पंचायत के सभी राजस्व ग्रामों में जमीन खरीद बिक्री पर बंशावली का सत्यापन ग्राम प्रधान से अनिवार्य हो विकास योजनाओं के शिलापठ पर ग्राम प्रधान का भी नाम अंकित हो एवं ग्राम प्रधानों का सरकार की ओर से बीमा कराया जाये। ग्राम प्रधानों का जिला स्तर से पहचान पत्र निर्गत किया जाय प्रखण्ड के साल्हन पंचायत अंतर्गत महिला महा विद्यालय को अविलम्ब चालू किया जाए सभी पंचायतो में ग्राम रक्षा दल को गठन किया जाए। मौके पर उमेश कुमार बड़ाईक शिबु मुन्डा किस्टो कुजूर तुलेश्वर पाहन दुती बेदिया सुखराम उरांव भीम सिंह मुंडा सोमरा उरांव शनिचरवा उरांव राजू मुंडा सुरेश करमाली छविनाथ मुंडा अनिल भोगता हरिचरण उरांव तेजुवा बेदिया श्रीपद मुण्डा धर्मनाथ बेदिया बाबूलाल बड़ाईक बाबूलाल मुंडा धर्मनाथ पाहन मोहन मुंडा रमेश मुन्डा लालचंद मुंडा समेत सभी ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# पेपर पत्तल प्लांट खुलने से महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** बहेरा पंचायत अंतर्गत सरैया में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने सहित महिला सशक्तिकरण को लेकर सत पहाड़ी आजीविका सखी मंडल महिला समुह एवं आजीविका महिला ग्राम संगठन सरैया के द्वारा बहेरा पंचायत अंतर्गत सरैया में कुटीर उद्योग की स्थापना कर पेपर पत्तल प्लांट का स्थापना मंगलवार को किया गया ए इस संबंध में सतपहाड़ी आजीविका महिला समूह के कार्यकर्ता संध्या टाना भगत बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत सीआईएफ के द्वारा आजीविका महिला ग्राम संगठन को सरकारी अनुदान स्वरूप एक लाख की राशि पत्तल प्लांट की स्थापना को लेकर मुहैया कराया गया जबकि इस प्लांट की स्थापना में 2०50 लाख महिलाओं द्वारा एकत्रित किए गए समूह की राशि से इस प्लांट की स्थापना की गई । इस पत्तल प्लांट में समूह की महिलाओं द्वारा मंगलवार को टेस्ट ड्राइव प्लांट का किया गया।

# अमन कुमार अध्यक्ष और राजकिशोर बने सचिव

### झामुमो की उत्तरी पंचायत कमेटी का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झामुमो प्रखंड समिति की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में हुयी। इसमें उत्तरी पंचायत कमेटी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से अमन कुमार साहू अध्यक्ष, राजकिशोर गुप्ता सचिव, मुकेश बैठा व अंकुश कुमार को उपाध्यक्ष, लक्ष्मण मुंडा कोषाध्यक्ष, राहुल कुमार संगठन सचिव तथा अजल मुंडा व अनिल मुंडा को सह सचिव चुना गया। वहीं अशोक साहू, पिंटू साहू, सीखो मुंडा, संजू मुंडा, मनोज मुडा कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये। श्री अंसारी समेत अन्य मोर्चा नेताओं ने पदधारियों का स्वागत किया। मौके पर असलम अंसारी, प्रदीप किस्पोट्टा, अमित कुमार, बबलू मिंज, अजय कुमार साहू, दशरथ मुंडा, अनिल कुमार, अंकुश कुमार, सुमन तिग्गा व दर्जनो पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### कार्यकर्ता करें प्रचार-प्रसार: बेलाल



श्री बेलाल अंसारी ने कहा कि राज्य की यूपीए सरकार ने अपने चार साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय कार्य किया है। इसमें विधान सभा से 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति पास करान पिछड़े, दलित व आदिवासियों को आरक्षण, फूलो-झानो, सोना सोबरन धोती-साड़ी आदि योजनायें प्रमुख हैं। उन्होंने मोर्चा जनों से इसके प्रचार-प्रसार और संगठन को मजबूत बनाने का निर्देश दिया।

# बेड़ो में खुला अखंड भारत एकेडमी कोचिंग सेंटर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बगल में अखंड भारत एकेडमी कोचिंग सेंटर का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के राजीव रंजन अधिकारी ने मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्राए बलराम सिंहए करुणा निधिए आनंद साहूए अनिल उरांव समेत पवन साहू के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटर के माध्यम से बच्चे अपना आइक्यू लेवल बढ़ा रहे हैंए वही कोचिंग संस्थान में पढ़ाने वाले शिक्षक भी अपने छात्रों को उचित शिक्षा प्रदान कर कामयाबी की राह पर ले जाते हैं। इधर अखंड भारत अकेडमी के शिक्षकों में प्रवीण कुमार गुप्ता और रोहित हजाम ने बताया कि इस कोचिंग संस्थान में गणितए विज्ञानए अंग्रेजीए सामाजिक विज्ञान एवं हिंदी विषयों की विशेष तैयारी छात्रों को कराई जाएगी। वही अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यमों से प्रशिक्षण भी छात्रों को दी जाएगी। इसके अलावा मैट्रिक में जैक और सीबीएसई बोर्ड की तैयारी भी कराई जाएगी साथ ही साथ इंग्लिश ग्रामर की तैयारी कराई जाएगी। इस अखंड भारत अकेडमी कोचिंग संस्थान में कक्षा 1 से 10 तक के जैक और सीबीएसई बोर्ड की तैयारी कराई जाएगी। इसके अलावा छात्रों का अखंड भारत अकेडमी कोचिंग संस्थान में 5 दिन का फ्री क्लास कराया जाएगा।

#### पशुपालन योजना अंतर्गत लाभुकों का चयन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में पशुपालन निदेशालय द्वारा संचालित योजना बत्तख चूजाए बकरी पालनए सूअर पालनए देसी लेयर बायलरए कुकुट योजना के तहत लाभुकों के चयन हेतु चयन समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैठक का अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप के द्वारा किया गया। बैठक में बकरा विकास के तहत एसटीध् एससी के 12 लाभुक एवं जनरलध् ओबीसी के 12 लाभुक सुकर विकास के तहत एसटी, एससी एवं बत्तख पालन हेतु लाभुकों का चयन किया गया।

### जनप्रतिनिधि व प्रबृद्धों से सहयोग मिला तो

# खेल और शिक्षा में ओरमांझी बनेगा रोल मॉडल: बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** खेल व शिक्षा में ओरमांझी प्रखंड को रोल मॉडल बनाया जाएगा। इसके लिए प्रखंड के सभी पंचायत में एक-एक लाइब्रेरी व खेल मैदान बनेगा। बीडीओ बिजय सोनी ने इसकी जानकरी देते हुए बताया इसके लिए एक मॉडल प्लान भी तैयार की जा रही है। बीडीओ ने कहा खेलो झारखंड के तहत जिला स्तर के प्रतियोगिता में ओरमांझी प्रखंड के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जबकि बच्चों को गांव में दौड़ने के लिए एक खेल मैदान नही है। प्रखंड क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में काफी प्रतिभा है। उन्हें अवसर व सुविधा मिले तो प्रखंड व राज्य का भी नाम रोषन कर सकते हैं। उन्होंने कहा सभी पंचायत में एक मैदान व एक लाइब्रेरी खोलने के साथ सभी पंचायत में एक क्लब बनाकर खेल सामग्री भी उपलब्ध कराया जाएगा। व्यवस्था मिलने पर ही बच्चे खेल के क्षेत्र में आगे बढ सकते हैं। वहीं कई बच्चे होते हैं जो पढ़ाई में भी तेज है, लेकिन उनके पास किताबे नही है। ऐसे में प्रत्येक पंचायत में लाइब्रेरी खुल जाने से छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए किताबें मिलेगी। वहीं इससे गांव में पढ़ाई का माहौल भी बनेगा। इसके अलावे उन्होने पर्यावरण व स्वच्छता के प्रति भी कार्य करने में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व समाज के प्रबृद्ध लोगों से सहयोग की अपेक्षा की और बीडीओ विजय सोनी ने कहा ओरमांझी को रोल मॉडल बनाने में सभी का सहयोग जरूरी है।

# पांच हजार छऊ नृत्य कलाकारों का रोड शो कार्निवल

### गूंज महोत्सव: उद्घाटन समारोह को यादगार बनाने की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम में आगामी 18 से 20 दिसंबर तक आयोजित गूंज महोत्सव को आकर्षक रूप देने के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उद्घाटन समारोह में 5 हजार छऊ कलाकारों का रोड शो कार्निवाल और स्टेडियम में सामूहिक छऊ नृत्य मुख्य आकर्षक होगा। इसकी तैयारी करते हुए मंगलवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में 200 से अधिक छऊ नृत्य दल के सदस्यों द्वारा सामूहिक नृत्य अभ्यास किया गया। इस मौके पर गूंज परिवार के संरक्षक सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने उपस्थित छऊ कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य एवं अंतरराज्य कलाकारों के बीच की दूरी को समाप्त कर एक प्लेटफार्म में लाने का उद्देश है। जिससे हमारे संस्कृति को बचाया जा सके। छऊ नृत्य झारखंड के सभी लोक नृत्यों में सबसे प्रसिद्ध लोक नृत्य है। यह लोक नृत्य झारखंड के साथ साथ पुरुलिया पश्चिम बंगाल तथा मयूरभंज उड़ीसा में भी प्रसिद्ध है।आप कलाकरो कि विशेषता है कि इस नृत्य में नर्तक अलग अलग मुखौटा लगा कर पौराणिक व ऐतिहासिक कथाओं का मंचन कर लेते है। पूर्व में भी इस गूंज के मंच में छऊ नृत्य में पहचान बना चुके हैं। इस मौके पय कलाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। सभा का संचालन गूंज अध्यक्ष सुनील सिंह ने किया।

#### मौके पर थे मौजूद

इस मौके पर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चैधरी सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, डॉ रमनेश प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य सुशील महतो, पश्चिम बंगाल पुरुलिया कोटशिला जयपुर झालदा सरायकेला इचागढ़ चांडिल से आए हुए छऊ नृत्य कलाकार उपस्थित थे।

## शाबाश पुलिस

सामान्य तौर पर पुलिस पर जांच में निष्क्रयता का आरोप लगता है। लेकिन इंदौर के शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय में रैगिंग के बहुचर्चित मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस ने 24 वर्षीय महिला कांस्टेबल को एमबीबीएस छात्रा के भेष में इस संस्थान में भेजा था। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह एक अज्ञात लोगों द्धारा रैंगिग का मामला था। लेकिन आरोपियों और पीड़ित छात्रों, दोनों के नाम नहीं थे। शिकायत के साथ सोशल मीडिया पर हुई बातचीत के स्क्रीनशॉट भी लगाए गए थे, पर संबंधित लोगों के मोबाइल नंबर छिपा दिए गए थे। पुलिस ने रैगिंग के मामले के खुलासे की चुनौती स्वीकार करते हुए 24 साल की एक महिला पुलिस कांस्टेबल को एमबीबीएस छात्रा के भेष में चिकित्सा महाविद्यालय भेजा, जिसने जासूस की तरह इस कांड की बिखरी कड़ियां जोड़ीं। एक अन्य महिला कांस्टेबल को नर्स के भेष में महाविद्यालय भेजा गया, जबकि दो पुरुष पुलिस कर्मियों को इस संस्थान के भोजनालय के कर्मचारी बनाकर गुप्त जांच कराई गई। एमबीबीएस पाठ्यक्रम के 11 वरिष्ठ छात्रों की आरोपियों के रूप में पहचान की। पुलिस की जांच में सुराग मिले कि रैगिंग के दौरान वरिष्ठ छात्रों द्वारा कनिष्ठ विद्यार्थियों को उनके कपड़ों और बर्ताव को लेकर अलग-अलग फरमान सुनाने के अलावा अश्लील कार्य करने को भी कहा जाता था। रैगिंग के सभी 11 आरोपियों को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के प्रावधानों के तहत नोटिस दिया गया है कि वे जांच में सहयोग करेंगे और आरोप पत्र पेश किए जाने के वक्त अदालत में मौजूद रहेंगे। निश्चित तौर पर यह पुलिस का एक बड़ा सक्रिय स्वरुप है जिससे समाज में पुलिस के क्रियाकलाप को लेकर उम्मीद जगती है और इसे हम वेस्ट पुलिसिंग का उदाहरण मान अनुकरण कर सकते हैं।

## चीन की बेचैनी

उत्तराखंड में भारत व अमेरिका की सेनाओं का साझा सैन्य अभ्यास चला जिससे चीन में खासी बेचैनी देखी जा रही है। इतना ही नहीं, चीन ने अमेरिका को चेताया है कि हम भारत के साथ अपने मुद्दे सुलझा लेंगे, इसमें अमेरिका दखल न दे। चीन की इस बेचैनी की एक वजह हाल में अमेरिकी कांग्रेस के लिये तैयार पेंटागन की नवीनतम रिपोर्ट भी है, जिसमें चीन की रक्षा तैयारियों से उत्पन्न चुनौतियों का जिक्र है। जो भारत-अमेरिका समेत दुनिया की चिंता बढ़ाने वाली हैं। तभी चीनी अधिकारियों ने अपने अमेरिकी समकक्षों को नई दिल्ली के साथ बीजिंग के संबंधों में हस्तक्षेप न करने की चेतावनी दी है। कहा गया है कि चीन भारत के साथ रिश्तों में अमेरिकी दखल को गैर जरूरी मानता है। साथ ही कहा गया है कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं तथा सीमा गतिरोध को दूर करने की चीन इच्छा रखता है। वहीं भारत का मानना है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाये रखे बिना समग्र संबंधों को सामान्य नहीं बनाया जा सकता। दरअसल, वास्तविक नियंत्रण रेखा से सौ किलोमीटर दूर उत्तराखंड में चल रहे भारतीय-अमेरिकी सैन्य अभ्यास को लेकर चीन ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। ऐसी ही प्रतिक्रिया चीन ने तब भी दी थी जब अमेरिकी सेना के पैसिफिक कमांडिंग जनरल ने पूर्वी लद्दाख में स्थित एलएसी पर चीन द्वारा संरचनात्मक निर्माण को खतरनाक बताया था। यहां तक कि चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों पर आग में घी डालने तक का आरोप लगाया था। साथ ही अमेरिका को चेताया था कि बीजिंग और नई दिल्ली बातचीत से अपने मतभेदों को दूर करने की क्षमता और इच्छाशक्ति रखते हैं। यानी अमेरिका को इसमें दखल देने की जरूरत नहीं है। निश्चित रूप से यह चीन की दोहरी रणनीति का ही हिस्सा है।

# कैश का नो टेंशन, डिजीटल करेंसी है ना...






**– योगेश कुमार गोयल**

> ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती, जिनका चलन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है।

**देश** में क्रिप्टो करंसी की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सुरक्षित और आसान डिजिटल करंसी लाने की योजना पर काफी समय से कार्य कर रहा था और अब 01 दिसंबर से आम लोगों के लिए ई-रुपये का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा चुका है। इससे पहले आरबीआई ने 01 नवंबर से डिजिटल करंसी ई-रुपये की शुरूआत सरकारी प्रतिभूतियों के थोक कारोबार के लिए की थी। फिलहाल खुदरा ई-रुपये के परीक्षण में चार बैंकों (आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईडीएफसी बैंक तथा यस बैंक) और चार शहरों (दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू, भुवनेश्वर) को शामिल किया गया है। पहले ही दिन ह्यडिजिटल रुपये से करीब पौने दो करोड़ रुपये मूल्य का लेनदेन हुआ। दरअसल इन चार बैंकों की ओर से कुल 1.71 करोड़ रुपये डिजिटल मुद्रा की मांग की गई थी। मांग के मुताबिक आरबीआई ने इनको डिजिटल रुपया जारी किया। आरबीआई के मुताबिक आने वाले दिनों में बैंकों की बढ़ती जरूरत के हिसाब से जारी की जाने वाली रकम में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। आरबीआई से जारी किया गया डिजिटल रुपया भारत की पहली वर्चुअल करंसी है। इसे सेंट्रल बैंक डिजिटल करंसी (सीबीडीसी) रेग्युलेट करेगा। डिजिटल करंसी डिजिटल फॉर्मेट में है और यह हार्ड कैश की जगह लेगी। डिजिटल करंसी सीबीडीसी के तहत काम करती है और सीबीडीसी को भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है। सीबीडीसी को बराबर मूल्य पर कैश में एक्सचेंज किया जा सकेगा। डिजिटल करंसी को जलाया या डैमेज नहीं किया जा सकता। इसलिए एक बार जारी किए जाने के बाद यह हमेशा रहेगी जबकि करंसी नोट कुछ सालों में खराब हो जाते हैं। डिजिटल करंसी के इस्तेमाल से लोगों को अपनी नकदी की सुरक्षा की चिंता से मुक्ति मिलेगी और जिन लोगों का बैंक में खाता नहीं हैं, वे भी इसके जरिये बैंकिंग प्रणाली में शामिल हो सकेंगे। अभी हमारी जेब में जो करंसी नोट या सिक्के रहते हैं, डिजिटल करंसी में वही डिजिटल रूप में हमारे मोबाइल फोन या वॉलेट में रहेंगे और हमें लेनदेन के लिए बैंक की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम फिलहाल जिस प्रकार नकद में पैसों का लेनदेन करते हैं बिल्कुल उसी प्रकार डिजिटल रुपये से भी कर पाएंगे।

यह भी जान लें कि ई-रुपया किस तरह काम करेगा। ई-रुपया पूरी तरह से कैशलैस और कांटैक्टलैस भुगतान प्रणाली है। इसका इस्तेमाल एक ही बार किया जा सकता है। ई-रुपया वास्तव में टोकन आधारित होगा, जो एक ई-मेल जैसा हो सकता है और पैसे भेजने के लिए पासवर्ड डालना होगा, जो बिना इंटरनेट के कार्य करेगा। ई-रुपये से मोबाइल फोन के जरिये चंद सेकेंडों में ही लेनदेन संभव होगा और इस लेनदेन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से देखा भी जा सकेगा। इसकी सबसे खास बात यही है कि इसके माध्यम से लेनदेन डिजिटल भुगतान प्रणाली की तुलना में ज्यादा रीयल टाइम और कम लागत में होगा और इसमें बैंकों की तरह निपटान की जरूरत भी नहीं होगी। सीबीडीसी में नकद देते ही इंटरबैंक सैटलमेंट की जरूरत नहीं रह जाएगी, जिससे लेनदेन कम लागत में होगा। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि ई-रुपये से देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और ज्यादा मजबूत होगी और इससे देश की भुगतान प्रणाली को पारदर्शी बनाने में भी मदद मिलेगी। देश में डिजिटल करंसी का प्रचलन बढ़ने पर रुपये छापने की लागत बहुत कम हो जाएगी और इससे धन भेजना भी सस्ता होगा। वास्तव में यह क्रिप्टो करंसी से बिल्कुल अलग है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी अन्य वर्चुअल करंसी से अलग कैसे है? डिजिटल करंसी को लेकर आरबीआई स्पष्ट कर चुका है कि यह एक डिजिटल या आभासी मुद्रा है लेकिन इसकी तुलना उन निजी आभासी मुद्राओं अथवा क्रिप्टो करंसी से नहीं की जा सकती, जिनका चलन हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। दरअसल बिट कॉइन या अन्य क्रिप्टो करंसी डीसेंट्रलाइज्ड होती है, जिन पर किसी भी सरकार का कोई नियंत्रण नहीं होता जबकि आरबीआई द्वारा जारी की गई डिजिटल करंसी सेंट्रलाइज्ड है। इसे भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है और इसे आरबीआई ही जारी करेगा। इसलिए यह पूरी तरह सुरक्षित है। इसे आसानी से एक मोबाइल से दूसरे पर भेजा जा सकेगा और इससे हर प्रकार का सामान खरीदा जा सकेगा तथा प्रत्येक सेवाओं के लिए इसका उपयोग किया जा सकेगा। सामान्य शब्दों में कहा जाए तो डिजिटल करंसी का इस्तेमाल हम अपने सामान्य रुपये-पैसे के रूप में कर सकेंगे लेकिन ये रुपये-पैसे डिजिटल फॉर्म में होंगे। यही कारण है कि डिजिटल करंसी में निवेश करना दुनियाभर में प्रचलित अन्य वर्चुअल करंसी के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित माना जा रहा है। डिजिटल करंसी में ब्लॉक चेन टैक्नोलॉजी तथा अन्य तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। ब्लॉक चेन को ह्यडिस्ट्रिब्यूटेड लेजर टैक्नोलॉजी (डीएलटी) के रूप में भी जाना जाता है और इस टैक्नोलॉजी को क्रिप्टो करंसी का बैकबोन भी कहा जाता है। डिजिटल करंसी से भारत की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलने और डिजिटल वित्तीय क्षेत्र में स्थिति मजबूत होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल करंसी देश में डिजिटल इकोनॉमी को नया आयाम प्रदान करेगी। हालांकि आर्थिक विशेषज्ञ फिलहाल डिजिटल करंसी को लेकर कुछ सवाल भी उठा रहे हैं। मसलन, बैंकों में जमा पूंजी को देश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण रीढ़ माना जाता है, ऐसे में यदि डिजिटल करंसी को बैंक खातों से ज्यादा सुरक्षित माना गया तो कहीं इससे बैंकिंग व्यवस्था पर असर न पड़े। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा यूपीआई के जरिये लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए जो व्यवस्था बनाई गई है, उस पर भी डिजिटल करंसी से बड़ा असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सीबीडीसी के चलन से बैंक में जमा के लिए लेनदेन की मांग कम हो जाएगी, जिससे उनकी जमा कम होगी। इसके अलावा यदि बैंक जमा राशि खो देते हैं तो क्रेडिट बनाने की उनकी क्षमता सीमित हो जाएगी क्योंकि केन्द्रीय बैंक निजी क्षेत्र को लोन प्रदान नहीं कर सकते। एक बड़ी चिंता यह भी है कि एक ओर जहां भारत डिजिटलीकरण तथा डिजिटल लेनदेन के मामले में दुनिया में एक प्रमुख देश के रूप में उभरा है, वहीं देश में वित्तीय साक्षरता की स्थिति संतोषजनक नहीं है। डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलने के साथ ही हाल के वर्षों में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़े हैं। चिंताओं को दूर करने के लिए कारगर कदम उठाते हुए देश में वित्तीय साक्षरता के लिए भी पुरजोर तरीके से अभियान चलाना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

### खास बात

## लोकतांत्रिक मूल्य



**कुमार गौरव**

निस्संदेह, दुनिया के हर धर्म का लक्ष्य किसी भी समाज में शांति, सौहार्द और सहिष्णुता को संबल देना ही होता है। ऐसे में यदि उसका उपयोग निहित स्वार्थों के लिये होता है, तो किसी भी धर्म के प्रगतिशील व प्रभावी लोगों को इस दिशा में पहल करके समाज में सौहार्द को अक्षुण्ण रखना चाहिए। निस्संदेह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा व देश में शांति स्थापना में धार्मिक गुरुओं की निर्णायक भूमिका हो सकती है। वे दिग्भ्रमित व कट्टर सोच वाले तत्वों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का काम कर सकते हैं। दुनिया के सबसे बड़े इस्लामिक देश इंडोनेशिया और दूसरी बड़ी मुस्लिम आबादी वाले देश भारत की तरफ से होने वाली इस रचनात्मक पहल के दूरगामी व सार्थक परिणाम सामने आ सकते हैं। बशर्ते सत्ताधीश इस दिशा में ईमानदार पहल करें। साथ ही यह विचार केवल सेमिनारों व संगोष्ठियों तक ही सीमित न रह जाये। इसे व्यावहारिक अमलीजामा पहनाने के लिये बड़े पैमाने पर कार्य किया जाये। सामाजिक संस्थाएं और समाज के बुद्धिजीवी इस दिशा में रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं। भारत जैसा देश जो सीमा पार से लगातार आतंकवाद की चुनौती का सामना करता रहा है, उसका प्रतिकार करने में देश के नागरिक प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें राष्ट्र को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा और सीमापार से रची जा रही साजिशों को नाकाम करना होगा। देश में अमन-चैन हमारी रोजी-रोटी और देश की अर्थव्यवस्था की स्वाभाविक प्रगति के लिये अनिवार्य शर्त है। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि आतंक की पाठशाला बने देशों से आने वाले चरमपंथियों का खतरा अभी टला नहीं है। इनको सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अलग-थलग किया जाना चाहिए। निस्संदेह इसमें इस्लामिक विद्वान और उलेमा महत्वपूर्ण रोल अदा कर सकते हैं। उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिग्भ्रमित युवाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़कर उनकी ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक कार्यों में किया जा सकता है। विडंबना यही है कि युवा ही अक्सर चरमपंथियों के बिछाये जाल में फंस जाते हैं।

## रावण की करतूत

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**मारीच** ने रावण से कहा - मुनि विश्वामित्र इनको लेकर बक्सर आये थे। इन दोनों राम और लक्ष्मण के हाथों में गजब की ताकत है और धनुष बाण चलाने की कल, लाघवता,एवं क्षमता अत्यंत ही बड़ी है। एक बाण में ही इन्होंने ताड़का का बध कर दिया था। सुबाहु लक्ष्मण के सामने पड़ गया था और उकसा वध लक्ष्मण ने किया था। मैं पड़ गया था राम के सामने। पता न उनके मन में क्या आया। बाणका नोक तोड़ दिये थे और बिना नोक का बाण मेरे ऊपर संधान किया था। मैं उस बाण से उड़ गया था।आज तक मैं डर से उधर झांका भी नहीं और आप कहते हैं कि मैं उधर जाऊं। मैं आपसे कहता हूं कि आप यह विचार छोड़ दीजिए। जो कुछ हुआ लेकिन आप उनकी पत्नी का हरण करने का विचार न बनाइये। रावण ने कहा - मैं जो सोच लेता हूं वह करता हूं। मैंने अगर योजना बना ली है तो मैं करूंगा। तुम साथ देते हो या नहीं देते हो बताओ। अगर साथ नहीं देते हो तो अभी तलवार से मौत की घाट उतार दूंगा। मारीच ने सोचा कि अगर मरना ही है तो क्यों इसके तलवार से मरें क्यों न राम के बाण से मरें? ऐसा सोचकर वह रावण के साथ हो गया। ज्योंही मारीच राम और सीता के पंचवटी में स्थित झोपड़ी के सामने आया। वह सुनहरे चमड़ों वाला मृग बन गया और सीता के सामने घूमने लगा। सीता अचंभित हो रही थी। वे राम की ओर देखी। राम समझ गये कि यह रावण की ही करतूत होगी। ये लोग पहले से तैयार थे नाटक करने के लिये। सीता बोली ये सुनहले चमड़ों वाला मृग है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

### कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध और खाद्यान्न का रिश्ता...



### लेटर टू एडिटर

#### मूल्यों में गिरावट

**भौतिकतावाद** और पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव चिंता का विषय बन गया है। धन-सम्पत्ति और बड़ी-बड़ी गाड़ियों के स्वप्न संजोये युवा अपनी संस्कृति और सभ्यता को भूल रहे हैं। रिश्ते मात्र स्वार्थपूर्ति के हो चुके हैं। यह सब मानवीय मूल्यों के पतन का कारण बन गया है। एकाकी परिवार और उस पर भी इकलौती संतान अधिक लाड-प्यार के कारण कुमार्ग की ओर जा रही है। यह समाज के टूट का कारण है। **– अशोक वर्मा, रांची**

#### जीत के समीकरण

**दिल्ली** नगर निगम के चुनाव में आम आदमी पार्टी को जीत और भाजपा की 15 वर्ष के बाद हार हुई। वहीं गुजरात में भाजपा को ऐतिहासिक जीत और प्रचंड बहुमत के साथ सातवीं बार सत्ता मिली। हिमाचल में कांग्रेस को जीत और भाजपा को हार मिली है। हिमाचल में बीजेपी की रणनीति कामयाब नहीं हो पाई। सपा, आरएलडी और एसपी की तिकड़ी ने मैनपुरी में शानदार जीत दिलाई है।

**– वीरेंद्र कुमार, जमशेदपुर**

### रोचक ट्वीट

आप सभी को यह जानकर बेहद प्रसन्नता होगी कि 18 दिसंबर को गूंज महोत्सव-2022 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल श्री रमेश बैस जी शामिल होंगे।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

दिलीप कुमार जी का 100वाँ जन्मदिन मना सुभाष घई जी ने मुझे कर्मा में डॉक्टर डैंग का रोल देकर शायद एक अच्छे एक्टर से स्टार बना दिया। मैं ताउम्र उनका शुक्रगुजार रहूँगा। उनका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है!

**– अनुपम खेर, अभिनेता**





तमिलनाडु और काशी - देश की दो महान संस्कृतियों के समागम में शामिल हुई। काशीतमिलसंगमम के समन्वयक पद्मश्री चामू शास्त्री जी,प्रो.डी.सी. राय जी अपर निदेशक श्री संजय सारस्वत जी ने आत्मीय स्वागत किया। **– अन्नपूर्णा देवी**

# कहां होंगे लापियर-फिसर जैसे भारत प्रेमी लेखक

### साहित्य

**आर.के. सिन्हा**

**गांधी** फिल्म को पिछली 30 नवंबर को रिलीज हुए चालीस साल हो गए। गांधी फिल्म बनी थी, अमेरिका में बसे महान यहूदी लेखक लुई फिशर द्वारा लिखी गांधी जी की जीवनी से प्रभावित और प्रेरित होकर। उनकी पुस्तक को गांधी जी के सर्वश्रेष्ठ जीवनी ग्रंथों में एक माना जाता है। वैसे तो गांधी जी की सैकड़ों जीवनियां लिखी जा चुकी हैं। गांधी फिल्म के रिलीज होने के चंदेक दिनों के बाद फ्रीडम एट मिडनाइट, फाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपाल, सिटी आफ जॉय, 'ओ' जेरूसलम' और 'इज पेरिस बर्निंग' जैसी किताबों के रचयिता डोमिनिको लापिएर चल बसे। आप पूछ सकते हैं कि गांधी फिल्म, लुई फिशर और लापिएर का क्या संबंध है? आपका सवाल वाजिब है। लुई फिशर तथा लापिएर जैसे विदेशी लेखकों का भारत प्रेम उन्हें खास बनाता है। वे भारत से हजारों मील दूर रहने पर भी भारत से सम्बंधित श्रेष्ठ रचनाएं लिखते रहे।

फ्रीडम एट मिडनाइट 1975 में प्रकाशित हुई थी। उसे बाजार में आते ही दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया था। उसे लापिएर ने लैरी कौलिंस के साथ मिलकर लिखा था। दोनों लेखकों ने फ्रीडम एट मिडनाइट के जरिए भारत के पाठकों को अनेक रोचक तथ्यों से पहली बार रूबरू करवाया था। उदाहरण के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान जाने से पहले अपना दिल्ली का बंगला उद्योगपति रामकृष्ण डालमिया को ढाई लाख रुपये में बेचा था। डालमिया ने पूरे बंगले को खरीदने के बाद उसे गंगाजल से धुलवाया भी था। यह जानकारी पहली बार दुनिया ने फ्रीडम एट मिडनाइट को पढ़कर जानी थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू साधु-संतों से मिलने में भी परहेज नहीं करते थे। भारत 15 अगस्त, 1947 को आजाद हुआ तब वे 17 यार्क रोड (अब मोतीलाल नेहरू रोड) में रहते थे। पंडित नेहरू 15 अगस्त की तैयारियों में जुटे हुए हैं। फ्रीडम एट मिड नाइट में लैरी कोलिंस तथा डोमिनिको लॉपियर लिखते हैं- देश के स्वंतत्र होने की खुशी को दिल्ली के चप्पे-चप्पे में महसूस किया जा सकता था। सड़कों पर साधु और संन्यासी भी प्रकट हो गए थे। नई दिल्ली में जगह-जगह पर शहनाई वादक शहनाई बजाने लगे थे। 14 अगस्त, 1947 को नेहरू जी के घर में कुछ साधु पहुंच गए। वे नेहरू जी से मिले। उन्होंने उन पर पवित्र गंगा जल छिड़का, माथे पर भभूत लगाई और हाथ में मौली बांधी। धार्मिक आडंबरों से दूर रहने वाले वाले नेहरू जी ने यह सब कुछ बड़े प्रेम से करवाया। नेहरू जी इसी यार्क रोड के अपने बंगले से 14-15 अगस्त, 1947 की रात काउंसिल हाउस (अब संसद भवन) में हुए गरिमामय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गए थे। उन्हें यह बंगला तब मिला था जब वे 1946 में अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री बने थे। वे तीन मूर्ति में तो सितंबर, 1947 में शिफ्ट हुए थे। इस तरह के तमाम तथ्यों को लिखकर लापिएर अपने पाठकों को अपना प्रशंसक बना लेते थे। यह तथ्य भी दुनिया ने इनकी किताब से ही जाना कि अगर भारत के अंतिम वायसराय लार्ड माउंटबैटन को पता चल गया होता कि कैंसर ग्रस्त जिन्ना सिर्फ कुछ महीनों के ही मेहमान हैं, तो वे बंटवारे की बजाय जिन्ना की मौत का इंतजार करते। हालांकि, यह बातें सिर्फ जिन्ना के हिंदू डॉक्टर को पता थी, जिसने अपने मरीज के साथ विश्वासघात नहीं किया। लापिएर ने भोपाल गैस त्रासदी की कहानी को बेहद मार्मिक अंदाज में फाइव पास्ट मिडनाइट इन भोपाल से पेश किया था। वास्तव में विश्व की भीषणतम औद्योगिक दुर्घटना या विभीषिका पर यह कालजयी किताब है। इसे उन्होंने अपने साथी जोवियर मोरो के साथ मिलकर लिखा था। उन्होंने भोपाल विभीषिका पर लिखी गई पुस्तक की सारी रायल्टी' गैस पीड़ितों को दे दी।

# अब नेपाल की नयी सरकार से उम्मीद

### समाज

**डॉ वेदप्रताप वैदिक**

**नेपाल** में हुए आम चुनाव में जिन सत्तारूढ़ पार्टियां ने पहले से गठबंधन सरकार बनाई हुई थी, वे फिर से जीत गई हैं। उन्हें 165 में से 90 सीटें मिल गई हैं। अब नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा फिर प्रधानमंत्री बन जाएंगे। हालांकि उनकी पार्टी को 57 सीटें मिली हैं और प्रंचड की कम्युनिस्ट पार्टी को सिर्फ 18 सीटें मिली हैं लेकिन जहां तक वोटों का सवाल है, प्रचंड की पार्टी को 27,91,734 वोट मिले हैं जबकि नेपाली कांग्रेस को सिर्फ 26,66,262 वोट ही मिल पाये।

इसका अर्थ क्या हुआ? अब कम्युनिस्ट पार्टी का असर ज्यादा मजबूत रहेगा। अब देउबा की सरकार में कम्युनिस्ट पार्टी का सिक्का जरा तेज दौड़ेगा। देउबा प्रधानमंत्री तो दुबारा बन जाएंगे लेकिन उन्हें अब उन कम्युनिस्टों की बात पर ज्यादा ध्यान देना होगा, जो कभी नेपाली कांग्रेस के कट्टर विरोधी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी बगावत के दौरान नेपाली कांग्रेस के कई कार्यकताओं की निर्मम हत्या भी की थी और उनके पार्टी घोषणा-पत्रों में भारत के विरुद्ध विष-वमन में भी कोई कमी नहीं रखी जाती थी।

यह हमारे दक्षिण एशिया की राजनीतिक मजबूरी है कि सत्ता में आने के लिए घनघोर विरोधी भी गल-मिलव्वल करने लगते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. ओली की कम्युनिस्ट पार्टी अपने गठबंधन के भागीदारों के साथ मिलकर देउबा सरकार की नाक में दम बनाए रखने पर आमादा रहे लेकिन यह भी संभव है कि ओली के गठबंधन से टूटकर कुछ पार्टियां और सांसद देउबा का समर्थन करने लगें। उन्हें पता है कि भारत के बिना नेपाल का गुजारा नहीं है और ओली ने भारत-विरोध का झंडा निरंतर उठाए रखा था। उन्होंने मधेशियों और आदिवासियों पर इतने अत्याचार किए थे कि भारत सरकार को उनके विरुद्ध कड़े कदम उठाने पड़े थे।

इसके अलावा सीमांत के लिपुलेख क्षेत्र पर नेपाल का दावा घोषित करके उन्होंने मोदी सरकार से दुश्मनी मोल ले ली थीं। इतना ही नहीं, उन दिनों यह माना जाता था कि काठमांडो में चीन की महिला राजदूत ही नेपाली सरकार की असली मार्गदर्शक है।

यह वजह है कि वर्तमान चुनाव में ओली की पार्टी और उनकी गठबंधन की सीटें घट गई हैं। जहां तक देउबा का प्रश्न है, प्रचंड और ओली इन दोनों के मुकाबले वे अधिक अनुभवी और संयत स्वभाव के हैं। इन तीनों नेपाली प्रधानमंत्रियों के साथ मेरा भोजन और खट्टा-मीठा वातार्लाप भी हुआ है। देउबा अभी कुछ माह पहले भारत-यात्रा पर भी आए थे। वे चीन से अपने संबंध खराब किए बिना भारत को प्राथमिकता देते रहेंगे।

भारत भी नेपाली कांग्रेस को जिसके कोइराला आदि नेतागण प्रायः भारतप्रेमी ही रहे हैं, पूरी सहायता करने की कोशिश करेगा। यदि देउबा और प्रचंड में सदभाव बना रहेगा तो यह सरकार अपने पांच साल भी पूरे कर सकती है। नेपाली लोकतंत्र की यह पहचान बन गई है कि वहां सरकारें पलक झपकते ही उलट-पलट जाती हैं। लेकिन यह नेपाली लोकतंत्र की विशेषता भी है कि वहां न तो राजशाही का बोलबाला दुबारा हो पाता है और न ही वहां कभी फौजशाही का झंडा बुलंद होता है।

**(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।)**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# विकास देखकर भाजपा है बेचैन

## हम मान सम्मान और पहचान बनाने की कोशिश में जुटे हैं, विपक्ष नीचा दिखाने में: हेमंत

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जो खतियान की बात करेगा वहीं झारखंड में करेगा राज। उक्त बाते सीएम हेमंत सोरेन ने लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि खतियानी जोहर यात्रा राज्य में षड्यंत्र कर रहे कुछ सक्रिय गिरोह को लेकर हर जिले में की जा रही है जिसके माध्यम से लोगो को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की विकास देखकर बैचन होकर रोज सरकार गिराने की साजिश कर रहा है। जबकि मेरी सरकार योजनाओ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की 1932 का खतियान विधानसभा से पारित किया तो विपक्ष बैचेन हो उठे,कहने लगे हमने भी तो 1932 लाया था, सीएम हेमंत सोरेन ने कहा की आप ने जब ये कानून बनाया तो राज्य जल उठा, न जाने कितने लोगो की खून से ये धरती नहा उठी,जबकि मैं ये कानून लाया तो लोग सड़कों पर रंग गुलाल लगाकर आभार जताते नजर आए। सरकार से सरना धर्म कोड का बिल पासकर केंद्र को भेज दिया,1932 का खतियान लागू किया,27 प्रतिशत ओबीसी को आरक्षण लागू किया,जबकि भाजपा सरकार ने आरक्षण समाप्त करने का काम किया। पूर्ववती सरकार और हम में ये अंतर है।उन्होंने कहा की राज्य में सदियों से गरीब, पिछड़ों और अल्पसंख्यक का मजाक उड़ाया जाता रहा है।जिसका विरोध करते हुए हमारे पूर्वजों ने वर्षो से संघर्ष किया।भारत की आजादी से पहले से झारखंड राज्य में आजादी की लड़ाई भगवान बिरसा के नेतृत्व में हुआ बाद में राज्य के कई लोगो ने इस लड़ाई में कुबार्नी दी,लेकिन आज भी राज्य के लोगो और

### लोहरदगा में जोहर यात्रा

आदिवासियों को देश में उचित मान सम्मान नही मिलता है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित खतियानी जोहर यात्रा में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मान सम्मान और पहचान बनाने की कोशिश करते है वही विपक्ष हमे नीचा दिखाने में जुटा हुआ है। येन केन प्रकरण हम पर चोरी ,भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर बदनाम करने की साजिश की जाती है।उन्होंने लोगो से पूछा क्या जिसका बाप अपना बचपन,जवानी और बुढ़ापा राज्य के लिए संघर्ष करने में लगा दिया ,उसका बेटा भ्रष्टाचार करेगा क्या। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हम गुरुजी के बताए हुए मार्ग से राज्य तो मिल गया लेकिन अधिकार से अभी भी वंचित है।जिसके लिए हम सबों को संघर्ष का रास्ता चुनना होगा।उन्होंने विपक्ष का बिना नाम लिए जमकर निशाना साधा और कहा की ये लोग हिंदू मुस्लिम ,जातिवाद के नाम पर समाज को तोड़ने का काम करते है।

20 साल तक राज्य में राज किया,कभी हाथी उड़ाया, कभी जमीन लुटाया तो कभी विकास योजनाओ का बंदरबाट करके राज्य को लूटने का काम किया* ।उन्होंने कहा की पहले पारा शिक्षक साल में 11 महीने सड़क पर आंदोलन करते थे हमारी सरकार में 11 महीने स्कूल में पढ़ाते है ।उन्होंने कहा की राज्य गठन के बीस साल बाद पहली बार अधिकारी आम लोगो की समस्या सुनने और उनका निपटारा करने पंचायत पहुंचे,हमारी सरकार विशुद्ध रूप से आम लोगो की सरकार है उनके दुख दर्द को जानती है।

उन्होंने कहा कि अगर कोई बीडीओ वृद्धा पेंशन करने में आनाकानी करेगा तो वो जेल जायेगा। उन्होंने कहा की आज लोहरदगा के अधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक में एक महीने के अंदर व्यवस्था में बदलाव लाने की हिदायत दी गई है वरना सभी अधिकारी बदले जाएंगे।उन्होंने कहा की राज्य भर में 9 लाख बच्चियों को सावित्री बाई फुले योजना के तहत जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है क्योंकि जब बच्चियां शिक्षित होंगी तो भविष्य भी बेहतर होगा।उन्होंने लोगो से अपील की की वो मेहनत करते रहे,काम करने की इच्छा शक्ति रखे, समस्याओं का हल मैं खुद करूंगा।उन्होंने कहा की नेतरहाट फायरिंग रेंज को लेकर 20 सालों से लोग आंदोलन कर रहे थे सरकार लोगो की आवाज तक नहीं सुन रही थी। हमारी सरकार ने इस परियोजना को रद्द करने का काम किया।उन्होंने कहा की राज्य हमने बनाया है।और इसे हम ही सवारेंगे।

श्री सोरेन ने राज्य में कुपोषित बच्चों की संख्या में वृद्धि को लेकर चिंता जताते हुए कहा की राज्य के 4045 % बच्चे कुपोषित हो रहे है वही महिलाए और बच्चियां भी खून को कमी से जूझ रहे है जो चिंता की विषय है।इसे लेकर सरकार मुख्यमंत्री पशुधन योजना लाई है जिससे जुड़कर लोग पशु पालन ,मुर्गी पालन,मछली पालन जैसे योजना से जुड़ सकते है*।

उन्होंने अभी भी राज्य में हड़िया दारू की बिक्री होने पर कहा की इसके पीछे भी कोई गिरोह काम कर रहा है जो हमारे भोले भाले आदिवासी लोगो का भला नहीं चाहते ,उन्होंने लोगो से हाड़ी दारू बेचने छोड़कर सरकार की योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया।

**इन्होंने भी किया संबोधित :** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि जन समस्याओं को दूर करना सरकार की पहली प्राथमिकता है।इस सरकार ने आम लोगो को उनके गांव घर में ही शिविर लगाकर समस्याओं को हल करने का कार्य शुरू किया।उन्होंने लोगो से खासकर श्रमिको से श्रम विभाग में निबंधन कराने की बात कही।जिससे सरकार की योजना का लाभ मिल सके। भोक्ता ने कहा की इस सरकार में प्राइवेट नौकरी में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगो को जगह देने का कार्य किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हमेशा राज्य के विकास के लिए सोचते है।वही भाजपा इस सरकार में राज्य के विकास को देखकर बेचैन हो गई है और लोगो को बरगलाने में जुट गई है।जिसने इस राज्य में 20 साल तक शासन किया और लूट मचाया उसे इस सरकार में होते विकास से परेशानी हो रही है।पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार 2019 में बनी ,सरकार बनते के साथ कोरोना महामारी के प्रकोप से उबरने में दो साल से जायदा समय लगा। कोरोना के समय हेमंत सोरेन ने राज्य के मजदूरों को बाहर से लाने के लिए हवाई जहाज लगा दिया जो इस सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। अब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यह सरकार विकास के साथ साथ आम लोगो की समस्या को भी तेजी से दूर करने में जुट गई है।गरीब बच्चो को विदेश में पढ़ाई करने की व्यवस्था ,सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन इस सरकार की आम लोगो के प्रति सनेह को दर्शार्ता है।उन्होंने लोगो को बीजेपी से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा की धर्मांतरण के नाम पर राज्य के लोगो को लड़ने का काम करती है।राज्य के पैसों को लूटने का काम किया।उन्होंने लोगो से सीएम हेमंत सोरेन के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने किया।इस मौके पर सिसई विधायक जिंगा मुंडा,मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, सीएम के सलाहकार अभिषेक कुमार पिंटू,जेएमएम जिला अध्यक्ष मुजामिल अहमद,कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, समीद अंसारी, ऐनल अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।




### मुख्य सचिव ने दोनों जिलों के अफसरों की कार्यशैली पर जताई कड़ी नाराजगी

मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट से जुड़ी योजनाओं की संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर दोनों जिलों के अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का इन योजनाओं पर सबसे ज्यादा जोर है लेकिन इन योजनाओं के क्रियान्वयन में भी आपके द्वारा लापरवाही बढ़ती जा रही है , जो लक्ष्य निर्धारित है, उसके विपरीत उपलब्धियां नगण्य हैं। सिर्फ आंकड़ों में बात करने से काम नहीं चलेगा। हकीकत में लाभुकों को इन योजनाओं से जोड़ने की पहल में शिथिलता बरती जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि 15 दिनों के अंदर फोकस वाली योजनाओं के सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें , वरना कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

**अपराध को नियंत्रित करें वरना कार्रवाई को तैयार रहें : डीजीपी-** मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में डीजीपी नीरज सिन्हा ने लोहरदगा और गुमला जिले में उग्रवाद और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई थाना क्षेत्रों में दुष्कर्म और हत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही है। आपराधिक कांडों के अनुसंधान में विलंब हो रहा है। आपराधिक मामलों का जितना निष्पादन हो रहा है उससे तेज गति से आपराधिक घटनाएं थानों में हो रही हैं। वारंटो और कुर्की जब्ती के मामले में भी शिथिलता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पुलिस की नाकामी को दर्शाता है । उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि अपराध को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाएं, वरना कार्रवाई को तैयार रहें। जिस थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं बढ़ेगी, वहां के पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# लोहरदगा में मुख्यमंत्री का अधिकारियों ने किया स्वागत



लोहरदगा।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार देर रात लगभग 9 बजे लोहरदगा पहुंचे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का लोहरदगा जिला प्रवेश करते ही मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। परिसदन पहुंचने से पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व विधायक बंधु तिर्की सेन्हा,कण्डरा स्थित सरना स्थल पर रुके और सरना स्थल पर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की। सरना स्थल के बगल में आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री द्वारा कण्डरा चौक में कण्डरा-बुटी-चंदवा पथ (13 किमी) पथ का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर बीडीओ अशोक चोपड़ा, सीओ विजय कुमार,जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पूनम उरांव,सेन्हा थाना प्रभारी व ग्रामीण सहित अन्य उपस्थित थे।

# गम्हरिया में सीएम ने लगायी चौपाल

## कहा-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुमला आगमन पर एरोड्रम मैदान में जनसभा के बाद नवाडीह पंचायत के गम्हरिया ग्राम के ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया।

गुमला शहरी क्षेत्र में ही शाम हो जाने के बावजूद मुख्यमंत्री ने इन ग्रामीणों के बीच पहुंचकर न केवल उनके सुख-दुख को जाना बल्कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में लोगों की प्रतिक्रियायें ली। साथ ही लोगों को सरकार द्वारा किए जा रहे संवेदनशील प्रयासों से उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से अवगत भी कराया। अंधेरा हो जाने के बावजूद गांव में चौपाल लगाकर बैठकर मुख्यमंत्री से सीधा संवाद किये। मौके पर मुख्यमंत्री ने लोक संवाद कार्यक्रम में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी



योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने के लिए लोगों को न केवल स्वयं जागरूक होना होगा बल्कि अपने इर्द-गिर्द के कम जागरूक लोगों को भी योजनाओं के बारे में समझाना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में शत प्रतिशत बुजुर्गों, एकल महिलाओं, दिव्यांगों , विधवाओं आदि को पेंशन योजना से अच्छादित करने की नेक मुहिम छेड़ी गयी है। जिसका व्यापक रूप से नागरिकगण भी प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषकों के आर्थिक स्थिति को बेहतर करने हेतु कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

सुखाड़ राहत योजना, ऋण माफी योजना, केसीसी आदि के माध्यम से किसानों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहायता प्रदान की जा रही है। लोक संवाद नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक भूषण तिर्की, विधायक जीगा सुसारण होरो, बंधु तिर्की, सरकार के सचिव विनय चौबे, उपायुक्त श्री सुशांत गौरव, पुलिस अधीक्षक श्री एहतेशाम वकारीब, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन सहित तमाम पदाधिकारी गण मौजूद थे।

**ग्रामीणों ने सुनाये अपने अनुभव, सरकार का किया धन्यवाद**

लोक संवाद के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष घाघरा निवासी शंभू उरांव ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जुड़कर अपने प्रिंटिंग प्रेस व्यवसाय के बारे में बताया। वहीं उसी पंचायत के कुसी बड़ाइक ने दाखिल खारिज की सरल हुई प्रक्रिया पर सरकार का आभार व्यक्त किया। श्री बड़ाईक ने कहा कि इस कार्य के लिए पहले दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे पर अब पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया होने से उन जैसे नागरिक काफी खुश हैं।

# कांग्रेस महासचिव का जोरदार स्वागत

### पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक लेकर जाएंगे: शिव कुमार




खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिव कुमार भगत के घाघरा आगमन पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में घाघरा पुराना पेट्रोल पंप के समीप कांग्रेसियों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस क्रम में कांग्रेसियों ने बुके देकर व माला पहनाकर श्री भगत का स्वागत किया। स्वागत के उपरांत जुलूस की शक्ल में सभी कांग्रेसी चांदनी चौक पहुंचे।

जहां शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा स्थल पर महासचिव शिव कुमार भगत ने माल्यार्पण किया और चांदनी चौक में लोगों को संबोधन किया। इस मौके पर महासचिव शिव कुमार भगत टुनटुन ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के द्वारा मुझे जो महासचिव पद का जिम्मेवारी सौंपा गया है। मैं उसका इमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। यह पद आप लोगों का प्यार सहयोग का नतीजा है। कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक अंतिम पायदान तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करूंगा। लोगों के सुख-दुख में निरंतर सेवा भाव से आगे रहने के लिए प्रयासरत रहूंगा। आप लोग के सहयोग से कांग्रेस पार्टी के विचारों सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय, जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा, विधानसभा उपाध्यक्ष दिलबहार अंसारी, पल्लव कूजुर,अमित साहू, संजेश उरांव, सेराज मंडल, अशोक उरांव, राजू उरांव, नसीम अंसारी सहित कई ग्रामीण महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जोहार यात्रा में राजद जिलाध्यक्ष को मंच पर नहीं मिली जगह

### कार्यक्रम स्थल पर सीएम को गुलदस्ता देकर अभिवादन किया, कहा- पार्टी सुप्रीमो से करेंगे शिकायत

गुमला। राष्ट्रीय जनता दल के गुमला जिलाध्यक्ष रविन्द्र बडाईक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुगु हवाई अड्डा में हुए कार्यक्रम में जगह नहीं मिलने पर कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल को तरजीह नहीं दिया गया। राजद का गुमला जिलाध्यक्ष मैं हूं और कार्यक्रम में राजद का एक पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र साहू को बुला लिया गया।



उन्होंने कहा है कि आखिर प्रोटोकॉल का उलंघन करते हुए किस परिस्थिति में योगेन्द्र साहू राजद का प्रतिनिधित्व किये। इसकी मैं शिकायत राजद के सुप्रिमो के पास करूंगा। उन्होंने गुमला जिले के यूपीए घटक दल के क्रियाकलापों पर भी चिंता जाहिर की है और कहा है कि ऐसा परिस्थिति लाने पर यूपीए घटक दल के जिलाध्यक्षो की घोर लापरवाही है। रविन्द्र ने कहा कि योगेन्द्र साहू बीजेपी का दामन थाम चुके हैं और इन्हें शर्म आनी चाहिए कि वे राजद का प्रतिनिधित्व करने के लिए कार्यक्रम में शरिक हो गये। हालांकि रविन्द्र ने सीएम हेमंत सोरेन के कार्यक्रम पर उन्हें गुलदस्ता देकर अभिवादन किया लेकिन कार्यक्रम स्थल में प्रोटोकॉल का उलंघन कर उन्हें भाग लेने का मौका नहीं मिलने पर ये काफी व्यथित और नाराज भी हैं।

## एक नजर में

### चेंबर के सदस्यों का नवीकरण 25 तक




**गुमला।** चेंबर कार्यालय जसपुर रोड गुमला में अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल की ध्यक्षता में चेंबर सदस्यों की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें नये सत्र हेतु नवीकरण कर रहे सदस्यों को कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों का सहयोग लेकर 25 दिसंबर तक नवीकरण पूर्ण करने का आग्रह किया गया। बैठक में नगर परिषद पदाधिकारी गुमला से मिलकर ट्रेड लाइसेंस का कैंप लगाने हेतु तथा गुमला के व्यवसायियों को नित्य काटे जा रहे फाइंन पर अंकुश लगाने हेतु चर्चा करने पर सहमति बनी। वैसे सदस्य जो चेंबर की छवि सोशल मीडिया में खराब करते हैं उन्हें निष्कासित करने के पूर्व पारित प्रावधान पर ध्यान देने पर सहमति बनी। बैठक में अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल के अलावा सचिव दिलीप कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास मंत्री हनी, हिमांशु केसरी, पी आर ओ ज्योति कुमारी, पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पदम साबू, सरजू प्रसाद साहू, कार्यकारिणी सदस्य अमित गुप्ता, मोहम्मद शब्बू, काजल कुमार, रितेश कुमार, राजेश गुप्ता किताब, मुनीलाल साहू, सुमित अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### श्री हरि कथा में बह रही है अध्याम की गंगा



**गुमला।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में आयोजित पांच दिवसीय श्री हरि कथा में संस्थान की बहनों के द्वारा अध्याम की गंगा प्रवाहित की जा रही है। कार्यक्रम में हरि कथा, राम कथा, श्रीमदभागवत कथा व अध्यात्मिक प्रवचनों को निष्काम भाव से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। प्रति दिन भारी संख्या में लोग प्रवचन सुनने पहुंचे रहे हैं। विशेषकर महिलाओं की संख्या अधिक उमड़ रही है। हरि कथा में जहां भगवान श्री कृष्ण के जन्म और लीलाओं का बखान किया जा रहा है। वहीं राम कथा में भगवान पुरूषोत्तम राम की जीवनी से लोगों को ओतप्रोत किया जा रहा है। मंगलवार को समाजिक कार्यकर्ता रमेश कुमार चीनी भी हरि कथा में शामिल हुए। इस अवसर पर दिव्य जागृति संस्थान के सदस्यों के अलावे भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पूर्व वार्ड पार्षद कृष्णा राम का निधन, शोक



**गुमला।** वार्ड नंबर चार के पूर्व वार्ड पार्षद कृष्णा राम की सोमवार की रात निधन हो गया। उनके निधन से गुमला शहर में शोक की लहर है। कृष्णा राम वार्ड पार्षद के साथ एक समाज सेवी भी थे। उनके कुशल व्यवहार को लोग याद कर रहे हैं। उनके निधन पर कांग्रेस के रमेश कुमार, अकील रहमान, राजेंद्र प्रसाद, अजीत विश्वकर्मा, महेंद्र उरांव, राजेंद्र दास, देवेंद्र उरांव, विश्वनाथ उरांव, राजबेल उरांव, राजू उरांव आदि ने शोक व्यक्त किया है। मंगलवार को कृष्णा राम के पार्थिव शरीर का अंतिम क्रिया पालकोट रोड स्थित श्मशान घाट में किया गया। जिसेमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव का गुम हुआ पर्स

**गुमला।** खतियानी जोहार यात्रा के दौरान कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी का पर्स गुम हो गया। उन्होंने इस संबंध में गुमला थाना में शिकायत दर्ज करायी है। रमेश कुमार ने कहा कि पर्स में 25 हजार रूपये नगद सहित पीसीसी का आई कार्ड, वोट व आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि था। उन्होंने कहा कि पर्स गुम होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ेगी।

### घाघरा में 33 वाहनों से एक लाख वसूला जुर्माना

घाघरा। जिला परिवहन पदाधिकारी गुमला विजय सिंह बिरूवा द्वारा घाघरा थाना के समीप मोटरसाइकिल, टेंपो, ट्रैक्टर,बस, कार, ट्रक, ट्रैलर वाहनों का जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी वाहनों से कागजात से संबंधित त्रुटियों को जांच किया गया। ज्ञात हो की आवश्यक दस्तावेज जैसे हेलमेट, इंसुरेंस , ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, सिटबेल्ट, पोलूशन, नहीं लेकर यात्रा करने तथा वाहन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर जुमार्ना वसूला गया। यह जांच अभियान सुबह 11:17 बजे से दोपहर 01:47 बजे तक चलाया गया । जाँच की इस प्रक्रिया में दंड राशि वाहन से संबंधित आवश्यक कागजात नहीं प्रस्तुत करने पर 33 वाहनों से 1,05,000(एक लाख पांच हजार रुपये) की दंड राशि वसूला गया एवं 03 वाहनों को घाघरा थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।

### नशे में बाइक सवार ने छात्रा को मारा धक्का

**गुमला।** थाना क्षेत्र के चाहा चेटर गांव निवासी 13 वर्षीय प्रतिभा लकड़ा मंगलवार को एसपी आवास के समीप बाईक के धक्के से जख्मी हो गई। वहीं घटना में बाईक चालक कुरूमगढ़ निवासी काठी प्रधान भी जख्मी हो गये। दोनों घालयों को अहातु थाना प्रभारी आकाश पांडेय ने उठाकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार प्रतिभा संत पात्रिक स्कूल में 8 वीं कक्षा की छात्रा है औी स्कूल से छुट्टी होने के बाद वह पालकोट रोड से ट्यूशन पढ़कर घर जा रही थी। इसी दौरान नशे में धूत होरि बाईक चला रहे कोठी प्रधान ने एसपी आवास के पास उसे पीछे से धक्का मार दिया। जिसे घटना में छात्रा व बाईक सवार दोनों जख्मी हो गये।

### नशा त्याकर, शिक्षित बने : लोहरा उरांव



**सिसई।** सिसई प्रखंड के सियांग भाखरा डीपा में आदिवासी पड़हा समाज का बैठक चमरा पहान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न गांव से पड़हा समाज के लोग परमपरागत वेष भूषा में शामिल हुए। इस मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रखंड अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव ने कहा कि हमारे समाज मे कई कुरीतियां हैं। उसको दूर करना है। लोग अपने हक अधिकार को जब तक समझेंगे नही तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। समाज के लोग नशापान का त्याग करें और शिक्षित बने। हमारे पूर्वजो का बनाया हुआ रीति-रिवाज संस्कृति एवं भाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए। बल्कि उसे बचाए रखना जरूरी। यही हमारे आदिवासी-समाज का पहचान है। वहीं बैठक को मंगरा उरांव, मटकु उरांव,सोमा उरांव,उमेश उरांव ने भी संबोधित किया। मौके पर जुब्बी पहान,गजेंद्र उरांव,पथो उरांव,फगु उरांव,रामधनी उरांव,लालो उरांव,बिनोद उरांव,गीता उरांव,सनियारो उरांव विरिया भगत आदि उपस्थित थे।

### जोहार यात्रा सर्कस : अनूपचंद्र अधिकारी

गुमला। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा सर्कस करार दिया है। उन्होंने कहा कि पूरा जिला प्रशासन मुख्यमंत्री के आवागमन में कई दिनों से लगा हुआ था। सरकारी कार्य ठप हो गया था। पोस्टर बैनर-तख़्ती बनाने तक की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को दबाव देकर किया गया था।

जिलाध्यक्ष ने कहा 1932 का खतिहान, सरना कोड, ओबीसी का आरक्षण मुद्दे को केंद्र के हाथों में देकर झारखंडी भावना का खिलवाड़ कर जनता को बेवकूफ बनाने का काम किया जा रहा है । सारा आभार दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दिया जा रहा है। जिन्होंने एकीकृत बिहार में कांग्रेस के हाथों झारखंडी अस्मिता को बेचने का कार्य किया है। जब कि झारखंड अटल बिहारी वाजपेयी जी की देन है।

स्पीड न्यूज

# जादूगोड़ा : हाई टेंशन तार की चपेट में आया जंगली हाथी, मौत

➲ गतीन दिनों से भाटीन पंचायत क्षेत्र में विचरण कर रहा था 7 हाथियों का झुंड

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा व उसके आसपास के क्षेत्र में बीते तीन दिनों से भोजन की तलाश में भटक रहे विशाल हाथी की 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना बीती रात 1 बजे की है। सुबह लोगों की नजर हाथी पर पड़ी जिसके बाद रेंजर विमद कुमार को सूचना दी। रेंजर घटना स्थल पहुंच आगे की कार्रवाई में जुट गये।

बताया जाता है कि हाथियों का झुंड बीते तीन दिनो से जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के भाटीन पंचायत के मेंचुआ, जाहिरा घूटू , भाटीन गांव के समक्ष डेरा जमाए हुए था। कल देर रात्रि जाहिरा घुटु में भ्रमण करते देखा गया, जहां से ग्रामीण फटाखे फोड़ कर भगाने की कोशिश किये। ग्रामीण निजी खर्चे से फटाखे व टायर जलाकर अपनी जान की रक्षा की। अंत में झुंड में शामिल नर मादा भीड़ व पटाखे की गूंज में रास्ते भटक गये व अनजान व धान से लदी खेती होते हुए वापस लौटने में 11 हजार की बिजली तार की चपेट में आने से भरत वाटिका रेस्टोरेंट के समक्ष रात्रि आठ बजे उसकी मौत हो गई। भाजपा नेता हलधर दास ने कहा कि वन विभाग थोड़ी भी सजगता दिखाती तो नर हाथी की जान बचाई जा सकती थी। जबकि विभाग के लोग जानते हुए भी अनजान बने रहे।




हाथी को दफनाने की प्रक्रिया करती वन विभाग की टीम। हाथी के शव की पूजा कर अंतिम विदाई देते बस्तीवासी।

भागने के क्रम में उक्त हादसा हुआ। खेत के बीच से 11 हजार का बिजली तार के नीचे झूलने की वजह वह इसकी चपेट में आ गया। कुल सात की संख्या में हाथी कोवाली थाना क्षेत्र से पलायन कर इस क्षेत्र में बीते तीन दिनो से भ्रमण कर रहे थे। इस तीन दिनों में जादूगोड़ा प्रमंडल के वन विभाग कागजी कार्रवाई में जुटा रहा। अंत में हाथी की मौत हो गई।

**सूंड़ उठाने की वजह हाथी 11 हजार वोल्ट की चपेट में आ गया : प्रशांत राज- जादूगोड़ा।** सूंड़ उठाने की वजह हाथी 11 हजार वोल्ट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। आठ फीट का बिजली पोल पर तय मापदंड के तहत बिजली तार खींची गई है। बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप गलत है। यह बात बिजली विभाग के एसडीओ प्रशांत राज ने कही। उन्होंने कहा कि 8 बजे हाथी के बिजली की चपेट में आने पर मेचुआ गांव का फीडर का फ्यूज उड़ गया था। बाद में मेचुआ गांव

**हाथी को दफनाने को लेकर मंगायी गयी तीन जेसीबी मशीनें :** हाथी की दफनाने को लेकर तीन जेसीबी मांगायी गयी थी। इसके पूर्व ग्रामीणों व क्षेत्र के लोगों ने गणपति बप्पा की विधिवत पूजा अर्चना की। श्रद्धा सुमन अर्पित कर सम्मान के साथ वन विभाग ने अंतिम विदाई दी।

**अपने साथी के खोने पर चिघाड़ने लगा था हाथियों का झुंड :** अपने साथी के खोने पर हाथियों का झुंड खून के आंसू रोते हुए जोर-जोर दहाड़ मार कर रो रहा था, जिसकी आवाज गांव तक पहुंची। ग्रामीण बताते हैं कि हाथी की मौत के बाद उसके साथी मृतक हाथी के शव पर पानी छिड़कने लगातार तीन दिन आते हैं, ताकि अपनी परंपरा को निभा सकें। इस संभावना को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण डरे और सहमे हुए हैं।

**बिजली और वन विभाग की जल्द होगी बैठक : रेंजर-** दोबारा घटना की पुनरावृत्ति न हो जिले की डी एफ ओ ममता प्रियदर्शी की अध्यक्षता में जल्द बिजली व वन विभाग की बैठक होगी। बैठक में घटना की समीक्षा की जायेगी। यह बात जादूगोड़ा वन क्षेत्र रेंजर विमद कुमार ने दी। उन्होंने वन विभाग पर लापरवाही के आरोप को खारिज किया तथा कहा कि सोमवार को वन विभाग के लोग गांव पहुंचे थे। रात्रि 8 बजे मेंचुआ फीडर हाथी के चपेट में आने पर फ्यूज उड़ गया।काफी खोजा लेकिन अंधेरा की वजह से हाथी का सुराग नहीं मिल पाया। सुबह में हाथी की मौत की खबर मिली।

## आजादनगर बारी मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष बने हाजी गुलाम नइम

**जमशेदपुर।** मानगो आजादनगर मेन रोड स्थित बारी मस्जिद कमेटी का पुनर्गठन किया गया। एक बैठक हाजी मुख्तार सफी की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्वसम्मति से हाजी हिदायतुल्लाह खान व हाजी मुख्तार सफी (मिस्टर भाई) संरक्षक बनाये गये। जबकि हाजी गुलाम नईम अध्यक्ष, हाजी अहमद रजा(बाबू) व साजिद खान (जुम्मन) उपाध्यक्ष बने। हाजी कमाल अशरफ वारसी महासचिव, हाजी बलाल नासिर व शब्बर खान सह सचिव, हाजी जफर इकबाल अहमद कोषाध्यक्ष चुने गये।

## जैट के रजिस्ट्रेशन में 25 प्रतिशत बढ़े आवेदक




**जमशेदपुर।** देश के करीब 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए होने वाली जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) आठ जनवरी को होगी। इस बार देश के युवाओं ने कैट से अधिक जैट की परीक्षा में शामिल होने के लिए फॉर्म भरा है। जैट के कन्वेनर विश्व वल्लभ के अनुसार इस बार जैट की परीक्षा में कुल 98,242 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है, जो पिछले साल की तुलना में करीब 25 प्रतिशत अधिक है। इस बार कैट के आवेदन में भी 11 फीसद आवेदकों की संख्या बढ़ी है।

## बिष्टुपुर में निशान यात्रा आज, श्याम कथा 15 से



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर तुलसी भवन में 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय संगीतमय श्री खाटू श्याम जी की कथा (शीश के दानी की अमर कहानी) का भव्य आयोजन शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान करा रही है। बुधवार को संध्या 05 .30 बजे से बिष्टुपुर सत्यनारायण मंदिर से तुलसी भवन तक निशान यात्रा निकलेगी, जिसमें कथा व्यास श्याम रत्न खाटू वाले पप्पू शर्मा भी रहेंगे। जानकारी संस्थापक अध्यक्ष कविता धूत, अध्यक्ष रिंकू अग्रवाल, सचिव पायल सोंथालिया एवं कोषाध्यक्ष पायल गर्ग ने दी है।

## शांतिदूत बन सरयू गुट दे रहे चरित्र प्रमाण पत्र

**जमशेदपुर।** सरयू समर्थको द्वारा लोकप्रिय मंत्री बन्ना गुप्ता को नसीहत देने वालों के खिलाफ सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विधायक सरयू राय द्वारा बार बार स्थानीयता की बात कर लोगो के बीच में गलतफहमिया पालने का कार्य कर रहे हैं। आखिर इसकी वजह क्या है जो हिंदू और हिंदुत्व को मिटा रहे हैं। दूसरी तरफ उनके समर्थक बार-बार आपराधिक चरित्र बोल जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

## शांति समिति के सदस्य मास्टर मदनी का निधन



**जमशेदपुर।** इस्लामिक करियर सर्किल के फाउंडर चेयरमैन मोइद्दीन अहमद मदनी (बच्चों की तालीम के लिए वेलफेयर एडिकेशन का काम करते थे, जिसमें बच्चों के पढ़ने लिखने की सामग्री, ड्रेस और स्कूल की फीस भी खुद देते थे) का कानपुर में इंतकाल हो गया है। वे एक विवाह समारोह में भाग लेने गये थे जहां उनकी तबियत बिगड़ी और उनका इंतकाल हो गया।

## मंत्री बन्ना गलत लोगों को प्रश्रय न दें : रवि-अमित

**जमशेदपुर।** हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि सिंह व हिंदू जनजागरण मंच के अध्यक्ष अमित शर्मा ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि साकची बसंत सिनेमा के सामने स्थित निर्माणाधीन श्री हनुमानजी का मंदिर प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद स्थानीय लोगों से भय का माहौल खत्म हुआ है। साथ ही जनता में एक सकारात्मक संदेश गया है कि मंदिर अब शीघ्र ही स्वच्छ वातावरण में भव्य बनेगा। हिंदू जनमानस की सोच है कि यह मंदिर साकची के ही संभ्रांत लोगों की समिति बनाये।

# अवैध खनिज कारोबार रोकने देर रात सड़क पर उतरीं उपायुक्त विजया जाधव

➲ अवैध परिवहन करते पकड़े गये 22 हाइवा

➲ लगभग 8 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया

➲ अवैध खनिज कारोबार करने वालों में हड़कंप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है ।12 दिसंबर की देर रात उपायुक्त (डिप्टी कमिश्नर) श्रीमती विजया जाधव के नेतृत्व में अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई को लेकर पूरे जिले में जांच अभियान चलाया गया जिसमें 22 हाईवा जब्त किये गये। यह अभियान सुबह 5 बजे तक चला।




एनएच-33 पर हाइवा से खनिज की अवैध ढुलाई की जांच करने पहुंचीं जमशेदपुर की उपायुक्त विजया जाधव व अन्य पदाधिकारी।

उपायुक्त के नेतृत्व में दोनों अनुमंडल में अलग-अलग टीमों ने जांच अभियान चलाया। उपायुक्त के साथ डीटीओ श्री दिनेश रंजन धालभूम अनुमंडल में तथा घाटशिला में एसडीओ श्री सत्यवीर रजक, कार्यापालक दंडाधिकारी श्री जयप्रकाश करमाली, सीओ घाटशिला श्री राजीव कुमार व स्थानीय थाना की टीम पूरी रात सड़क पर डटी रही। जब्त वाहनों में 9 हाईवा में बालू, 7 में गिट्टी तथा 6 में स्लैग व आयरन ओर लदे थे। इस अभियान के दौरान सुबह करीब 4:30 बजे 01 हाईवा साक्ची चौक में पकड़ा गया। जब्त वाहनों में 5 को बिरसानगर थाना, 6 वाहन परसुडीह थाना, 02 वाहन को साक्ची थाना तथा 09 वाहन गालूडीह थाना में रखे गये हैं।

**डीसी ने खुद सड़क पर उतर दिए सख्ती के संकेत :** उपायुक्त ने खुद सड़क पर उतरकर सख्त संदेश दिया कि अवैध खनिज कारोबारियों के विरूद्ध जिला प्रशासन सख्ती के मूड में है तथा किसी भी प्रकार से जिले में अवैध कारोबार से जुड़े लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। उपायुक्त ने अवैध खनिज कारोबारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी तरह से खनिजों का अवैध रूप से परिवहन नहीं करें, यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि दोनों अनुमंडल में जप्त सभी 20 वाहनों पर लगभग 8 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है।

## जनवरी से कॉमर्शियल वाहनों की कीमत बढ़ायेगी टाटा मोटर्स



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मुंबई / जमशेदपुर।** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता टाटा मोटर्स जनवरी 2023 से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2% तक की वृद्धि करेगी। जबकि मूल्य वृद्धि व्यक्तिगत मॉडल और संस्करण के अनुसार अलग-अलग होगी, यह वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। कंपनी बढ़ी हुई लागतों के एक महत्वपूर्ण हिस्से को अवशोषित कर रही है, लेकिन समग्र इनपुट लागतों में तेज वृद्धि ने इस न्यूनतम मूल्य वृद्धि के माध्यम से कुछ अनुपात को पारित करने के लिए मजबूर किया है।

## मानगो दंगे में हाई कोर्ट से बेल रिजेक्ट होने पर भाजपा नेता के घर पुलिस की छापामारी

- विकास के परिवार ने पुलिस पर लगाया दरवाजा तोड़ने और अनाप-शनाब बकने का आरोप, पत्नी ने की डीजीपी से शिकायत
- मानगो दंगे के पुराने मामले में पकड़ने को पुलिस की थी छापेमारी
- भाजपा महानगर अध्यक्ष गूंजन यादव ने छापेमारी का किया विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो दंगे के एक पुराने मामले के आरोपी भाजपा नेता विकास सिंह के आशियाना अंतारा स्थित घर पर उलीडीह पुलिस ने सोमवार की रात 12.40 बजे छापेमारी की,किन्तु भाजपा नेता घर पर नहीं मिले। जमशेदपुर के सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने इस मामले पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि विकास सिंह एक पुराने मामले में वांछित हैं। हाईकोर्ट में बेल रिजेक्ट होने पर वैधानिक प्रक्रिया के तहत पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने गई थी। इस बीच, भाजपा के जमशेदपुर महानगर इकाई ने विकास सिंह के घर पर पुलिस छापेमारी की कड़ी निंदा की है। महानगर अध्यक्ष गूंजन यादव ने कहा कि विकास सिंह एक सामाजिक व राजनैतिक हस्ती हैं उनके घर पर भारी-भरकम पुलिस बल के साथ छापेमारी गलत है। पुलिस को सत्ताधारी मंत्री के इसारे पर काम करने से बचना चाहिए। बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व ही हाईकोर्ट से भाजपा नेता का बेल रिजेक्ट हुआ है। विकास सिंह की पत्नी श्रीमती पूनम सिंह का आरोप है कि उनके आशियाना अंतारा के आवास पर बीती रात 12.40 बजे भारी-भरकम पुलिस फोर्स के साथ छापामारी की गई किंतु मेरे पति पहले ही किसी व्यक्ति की तबियत खराब होने पर उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए निकल चुके थे।



अपने फ्लैट का टूटी शिटकनी दिखाती श्रीमती पूनम सिंह।

## वीआरएस लेने वाले कर्मचारियों के आश्रितों को बहाल करे टिनप्लेट प्रबंधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को डिमना के संपर्क कार्यालय में टिनप्लेट वीआरएस कर्मचारी मंच की अहम बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंच के संरक्षक डॉ पवन पाण्डेय ने कहा कि टिनप्लेट कंपनी में अपने कर्मचारियों के पुत्रों के लिए बहाली निकाली है, मंच उसका स्वागत करती हैं। लेकिन साथ ही साथ मंच का यह कहना है कि जीन कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन और तत्कालीन यूनियन के भरोसा दिलाने पर वीआरएस लिया था कि जब कंपनी बंद होने से बच जायेगी और ठीक से चलने लगेगी और मुनाफे में आ जायेगा तब सबसे पहले अगर कोई मजदूरों के लिए बहाली निकलेगी तो वह सिर्फ और सिर्फ वीआरएस लेने वाले कर्मचारियों के पूत्रों के लिए निकलेगी।



बैठक करते डॉ पवन कुमार पांडेय।

इसलिए कंपनी प्रबंधन को अपने किए गए वादे के मुताबिक सबसे पहले केवल वीआरएस कर्मचारियों के पूत्रों के लिए बहाली निकालनी चाहिए। लेकिन बडे दुख की बात है कि बार बार कई माध्यमों से निवेदन करने के बाद ही वीआरएस कर्मियों के पुत्रों के लिए बहाली नहीं निकाली जा रही है।

## सिविल सर्जन डॉ साहिद पॉल ने 150 टीवी मरीजों को दिया पोषण किट

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोटका में 150 टीबी मरीजों के बीच पोषण सहायता कीट का वितरण किया गया। पोषण कीट वितरण का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल एवं विशिष्ट अतिथि जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धावड़िया व सीएचसी प्रभारी डॉ रजनी महाकुड़ ने किया। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को पौष्टिक भोजन हेतु पोषण सहायता कीट का वितरण किया जा रहा है। इस कार्य में टाटा स्टील फाउंडेशन सहयोग कर रही है। फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराए कीट दो माह नवबंर व दिसंबर के लिए दिया गया। कीट में मसुर दाल, राहड़ दाल व चना दाल डेढ़ डेढ़ किलो, चिनिया बादाम आधा किलो, गुड़ एक किलो तथा सोयाबीन तीन सौ ग्राम उपलब्ध है। सीएस ने कहा कि 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लिए हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है।

# शास्त्रीनगर, कदमा में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा 19 से

- दोमुहानी से सुबह 6 बजे निकलेगी भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन के साथ शुरू होगा महायज्ञ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 19 दिसंबर से 26 दिसंबर तक कदमा के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर-4 स्थित तरुण संघ के प्रांगण में किया जायेगा। महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा 19 दिसंबर को सुबह 6 बजे से शुरु होगी जिसमें 3000 महिला एवं पुरुष भाग लेंगे। कलश यात्रा में शामिल स्त्री-पुरुष सोनारी दोमुहानी से कलश में जल भर कर रामनगर होते हुए तरुण संघ पहुंचेंगे। कथा का समापन 26 दिसंबर को पूर्णाहुति और महाभंडारा के साथ होगी। महाभंडारा 26 को दोपहर 12 बजे से शुरु होकर रात्रि 12 बजे तक चलेगा जिसमें करीब 25000 श्रद्धालु भोग ग्रहण करेंगे।




महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम की जानकारी देते नीरज सिंह, दीपू सिंह और आयोजन समिति के सदस्यगण।

उक्त जानकारी महायज्ञ आयोजन समिति के संयोजक दीपू सिंह और संरक्षक एवं भाजपा व्यवसायी मंच के प्रदेश अध्यक्ष नीरज सिंह ने तरुण संघ परिसर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि भगवान देश एवं समाज की खुशहाली के लिए आर्शीवाद बरसायें। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनाने काशी धाम से पंडित सुनील पांडेय के नेतृत्व में 17 पंडितों की टीम आ रही है।

## एक नजर में

### ठिठुरते जरूरतमंदों के बीच डालसा ने बांटा कंबल



**जमशेदपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जमशेदपुर के सचिव नितीश नीलेश सांगा के निर्देश पर सोमवार को रात्रि में सांकची गोलाचक्कर के समीप सड़क के किनारे पड़े और ठंड से ठिठुर रहे दर्जनों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया। वहीं ठंड से बचाव के लिए गरीब लोग कंबल पाकर खुश दिखे और इस नेक कार्य के लिए डालसा को धन्यवाद भी दिया। कंबल वितरण कार्यक्रम में डालसा टीम में मुख्य रूप से पीएलवी नागेंद्र कुमार, संजय तिवारी, सदानंद महतो एवं डालसा कर्मी मनोज तिवारी मौजूद रहे।

### अरका जैन विवि में मना भारतीय भाषा दिवस



**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के प्रांगण में भारतीय भाषा दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। विवि के निर्देशक अमित श्रीवास्तव, कुलपति डॉ एस एस रजी, रजिस्ट्रार जसवीर सिंह धंजल कैंपस निर्देशक डॉ अंगद तिवारी सभी स्कूल के डीन, शिक्षक एवं शिक्षेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर मनाया गया। इसका उद्देश्य लोगों में अपनी मातृभाषा पर महारत हासिल करने के साथ अन्य भारतीय भाषाओं को सीखने के प्रति उत्साह को बढ़ोना था। मौके पर सभी गणमान्य व्यक्ति ने अपने विचार को रखा तथा छात्रों द्वारा विभिन्न भाषाओं में कविता वाचन भी किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार सिंह एवं सुनीता झा द्वारा किया गया।

### डॉ पारितोष ने मंत्री से मांगी बेहतर स्वास्थ सुविधा



**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर जिला परिषद संख्या 05 में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के उद्देश्य से डॉ परितोष सिंह ने मंत्री को बताया कि घोड़ाबांदा पंचायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिसका निर्माण तीन साल पूर्व हुआ था। मगर अभी तक यहां बिजली का कनेक्शन नहीं हो सका है। डॉक्टर और नर्स मात्र 2 घंटे तक उपलब्ध रहते है। विगत वर्ष सिविल सर्जन ने निरीक्षण किया। अखबार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मणिपाल मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रुप से चलाने का प्रयास कर रहा है। अनुरोध करते हुए डॉ परितोष ने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से 10 पंचायत के 60 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। छोटा गोविंदपुर में 5 पंचायत है जिसकी आबादी करीब 50,000 है। यहां सुविधाओं का घोर अभाव है। मंत्री से डॉ परितोष ने ज्ञापन देकर अटल क्लिनिक शुरू करने को कहा। ताकि यहां के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। मौके पर आमिर सोहेल, प्रशांत चौधरी, बालाजी भगत, विजय कुमार उपस्थित थे। सारी बातों को सुनने के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने जल्द से जल्द स्वास्थ्य केंद्र को शुरू करने और स्वास्थ सुविधाओं को बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### बिजली समस्या को लेकर विधायक ने दक्षिणी छोटा गोविंदपुर का किया दौरा



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विस क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी छोटा गोविंदपुर पंचायत के बजरंग नगर, छोटा गोविंदपुर बस्ती और खकड़ीपाड़ा पंचायत के महतोडीह बस्ती के बिजली की समस्याओं को लेकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मंगलवार को बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर बिजली संबंधित समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुराने तार को बदलकर नए तार लगाने, क्षेत्र में नया ट्रांसफार्मर लगाने और कई जगहों पर बिजली का पोल लगाने और अन्य समस्याओं को अधिकारियों से अवगत कराया और उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश अधिकारियों को विधायक द्वारा दिया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे जिन्होंने अपनी सारी समस्याओं को विधायक से अवगत कराया जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि अब जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। मौके पर विधायक ने बताया कि बिजली व्यावस्था दुरस्त करने के लिए आज इस क्षेत्र का अधिकारियों के साथ दौरा किया है अब जल्द ही यहां की समस्याओं का समाधान होगा। मौके पर साथ में पंचायत के मुखिया आलोक संडिल, घासीराम बारदा, पंकज गोप, रजनी दास, नवमी सिंह, सागर महतो, रणजीत महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### बिरसानगर में पीएम आवास के लिए करें आवेदन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 के तहत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना जी+8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है। जिसमे अबतक कुल 7372 आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, जिसके प्रथम चरण मे 3836 लाभुकों तथा दूसरे चरण में कुल 834 लाभुकों का आवास आवंटन उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर की अद्यक्षता मे किया जा चुका है। वर्तमान में यदि कोई आवेदक अब तक आवास हेतु आवेदन जमा नहीं कर सके है ऐसे लोगो के लिए एक बार फिर से आवेदन करने की अनुमति प्रदान की गई है, इच्छुक आवेदक अगले आदेश तक जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति में अपना आवेदन जमा कर सकते है। आवेदन करने हेतु निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता है: जो लोग 17 जून 2015 के पूर्व से जमशेदपुर अक्षेस के निवासी हो, प्रमाणपत्र में वोटर आईडी कार्ड, बैंक खाता, आय प्रमाणपत्र तीन लाख या तीन लाख से कम, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की प्रति, संबंधित बैंक में 5000 रुपये का भुगतान कर पंजीकरण करा ले। पंजीकरण पुस्तिका मे स्पष्ट उल्लेख करें कि आवेदक बिरसा नगर परियोजना मे आवास लेने को इच्छुक हैं।

## स्पीड न्यूज

### रहमानिया उवि का हिमेश राज्य स्तरीय दौड़ में



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के आर के प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा के 10वीं वर्ग का छात्र हिमेश राम को खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत 100 व 400 मीटर दौड़ में भाग लेने के लिए राज्य स्तर पर आमंत्रित किया गया है। इसे लेकर मंगलवार को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार सहित शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने ससमारोह में ट्रैक शूट और शूज देकर विदा किया। हिमेश ने प्रखंड स्तरीय मुकाबले में 100 व 400 मीटर की दौड़ स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद जिला स्तरीय इसी स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कल से



**मेदिनीनगर।** अध्यात्म का विश्वगुरु व सोने की चिड़िया कहे जाने वाला भारत देश में आज त्रुटिपूर्ण स्वार्थ केंद्रित पूंजीवाद, व जड़केंद्रित साम्यवाद ने गरीब-अमीर के दूरी को तीव्र गति से बढ़ाया है। परिणामस्वरूप बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, शोषण व भय का माहोल चरम सीमा पर है। दूसरी ओर अध्यात्म के नाम पर विभिन्न संप्रदायों ने अंधविश्वास व पाखंड का जाल फैलाया है। जिससे मानव ईश्वर से कोसों दूर हो गया है। ऐसी संधि काल में इस युग के महान दार्शनिक प्रभात रंजन सरकार ने एक ऐसी अध्यात्म व नव मानवतावाद पर आधारित सामाजिक आर्थिक दर्शन प्रउत (प्रगतिशील उपयोगी तत्व) प्रस्तुत किया है, जो समाज को भौतिक समृद्धि, मानसिक रिद्धि एवं आध्यात्मिक सिद्धि देगा। उपरोक्त दर्शन आधार भूमि पर व्यवहारिक रूप में कैसे सफल हो, इसके लिए 15 से 19 दिसंबर तक एक उपयोगिता प्रशिक्षण शिविर लगना है। जानकारी आचार्य प्रियतोष आनंद व जिला के भक्ति प्रधान श्री मधेश्वर जी ने संयुक्त रूप से दी।

### चियांकी में चला वाहन चेकिंग अभियान




**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर यातायात प्रभारी रामजीत सिंह ने सदर थाना क्षेत्र के चियांकी हवाई अड्डा के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों की जांच की गई जिसमें यह पाया गया कि कई दो पहिया चालकों के पास वाहन के कागजात नहीं हैं। वहीं कई दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट व तेज रफ्तार से वाहन चला रहे थे जिन्हें रोककर जांच की और 15 दो पहिया वाहनों का चालान कटा। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा कि वाहन चालक हेलमेट समेत सारे कागजात लेकर चलें। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जायेगी।

### पड़वा के 11 किसानों को मिला पंपसेट



**पड़वा पलामू।** राज्य के भूमि संरक्षण विभाग द्वारा पड़वा प्रखंड के 11 सीमांत किसानों के बीच पंप सेट बांटा। पंप सेट का वितरण प्रमुख गीता मेहता, जिप सदस्य माया कुमारी, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया। प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि किसानों के समृद्धि से ही राज्य व देश में खुशहाली आ सकती है। जिप सदस्य माया कुमारी ने कहा कि पंपसेट मिलने से किसानों को खेती करने में सहुलियत होगी और किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा कि जो किसान संसाधन के अभाव में खेती नहीं कर पा रहे हैं वैसे किसानों के लिए सरकार सभी तरह के संसाधन उपलब्ध कराने का काम कर रही है। उपप्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटु ने कहा कि किसान देश की प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपेंद्र कुमार, एटीएम अमित कुमार, किसान संजय साव, बालकरण महतो, महेंद्र साव, मो इस्लाम अंसारी, श्रीकांत वर्मा, रामाधार महतो, अशोक सिंह, शत्रुघ्न साव थे।

### समस्या समाधान को मिलेगा मुखिया संघ



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मुखिया संघ की बैठक सुआ पंचायत सचिवालय में की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के सदर प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार त्रिपाठी ने की और संचालन मुखिया दुलारी देवी ने किया। बैठक में सभी सदस्यों के द्वारा कई विषयों पर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक की उपस्थिति पंचायत में सुनिश्चित कराने के लिए जनवरी से पंचायत में उपस्थिति पंजी संधारित करने का निर्णय लिया गया। जिसकी सूचना प्रखंड व जिला पदाधिकारी को दिया जायेगा। पंचायत में संचालित योजनाओं की मापी पुस्त भी पंचायत से ही निर्गत किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कौड़िया मुखिया अंजना सिंह, झाबर मुखिया पुत्र सत्यम सिंह, जोड़ पंचायत के मुखिया पति नरेंद्र मेहता, मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, सरजा मुखिया प्रतिनिधि समेत कई मुखिया शामिल थे।

### जेएजीवीजी पांकी में वृद्ध आश्रम गुरुकुल गोपालन सेवा केंद्र खोलेगा




**मेदिनीनगर।** जीवन आधार ग्रामीण विकास संघ के द्वारा पाकी प्रखंड के वेदा गांव गौरीदह में वृद्ध आश्रम, गुरुकुल एवं गोपालन सेवा केंद्र खोला जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए संघ के सचिव वकील सिंह ने होटल निर्वाणा में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने कहा कि संस्था के द्वारा पर्यावरण, शिक्षा के क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान के साथ ही साथ कोरोना के समय कई कार्य किये गये हैं। जिससे आम जनता को इसका सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि गांव के गरीब बच्चे शिक्षा से आज भी वंचित हैं। वैसे बच्चों को गुरुकुल के माध्यम से शिक्षा दी जायेगी। साथ ही गोपालन केंद्र खोलकर ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा। इसके साथ ही वृद्ध आश्रम का निर्माण किया जायेगा। जिसमें गरीब, लाचार, असहाय बुजुर्गों को वृद्ध आश्रम में रख कर सेवा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गांव में आर्थिक तंगहाली के कारण लोग अपने बूढ़े मां बाप की सेवा या स्वास्थ्य सेवा नहीं दे पाते हैं। वैसे स्थिति में जीवन आधार ग्रामीण विकास संघ के द्वारा वृद्धों को सेवा दिया जायेगा। इसका शिलान्यास झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता 20 जनवरी को वेदा गांव शिलान्यास करेंगे।

# सामूहिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय, इसपर जोर दें किसान : आयुक्त

➲ पड़वा के झरी पहुंचे आयुक्त, किसानों के लेमन ग्रास की खेती का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पड़वा पलामू।** प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी ने मंगलवार को पड़वा के झरी गांव का दौरा किया। प्रगतिशील किसानों द्वारा सामुहिक रूप से कर रहे लेमन ग्रास की खेती का निरीक्षण किया। इस बीच उपस्थित किसानों से सामूहिक रूप से खेती करने की सलाह दी। कहा कि सामुहिक खेती से किसानों के आय में बृद्धि होगी और किसान समृद्ध बनेंगे। कहा कि समृद्ध किसान होंगे तो देश समृद्ध और उन्नति करेगा।



फसल देखते आयुक्त जटाशंकर चौधरी व अन्य।

**खास बातें :** भारत कृषि प्रधान देश है ऐसे में पारंपरिक खेती से हटकर कमर्शियल खेती करने की जरूरत है जिससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी हो। पड़वा के इस छोटे इलाके में लेमन ग्रास की खेती किसान के लिए फायदेमंद साबित हो रही हैं। उन्होंने किसान ओमकारनाथ की प्रशंसा की। कहा कि इन्होंने अपने साथी के साथ 5 एकड़ में लेमन ग्रास की खेती व काला धान भी लगाया है। पलामू एक तरफ सुखाड़ का दंश झेल रहा है। वहीं ओंकारनाथ अपने जज्बे के साथ सुखाड़ को मात देने में लगे हुए हैं। प्रगतिशील किसान ने आयुक्त से लेमनग्रास से तेल निकालने के लिए प्लांट लगाने की मांग की। इस दौरान आयुक्त के अलावे बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, कृषि पदाधिकारी उपेंद्र कुमार, सअनि समाल अहमद, कमला प्रसाद, किसान अभिमन्यु मेहता, भीम मेहता, देवलाल मेहता, दुर्गेश पाठक, दिलीप कुमार, कृष्णा कुमार बनपर, अवध बिहारी महतो, सुदर्शन पासवान, मुक्तेश यादव, सुरेश सिंह, शंकर महतो व मन सिंह उपस्थित थे।

# प्रखंड नाजिर, पंचायत सचिव रोजगार सेवक होंगे निलंबित अंचल के प्रधान लिपिक और राजस्व कर्मचारी को शो-कॉज

- आयुक्त ने नावा बाजार प्रखंड और अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण
- उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले 10 कर्मियों की काटी हाजिरी
- पीएम आवास की लंबित राशि को आयुक्त ने सामने कराया भुगतान

खबर मन्त्र संवाददाता

**नावा बाजार पलामू।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने मंगलवार को नावाबाजार प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक ओर जहां उपस्थिति पंजी में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले 10 कर्मियों की हाजिरी काटी। वहीं प्रखंड नाजिर, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को उनके कार्यों के प्रति लापरवाही बरतने को लेकर निलंबित करने का निर्देश दिया। साथ ही अंचल के प्रधान लिपिक एवं राजस्व कर्मचारी से शो-कॉज करने का निर्देश दिया। वहीं प्रखंड कार्यालय की सहायक मंजू देवी के कार्यों की सराहना की। मंजू देवी ने आयुक्त द्वारा मांगे गए 5 निर्गत पत्रों को 10 मिनट के अंदर खोजकर आयुक्त के समक्ष उपस्थापित की। प्रखंड नाजिर सह कैशियर सुशील कुमार सिंह द्वारा दो सहायक रोकड़ बही को उपस्थापित किया गया। एक में मार्च 2022 तक एवं दूसरे में अप्रैल 2022 तक ही प्रखंड विकास पदाधिकारी से हस्ताक्षरित पाया गया। उसके बाद कोई हस्ताक्षर नहीं कराया गया है। आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि यह कैशियर की घोर लापरवाही है।



**खास बातें :** उन्होंने इसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आज ही सहायक रोकड़ बही की जांच करने और हस्ताक्षर करने का सख्त निर्देश दिया। पीएम आवास एवं 15 वीं वित्त के कार्यों एवं कार्य उपरांत भुगतान की धीमी प्रगति पर पंचायत सचिव सरयू यादव को निलंबित करने का निर्देश दिया। वहीं निर्देश के बावजूद मनरेगा के तहत 5 योजनाओं की स्वीकृति नहीं देने को लेकर रबदा के रोजगार सेवक रमाकांत तिवारी, राजहरा के रोजगार सेवक विद्यापति राम एवं तुकबेरा के रोजगार सेवक गोविंदा पांडेय को निलंबित करने का निर्देश दिया है।

# घटिया पथ निर्माण के विरोध में ग्रामीणों संग विधायक का धरना

- सरकार संवेदक से कराये अविलंब गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य : डॉ शशिभूषण
- पांकी विस की जनता नहीं बर्दाश्त करेगी घटिया पथ निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ का निर्माण कर रही संवेदक कंपनी सिलदीलिया कंस्ट्रक्शन द्वारा घटिया निर्माण कराए जाने के विरोध में नीलांबर-पितांबर पुर के इंजीनियरिंग कॉलेज बसौरा के समीप ग्रामीणों ने धरना दिया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि लगातार शिकायत करने के बावजूद संवेदक द्वारा उपरोक्त सड़क का घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कहा कि इतनी खराब गुणवत्ता के साथ पथ निर्माण कार्य हो रहा है कि यह सड़क बनने के साथ ही टूटती भी जा रही है। विधायक ने कहा कि हमारी शिकायत पर कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग ने भी अभियंताओं की रिपोर्ट पर संवेदक को कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने पर लिखित चेतावनी दी थी। इसके बाद भी सीलदिलिया कंस्ट्रक्शन घटिया निर्माण कार्य कराते जा रही है।



गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण का मांग पत्र सौंपते विधायक।

**खास बातें :** डॉ मेहता ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र की लाइफ लाइन है जो पांकी को रांची, हजारीबाग, छत्तीसगढ़ और बिहार से जोड़ती है। ऐसे में इस मुख्यपथ का घटिया निर्माण कार्य किसी भी हाल में बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिकायत पर जांच दल ने भी सड़क की गुणवत्ता की जांच की और निर्माण कार्य में गड़बड़ी पायी। विधायक ने कहा कि सरकार से मांग की गई है कि संवेदक से अविलंब पूरी सड़क का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराये। संवेदक कंपनी सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के सभी कार्यो की सूक्ष्मता से जांच हो और इस कंपनी को काली सूची में डाला जाए। अगर जरूरत पड़ी तो इस सड़क के मामले को लेकर मैं उच्च न्यायालय की शरण मे भी जाऊंगा। मैं पांकी विस क्षेत्र का सिर्फ विधायक ही नहीं बल्कि चौकीदार भी हूं।

# ग्रामीणों के कार्यों में बर्दाश्त नहीं करेंगे काई भी कोताही: कमलेश

➲ विधायक ने किया मोहम्मदगंज प्रखंड में बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन, बैठक कर ली योजनाओं की अद्यतन जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज प्रखंड में 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। कार्यालय उदघाटन के बाद विधायक श्री सिंह प्रखंड सभागार में प्रखंड सह अंचल के प्रतिनिधियों और अधिकारी, कर्मी के साथ बैठक किये। जिसकी अध्यक्षता और संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान ने की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर ओझा और अंचल अधिकारी यशवंत नायक भी उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य को निर्देश दिया कि सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही है, उनका लाभ ग्रामीणों तक पहुंचायें। उन्होंने कहा कि 20 सूत्री के अधिकारी अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, राशन दुकान की निगरानी करे और ग्रामीण जनता का प्रखंड, अंचल, थाना सहित विभिन्न सरकारी कार्यालय में कार्य बिना परेशानी के हो यह सुनिश्चित करे। विधायक श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारी को 20 सूत्री की मासिक बैठक की तिथि निर्धारित करने और जनता को अपने कार्यों के लिए प्रखंड, अंचल का चक्कर लगाना न पड़े, यह सुनिश्चित करे। जनता के कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।



बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन करते विधायक।

**खास बातें :** मौके पर अश्विनी सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष ज्योदीन खान, उपाध्यक्ष अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष हुसैनाबाद, योगेंद्र गुडडू सिंह, नित्यानंद पाठक, उदय कुमार सिंह, रामबालक गुप्ता, नदीम खान, रामबचन बैठा, अशोक सिंह, संजय ठाकुर, पूरन पासवान, हरिहर मेहता, अबुनसर सिद्क्की, बीटीएम आफताब आलम, विश्वनाथ मेहता, नदीम खान, अयोध्या चंद्रवंशी, उपप्रमुख नगीना सिंह, विनय पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# घर तोड़ने के दौरान अधेड़ पर गिरी दीवार, गंभीर

➲ पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग को लेकर पथ जाम

राजेश प्रसाद





**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव में एनएच 98 फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि पर बने मकान को हटाने के दौरान 54 वर्षीय श्रवण विश्वकर्मा पर घर की दीवार गिर गई। इससे वे बुरी तरह घायल हो गए। लोगों ने तत्काल उन्हें सीएचसी लाकर इलाज कराया। जहां उनकी गंभीरावस्था को देखते हुए प्राथमिक चिकित्सा के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उधर, इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर एनएच 98 को जाम कर दिया। मालूम हो कि हरिहरगंज सीओ की उपस्थिति में एनएच 98 फोरलेन निर्माण कर रही शिवालया कंपनी द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बने मकान को जेसीबी से गिराया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रभावित लोग कुछ दिन का मोहलत की भी मांग कर रहे थे। अपने घर को टूटता हुआ देख मोहवश श्रवण विश्वकर्मा घर के नजदीक चले गए। इस दौरान जेसीबी की धक्का से दीवार का पिलर उन पर गिर पड़ा। घायल की पत्नी जीरमनी देवी ने बताया कि वे लोग सिर्फ एक दिन की मोहलत मांग रहे थे। परंतु उनकी एक न सुनी गई और मकान में जेसीबी लगा दिया गया। जिससे यह हादसा हुआ। उधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा की मांग को लेकर लगभग अपराह्न 3 बजे एनएच 98 को जाम कर दिया।

### आश्वासन के बाद समाप्त हुआ जाम

कार्यपालक दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया तथा डीएसपी अजय कुमार ने जामा स्थल पर आकर ढाब कला ग्राम में एनएच 98 फोरलेन निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि पर बने मकान को हटाने के दौरान घायल श्रवण विश्वकर्मा के दोनों पुत्रों को निर्माण कार्य कर रही शिवालया कंपनी में कार्य पर रखने, एसडीओ द्वारा रैयतों की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने, घायल का समुचित इलाज का आश्वासन दिया। तब जाकर करीब 5 घंटे बाद एनएच 98 पर आवागमन बहाल हो सका। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास दल बल के साथ उपस्थित थे।

### नौडीहा डीलर कर रहा अनाज गबन : जयशंकर

मृतक और सरकारी कर्मी के नाम पर हो रहा अनाज उठाव

**मेदिनीनगर।** पाटन पश्चिमी जिप सदस्य जयशंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह ने उपायुक्त को आवेदन देकर पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत के नौडीहा में जन वितरण प्रणाली दुकानदार विनित सिंह पर मरे हुए लोगों व नौकरी करनेवालों का राशन कार्डधारी का राशन ऑफ लाईन से लगातार अनाज का गबन करने की जानकारी दी है। श्री सिंह ने कहा कि डीलर 50 प्रतिशत कार्डधारी का गलत तरीके से अनाज गबन किया जा रहा है। जिसमें मृतक हैं जो सरकारी नौकरी में भी हैं। मृतक और सरकारी नौकरी वाले करीब 10 वर्षों से बाहर रहते हैं। जिनका अनाज उठाव हो रहा है। श्री सिंह ने इन कार्डधारियों का नाम का सूची दिया है। इसमें मृत राशन कार्डधरी में रूपकली देवी, सोहरम भुईयां, फुली खान, बेलाश राम, सीताराम रविदास और सरकारी नौकरी वालों में नंदलाल सिंह, मुरारी प्रसाद सिंह व लक्ष्मण सिंह का नाम शामिल है। इन लोगों के नाम पर अनाज उठाव हो रहा है। उन्होंने डीसी से मामले की जांच कराकर डीलर पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### जमुआ को हरा सबानो क्वार्टर फाइनल में पहुंचा



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल अंर्तगत कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल में जानें के लिए सभी टीमों के बीच दिलचस्प मुकाबले देखने को मिल रही हैं। मंगलवार को भी तीन मैच खेला गया। पहला मैच हैदरनगर बनाम डंडीला था लेकिन डंडीला टीम समय पर सही आ सका जिसके कारण हैदरनगर को वाक ओवर दे दिया गया । दूसरा मैच सबानो बनाम जमुआ में खेला गया जिसमें सबानो ने जमुआ को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। तीसरा मैच बेनी कलां बनाम दरुआ के बीच खेला गया जिसमें दरुआ 3-0 से विजय रही। लेकिन अमही इस ग्रुप से पहले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है। दरुआ और बेनी कलां दोनो टीम प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी है। आज मैच से पूर्व मुख्य अतिथि परता पंचायत के मुखिया कमल कुमार कौशल ने फुटबॉल को किक कर मैच का शुभारंभ किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि पंचायत के खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। विजय हासिल कर अपने एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें। वहीं क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करना है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अपने अच्छे खेल के माध्यम से अपना व गांव का नाम रौशन करने की अपील की। ज्ञात है कि कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के 32 टीम भाग लिया है।

# हरैया खुर्द के युवक की हत्या आक्रोशितों ने किया पथ जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** जिले के नावाजयपुर थाना के हरैया खुर्द गांव के बिनय विश्वकर्मा के पुत्र 28 वर्षीय नीरज विश्वकर्मा की हत्या 12 दिसम्बर की रात्रि में कर दी गई। मृतक के सिर पर गहरा चोट का निशान है। परिवारजनों एवं मृतक के पत्नी काजल देवी के अनुसार 12 दिसम्बर को नावा बाजार थाना अंतर्गत के कंडा फूफा के घर से अपना घर लौटने के क्रम में नीरज की हत्या कर दी गई। मृतक का शव पचकेडिया दरी नदी के समीप मंगलवार को पाया गया। हत्या की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचे स्थानीय लोगो ने मृतक के परिवारजन एवं उसकी पत्नी काजल देवी के साथ मिलकर पाटन - नावाजयपुर हाइवे रोड को चार घंटा से अधिक समय तक जाम रखा। पुलिस इंस्पेक्टर विष्णुदेव पासवान एवं नावाजयपुर थाना प्रभारी संजय रजक सदलबल घटना स्थल पर सुबह में पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर कर हत्या से जुड़ी जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

# पीएम आवास निर्माण के लक्ष्य को हर हाल में करें पूरा, नहीं तो कार्रवाई : बीडीओ

›› गठित दल लाभूक से मिलकर करायें अधूरा आवास पूर्ण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को बीडीओ राज किशोर प्रसाद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई जिसमें मुखिया तथा प्रखंड कर्मियों ने भाग लिया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) मनरेगा, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा 15वें वित्त पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। बैठक में बीडीओ राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पीएम आवास के लक्ष्य के अनुसार निर्माण कार्य हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जिला से प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक सप्ताह 93 आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है जिसके तहत प्रति पंचायत में प्रतिदिन पीएम आवास का लक्ष्य पीएम आवास से जुड़े कर्मियों को दी गई है। बीडीओ श्री प्रसाद ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में 1374 पीएम आवास अपूर्ण है जिसे पूर्ण करने के लिए गठित दल के द्वारा लाभुकों से मिलकर निर्देश दिया जा रहा है।

# वर वधु के साथ 200 बरातियों को पौधा देकर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प

➲ पर्यावरणविद और मुखिया ने पर्यावरण धर्म की दिलायी शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने 200 बारातियों को विदाई के समय गिफ्ट स्वरूप फलदार व औषधि पौधा देकर विदाई किया। वहीं निमंत्रण में वर -बधू को थाईलैंड का बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा देकर उनके सफल वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की । उन्होंने कहा कि सभी लोगों को जीवन के हरेक महत्वपूर्ण मौके पर पौधरोपण कर उसे यादगार बनाना चाहिए। इससे जीवन और पर्यावरण दोनों की रक्षा होती है। उन्होंने गढ़वा जिले के केतार निवासी ललिता देवी व ओमप्रकाश सिंह के पुत्र शांतनु सिंह और जमशेदपुर निवासी सुलोचना देवी व सत्येंद्र सिंह की पुत्री रंजना कुमारी की शादी समारोह में शामिल होकर वर वधु को पौधों के साथ आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद और समृद्ध जीवन की कामना की।



वर वधु और बारातियों को पौधा देते पर्यावरणविद कौशल किशोर और मुखिया पूनम जायसवाल।

**खास बातें :** कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि शुभ कार्यो व खास मौके पर पौधारोपण लोगों को करनी चाहिए। कोरोना के कहर और प्रदूषण की जहर ने सभी लोगों को बता दिया है कि ऑक्सीजन का जीवन में कितना महत्व है। मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा है पर्यावरण असंतुलित हो गया है। प्रकृति को बचाने के लिए पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपने जीवन के दिनचर्या में शामिल करना ही होगा। मौके पर माधुरी देवी, प्रिंसिपल कुमारी ज्योति जायसवाल, धनंजय सिंह, धानिया देवी, अविनाश राय, सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, सुचित कुमार, आनंद कुमार, अजंता देवी, कार्तिक प्रसाद, अवधेश प्रसाद, बृज किशोर प्रसाद, ललन प्रसाद थे।

# दोपहर 1:30 बजे तक मनातू के स्कूल में नहीं बनी थी बच्चों की हाजिरी, शिक्षकों को फटकार

➲ मनातू बीडीओ ने किया डुमरी पंचायत सचिवालय का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के बीडीओ सच्चितानंद महतो द्वारा पंचायत सचिवालय डुमरी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पंचायत भवन में शौचालय नहीं पाया। साथ ही फर्श टूटा फूटा पाया गया। बीडीओ ने स्थानीय ठेकेदार संजय यादव को जल्द से जल्द अधूरे काम को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिदिन पंचायत भवन खोलने का आदेश रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को दिया गया। इसके बाद बीडीओ ने स्कूल का भी औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान लोगों से जानकारी लेते मनातू बीडीओ व अन्य।

उन्होंने पाया कि 1:30 बजे तक बच्चों का हाजिरी नहीं बना था जिस पर शिक्षकों को फटकार लगायी। बीडीओ ने डुमरी पंचायत के विभिन्न गांव के आवास तथा मनरेगा योजना का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान 2 लाभुक बिहारी यादव एवं अर्जुन यादव पंचायत डुमरी का आवास रद्द किया गया। मौके पर कनीय अभियंता पवन गंगा, आवास को-ऑर्डिनेटर रजनीकांत कुमार, पंचायत सचिव बबन मांझी, रोजगार सेवक नारद यादव, बीएफटी ईश्वरी सिंह आदि लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## एसबेस्टस तोड़ कर सामान सहित नगदी की चोरी

**बेरमो।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह दक्षिणी पंचायत 16नंबर स्थित विनोद भूईया के दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा बीते देर रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान दुकानदार विनोद भूईयां ने बताया कि दुकान में रात्रि को शिट तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा समान व नगदी लगभग 30 से 40हजार रूपयों की चोरी की गई है। कहा कि आज की सुबह दुकान खोलने पर घटना का पता चला वहीं घटना के संबंध में स्थानीय बोकारो थर्मल थाना पुलिस प्रशासन को लिखित आवेदन देकर सुचित कि गई है। बताता चलू कि इन दिनों बेरमो कोयलांचल के लगभग थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं में एजाफा देखने व सुनने को मिल रहा है। वही स्थानीय पुलिसए प्रशासन के लिए यह दर्दे सर बन गया है।

## रेलकर्मियों को मेदांता के साथ मेडिका से भी ईलाज की सुविधा मिली

**धनबाद।** रेलकर्मियों और उनके आश्रितों के गंभीर बीमारियों और आकस्मिक ईलाज के लिए रांची स्थित स्पेशलिटी अस्पताल के साथ अनुबंध करने की मांग ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा लगातार की जाती रही है। इसके अतिरिक्त इस मांग पर निरंतर विभिन्न फोरमों पर पहल करते रहने का परिणाम सामने आया है। धनबाद मंडल रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न सर्वेक्षण के उपरांत भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के साथ रेल कर्मचारियों के ईलाज के लिए अनुबंध कर लिया गया है. ज्ञात हो कि मेदांता अस्पताल रांची के साथ पहले से ही अनुबंध है और अब मेडिका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के साथ भी रेलवे का अनुबंध हो जाने से चिकित्सा सुविधाओं का एक और विशेष विकल्प उपलब्ध हो गया है। अब रेलकर्मी इन दोनों विशेषज्ञ अस्पतालों द्वारा अपना ईलाज करा सकते हैं. पहले चरण में यह अनुबंध अगले दो वर्षों अर्थात नवंबर 2024 तक के लिए स्वीकृत की गई है।

## नावाडीह में लगा चिकित्सा शिविर

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल ढोरी के सौजन्य से एनसीआरएपी के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन नावाडीह प्रखंड के बिरनी पंचायत भवन में किया गया। शिविर में 165 लोगों को डां डॉक्टर नीतीश कुमार इलाज कर दवा दिया। डॉण नीतिश कुमार ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि इस मौसम में हमेशा गर्म पानी का सेवन करें। ठंड से बचने की हमेशा प्रयास करें। शिविर को संचालन करने में चीफ फार्मासिस्ट आर के प्रतापए फार्मासिस्ट चंद्रकांत प्रसादए आया सावित्री देवीए वार्ड बॉय गणेश तुरीए हेल्पर मोहम्मद अफरोज आलम का सराहनीय योगदान रहा।

## बोकारो खादी भवन अब बना जोहार इम्पोरियम

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर .4 स्थित खादी भवन का बोकारो केन्द्र झारखंड राज्य खादी बोर्ड अब जोहार इम्पोरियम का नया स्वरूप रूप ले चुका है। नवीनीकरण के उपरांत इस जोहार इम्पोरियम का उद्घाटन झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्डए रांची के मुख्य मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राखाल चन्द्र बेसरा ;झाप्रसेद्ध ने किया। आधुनिक सुविधाओंए बेहतर साज .सज्जा और संसाधनों से युक्त नवीनीकृत जोहार इम्पोरियम के शुभारंभ पर श्री बेसरा ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अपनी बधाई व शुभकामनाएं देते हुए खादी कपड़ों की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खादी भारत की एक अनूठी पहचान और गरिमा है। खादी कपड़े न सिर्फ आरामदायक हैंए बल्कि सच्चे हिंदुस्तानी होने का अहसास भी कराता है।मौके पर बोर्ड के वरीय प्रबंधक दुर्गानंद झाए खादी बोर्ड के प्रबंधक विभूति रायए खुर्शीद आलमए किशोर कुमार सिंहए खादी भवनए बोकारो केंद्र के प्रभारी राजेश कुमार झाए अनिल झाए नारायण कुमारए राहुल कुमारए पीके झा आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने कहा: कारोबारी की हत्या नहीं, हादसे में गई जान

### गुस्साये लोगों ने की सड़क जाम, आश्वासन के बाद हटाया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बैंक मोड थाना क्षेत्र के नया बाजार के रहने वाले कोयला कारोबारी शहबाज सिद्दीकी उर्फ बबलू की मौत हत्या नहीं बल्कि हादसा था। यह दवा धनबाद पुलिस ने की है। अब तक शहबाज को गोली मारकर हत्या करने के बाद चर्चा में थी ,लेकिन धनबाद पुलिस ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का पटाक्षेप कर दिया है। प्रेस वार्ता में पुलिस का कहना है कि शहबाज को गोली मारकर हत्या नहीं की गई है बल्कि उसके एक साथी अनिल यादव द्वारा कवर में पिस्टल रखने के दौरान ट्रिगर दब गई और गोली शहबाज को लग गई जिस कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



### खुद के पिस्टल से व्यवसायी को लगी थी गोली

बैंक मोड़ थाना में विधि व्यवस्था डीएसपी अरविंद कुमार बिन्हा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि लिट्टी मुर्गा की पार्टी के बाद शहबाज अपने दोस्त अनिल यादव के साथ स्कॉर्पियो से चाय पीने के लिए नहीं निकल रहे थे। स्कॉर्पियो में बैठने के बाद शहबाज ने अपनी लोडेड पिस्टल अनिल को रखने के लिए दिया था, पिस्टल रखने के दौरान ही ट्रिगर दब गई और गोली शहबाज को जाकर लग गई। लोगों के द्वारा इलाज के लिए शहबाज को सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया ,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । घटना के बाद अनिल ने खुद को पिस्टल के साथ पुलिस को सरेंडर कर दिया।

### रंगदारी जैसी बातों से पुलिस का इनकार

पुलिस अवैध कोयले में पैसे की लेनदेन और रंगदारी जैसी बातों से साफ इंकार कर रही है । पुलिस के अनुसार यह घटना सिर्फ हादसा है। पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच पड़ताल कर रही है वहीं आरोपी अनिल यादव ने कहा कि शहबाज ने सीट के कवर में पिस्टल रखने को कहा था, सीट कवर में रखने का दौरा ने पिस्टल फायरिंग हो गई और गोली शहबाज को लग गई। प्रेस वार्ता के बाद सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़क पर उतर आए और रोड जाम कर दिया। डीएसपी के बयान के बाद लोगों में आक्रोश था। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया दिया गया बयान है ,लेकिन हर दृष्टिकोण पर जांच होगी।

## आश्रित को मिलेंगे सरकारी लाभ: विधायक

**बेरमो।** बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड अंतर्गत तेनुघाट तीन नंबर निवासी मनोज यादव को विगत 3 माह पूर्व अभिषेक कुमार एवं संदीप मुंडा के द्वारा मारकर घायल अवस्था में फेंक दिया गया था। जिसकी इलाज के दौरान आज सुबह मृत्यु हो गई। वही बताते चलें कि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो मृतक के परिजनों को आश्वासन देते हुए डीसी एवं एसपी को सूचित कर मामले को संज्ञान में लेने को कहा ए एवं मृतक के परिजनों को सरकारी मुआवजा एवं आवास दिलाने का आश्वासन दिया।वही पत्नी सोनिया देवी पुत्र प्रिंस कुमार 5 वर्ष बेटी डिंपल कुमारी 8 वर्ष एवं पूरे घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वही मौके पर तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार एवं पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे एवम समाज सेवी मोण्इमामुद्दीन अंसारी भी उपस्थित रहे। मौके पर विधायक श्री महतो ने जिला पुलिसए प्रशासन से मांग की है कि मामला 302 का है इस लिए आरोपियों को फास्ट ट्रेक कोर्ट मे फैसला हो और सजा मिले। कहे कि मृतक के आश्रित को सर्व प्रथम पेंशन योजना से जोड़ने की कोशिश की जा रही है साथ ही प्रशासन द्वारा निर्धारित 20 हजार रुपये क्रिया क्रम के लिए दिया गया।

## सड़क पर गड्ढे दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

### विभाग मौन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** एक और जहां भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत शहर से लेकर गांव तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है वही बाघमारा प्रखंड कार्यालय जाने वाला सड़क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है धनबाद जिले का बाघमारा प्रखंड कार्यालय जिसकी दूरी जिला मुख्यालय से लगभग 32 किलोमीटर है और 61 पंचायतों के साथ और 227 गांव के साथ यह एक बड़ा प्रखंड है। बाघमारा प्रखंड कार्यालय में प्रत्येक दिन 61 पंचायत के और 227 गांव के सैकड़ों लोग अपने अपने कामों का निपटारा करने के लिए पहुंचते हैं। जो ग्रामीण अपने कार्यों के निष्पादन के लिए बाघमारा ब्लॉक पहुंचते हैं उन्हें बाघमारा तक आने में तो कोई दिक्कत नहीं होती है लेकिन बाघमारा बाजार से प्रखंड कार्यालय जाने में उनका नौ- नतीजा हो जाता है क्योंकि सड़क इतनी खराब हो चुकी है कि उस पर चलना मुश्किल है। टूटे-फूटे सड़क दर्जनों गड्ढे और जलजमाव के कारण बाघमारा प्रखंड कार्यालय जाने वाले लोग अक्सर दुर्घटनाओं का शिकार भी हो जाते हैं। जबकि इस सड़क से प्रत्येक दिन बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा सीओ खानूडीह स्टेशन के अधिकारी व यात्री बाघमारा कॉलेज के प्रिंसिपल और छात्र-छात्राएं आवासीय विद्यालय के पदाधिकारी और छात्राएं सीआईएसएफ कैंप के पदाधिकारी गुजरते हैं लेकिन उनकी नजर इस सड़क पर नहीं पड़ती है।

## स्वदेशी जागरण मंच ने किया रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन

### स्वावलंबी भारत अभियान को मिलेगी गति

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्वदेशी जागरण मंच के स्वदेशी मेला कार्यालय में स्वावलंबी भारत अभियान को गति देने के उद्देश्य रोजगार सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया। स्वदेशी के प्रथम बलिदानी बाबू गेनू के बलिदान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता बिरसा मुंडा व बाबू गेनू की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य उद्घाटनकर्ता सह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंच के क्षेत्रीय संयोजक सचिंद्र कुमार बरियार ने कहा कि रोजगार सृजन केंद्र स्थापित किए जाने से यहां की युवाओं को उनकी स्वरुचि के अनुरूप रोजगार का अवसर मुहैया कराने तथा बेहतर मार्गदर्शन के उद्देश्य से स्थापित रोजगार सृजन केंद्र स्वदेशी की राह को और सफलता प्रदान करेगी। स्वदेशी के इस जनक के सपनों को साकार करना हम सभी भारतीयों की जिम्मेदारी है। मौके पर दिलीप बर्माए अमरेंद्र सिंहए संजय बैदए जयशंकर प्रसादए अंजनी सिन्हाए मनीष श्रीवास्तवए प्रमोद कुमार सिन्हाए सुरेश कुमार सिन्हाए नवीन कुमार सिन्हाए विनोद कुमारए ददनए प्रेम प्रकाशए अरविंद सिंहए अवधेश कुमार एशशांक शेखरए सौरव जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## शराब दुकानों का हुआ औचक निरीक्षण, कार्रवाई का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। मौके पर धनबाद सांसद प्रतिनिधि आर एन ओझाए बेरमो विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश तिवारीए चंदनकियारी विधायक प्रतिनिधि वीरभद्र सिंहएबोकारो विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागीए डीटीओ संजीव कुमारए एसडीओ बेरमो अनंत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।उपायुक्त श्री चौधरी ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को कागजी कार्रवाई जल्द से जल्द से पूर्ण करते हुए मुआवजा राशि उपलब्ध कराने को लेकर आपदा प्रबंधन एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया। समीक्षा क्रम में अंचल एवं थाना स्तर पर आवेदन लंबित होने की बात सामने आई। जिस पर अंचल स्तर से आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए जिला में उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाने का निर्देश दिया। नवंबर में सड़क दुर्घटनाओं में कुल 173 घायलों का सदर अस्पताल में इलाज किया गया।

## धनबाद: राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष ने नारायण धौरा का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के उपाध्यक्ष अरुण हलदर, निदेशक संजय कुमार सिंह तथा अनुसंधान पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने मंगलवार को मधुबन थाना अंतर्गत ग्राम खरखरी के नारायण धौरा का दौरा किया। दौरा करने के बाद उन्होंने सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर मीडिया से कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को सूचना मिली थी कि 7 नवंबर 2022 को नारायण धौरा में अनुसूचित जाति के सदस्यों के घरों, दुकानों में तोड़फोड़ की गई है। साथ ही वहां आगजनी करने एवं मारपीट व उत्पीड़न किए जाने की भी सूचना मिली थी। इस संदर्भ में आज घटना की स्थलीय जांच की एवं दस से अधिक पीड़ित परिवारों के सदस्यों से मिले। उनके साथ घटना की विस्तृत रूप से चर्चा की। उपाध्यक्ष ने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी मिलने के बाद घटना में संलिप्त आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा पीड़ित परिवार को आयोग के निदेर्शानुसार शीघ्र मुआवजा देने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया है।

## स्कूली बच्चों ने कोनार डैम में मनाया पिकनिक

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया स्थित संचालित टुडल्स डेन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रविवार को कोनारडेम पिकनिक स्पॉट में पिकनिक मनाया। साथ ही स्कूल द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का कार्यक्रम किया। इस दौरान कोनारडेम का माहौल शांत और बहुत ही सुहाना था। पिकनिक में बच्चों ने तरह.तरह के खेल का मजा भी लिया। इस दौरान बच्चों ने कोनारडेम के पिकनिक सपोर्ट तथा शैक्षणिक भ्रमण शिक्षकों के साथ किया। मौके पर कमल लोचन सिंह, विकाश कुमार बर्नवाल ने स्कूली बच्चों के साथ थे।

## 42 युवाओं को प्रशिक्षित कर एसीसी ने दिया नियुक्ति पत्र

### 61 युवाओं ने लिया था प्रशिक्षण इनमें 42 का हो गया प्लेसमेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी ।** एसीसी सिन्दरी सिमेंट कंपनी द्वारा संचालित दिशा कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र सह नियोजन केन्द्र में 42 असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों को प्लांट निदेशक अतुल दत्ता द्वारा मंगलवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इन सभी प्रशिक्षणार्थियों का चयन सान्धार आटोमैक मैसूर प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। प्लांट निदेशक ने मौके पर बताया कि दिशा सेंटर में प्रशिक्षित 61 युवाओं में 42 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। चयनित युवाओं का नियोजन कर्नाटक के मैसूर स्थित सान्धार ऑटोमेक मैसूर प्रा लि में हुआ है। उन्होंने बताया कि एसीसी ट्रस्ट सिन्दरी ने कार्यक्रम के संचालन के लिए फिनिश सोसायटी के साथ एग्रीमेंट किया है। अभी तक दिशा केन्द्र के माध्यम से विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित सैंकड़ों युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़कर सतत आजीविका के माध्यमों को सुनिश्चित किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि एसीसी अपने सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न गाँवों के किसानों, महिलाओं व युवक, युवतियों को चिन्हित कर दिशा एवं अन्य आजीविका आधारित परियोजनाओं से जोड़कर उनके उत्थान के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य व ढाँचागत निर्माण व विकास के लिए एसीसी ट्रस्ट सदैव आगे आकर काम कर रहा है। इस मौके पर एसीसी प्लांट निदेशक अतुल दत्ता, फिनिश सोसायटी के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक चौधरी, एसीसी सीएसआर प्रबंधक प्रदीप पाण्डेय, एसीसी सिन्दरी के विभिन्न विभागों के हेड, अंबुज मंडल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर नगर भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/कथारा।** कथारा चार नंबर मंदिर कमेटी द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर मंगलवार को कथारा चार नंबर स्थित मंदिर परिसर में नव निर्मित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा तथा 30 दिसंबर से 5 जनवरी तक आयोजित श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण व भूमि पूजन पुरे विधि विधान के साथ हुआ। जिसमे मंदिर कमेटी के तमाम पदाधिकारियों के अलावे बेरमो अनुमंडल से आये भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। बताता चलू कि ध्वजारोहण तथा भूमि पूजन उपरांत यज्ञ को लेकर नगर भ्रमण का भी आयोजन किया गया जिसमें आसपास के दर्जनों पंचायतवासी शामिल दिखे। एक अनुमान के अनुसार इस नगर भ्रमण मे हजारो की संख्या में महिलाए पुरुषए युवकए युवतियां शामिल थे इस भक्ती आयोजन मे मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक हर्षद दातार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### नगर भ्रमण में थे शामिल

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में मंदिर कमेटी के सदस्य व पदाधिकारियों मे चन्द्रशेखर प्रसादए एम एन सिंहए संतोष सिन्हाए देवेंद्र यादवए रुपलाल यादवए बालेश्वर गोपए मथूरा सिंह यादवए धनेश्वर यादवए विजय यादवए देवाशीष आसए तापेश्वर चौहानए टुल्लू चन्द नोनियाए राजेश यादवए पवन कुमारए दीपक कुमारए राजेश पांडेए विजय चौहानए सुजीत मिश्राए राज कुमार मिश्राए राजेंद्र वर्माए सुदीप मंडलए बिरेंद्र हेम्ब्रमए गंगाए विजय नोनिया आदि लोगों ने इस भक्तीमय भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। जबकि मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों मे दुलारी देवीए रीता देवीए आशा देवीए राजकुमार चौहानए विरेंद्र पांडेयए राजेश पांडेए संजोती देवीए श्रीमती देवीए कथारा वाशरी पीओ विजय कुमारए राजेश कुमारए सुभाष चंद्र पासवानए बबलू फ्रांसिस आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। जबकि नगर भ्रमण मंदिर परिसर से आरंभ हो कर कथारा चार नंबरए आईबीएम कॉलोनीए बांध बस्तीए अस्पताल कॉलोनीए कथारा दो नंबर होता हुआ कथारा मुख्य चौक तक गई और वापस फिर मंदिर परिसर पहुची जहां के बाकी के कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

## पेज एक का शेष

### अफसर ठीक से...

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार पर जोर :** सीएम ने स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर बल दिया। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत करने के साथ ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने कहा, अधिकारी जनता के प्रति जवाबदेह हैं, सजग होकर काम करें। **पंचायत स्तर पर योजनाओं की होगी समीक्षा :** उन्होंने कहा कि सरकार के योजनाओं और कार्यों की पूरी निगरानी होगी। अब तक मुख्यालय स्तर पर योजनाओं की समीक्षा होती थी। हमारी सरकार जिला स्तर पर योजनाओं की जमीनी हकीकत देखने का काम कर रही है। अगर जरूरत हुई तो प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए अगर ग्रामीणों का पलायन हो रहा है। बच्चे-बच्चि मानव तस्करी का शिकार हो रही हैं तो इसकी कहीं ना कहीं वजह ग्रामीणों और मजदूरों को मोटिवेट नही कर पाना है। इन योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ें ताकि उन्हें अपने ही घर में काम मिल सके ।

### ममता देवी को...

**दिनभर कोर्ट में गहमा-गहमी :** विधायक ममता देवी समेत सभी दोषियों को पांच-पांच साल की सजा के साथ 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया। फैसले को ले कर हजारीबाग के एमपी एमएलए कोर्ट परिसर में गहमागहमी का माहौल रहा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी थे। विधायक के परिजन, ममता देवी के दूधमुहे बच्चे के साथ कोर्ट पहुंचे थे। इसे देखकर सभी की आंखें नम हो रही थी।

### सदन में राजनाथ सिंह...

चीन अपने नापाक इरादों की चालबाजी दिखाते हुए अपने 300 सैनिकों को यांगत्से इलाके में भारतीय पोस्ट को हटाने भेजा। लेकिन भारतीय सैनिकों के आगे चीनी सैनिकों की चालाकी नहीं चल पाई। भारतीय सैनिकों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए उनके नापाक इरादों को कामयाब नहीं होने दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि 11 दिसंबर को स्थापित प्रणाली के तहत दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों की फ्लैग मीटिंग हुई। इस बैठक में चीनी पक्ष को भारतीय पक्ष ने ऐसी कार्रवाई करने से दृढ़ता से मना किया। दोनों देशों के बीच इस मामले को लेकर कूटनीतिक स्तर पर भी बातचीत हुई। **हाईलेबल बैठक :** एलएसी पर भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर रक्षा मंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक की, जिसमें सभी बड़े अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि भारतीय सैनिकों के आगे चीनी सैनिकों की चालाकी नहीं चली। आगे किसी भी तरह के उल्लंघन को रोकने के लिए भारत को लड़ाकू विमानों को तैनात करना पड़ा।

### सुषमा बड़ाईक को ...

स्थानीय लोगों की सहायता से बॉडीगार्ड ने ही सुषमा को अस्पताल पहुंचाया।

**सीसीटीवी में हुई पहचान :** जानकारी के अनुसार जिन अपराधियों ने सुषमा बड़ाईक पर गोलियां चलायी है, उनकी पहचान हो चुकी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। गौरतलब है कि सुषमा बड़ाइक ने कई हाईप्रोफाइल लोगों पर मुकदमे कर रखे हैं। पुलिस को शक है कि इन्हीं वजह से सुषमा पर हमला करवाया गया है।

**सुषमा ने की पहचान :** जिन तीन अपराधियों ने गोली चलायी, उसमें से एक शख्स का नाम दानिश है, जिसकी पहचान सुषमा ने की है। सुषमा बड़ाईक को दो गोली लगी है। जिसमें से एक उसके शरीर में फंसी हुई है। जबकि दूसरी गोली शरीर को छेदते हुए निकल गयी। जो गोली शरीर के आर-पार हुई उससे बॉडीगार्ड जख्मी हो गया।

**आईपीएस पर यौन शोषण का आरोप :** सुषमा ने आइपीएस पीएस नटराजन के अलावा दर्जनों लोगों पर रेप, यौन शोषण और रेप की कोशिश के अलग-अलग केस दर्ज करा रखे हैं। मंगलवार को एक केस की हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी। जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध इस केस में वह अपना पक्ष खुद ही अदालत में रखने वाली थी, लेकिन सुनवाई से पहले अपराधियों ने उसे गोली मारकर जख्मी कर दिया। सुषमा बड़ाइक यौन शोषण का एक स्टिंग वीडियो वर्ष 2005 में कई टीवी चैनलों पर प्रसारित हुआ था। इस मामले में वर्ष 2012 में पीएस नटराजन को बर्खास्त कर दिया गया था, हालांकि लोअर कोर्ट ने 2017 में नटराजन के पक्ष में फैसला सुनाया था। इस फैसले के बाद महिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

**मेडिका में बढ़ायी गयी सुरक्षा व्यवस्था :** मेडिका में इलाजरत सुषमा बड़ाईक की सुरक्षा को देखते हुए करीब एक दर्जन आइआरबी के जवानों को तैनात किया गया है। सुषमा बड़ाईक की बहन माया बड़ाईक ने मेडिका अस्पताल प्रबंधन पर देर से इलाज शुरू करने का आरोप लगाया है। इमरजेंसी वार्ड में भर्ती बहन सुषमा बड़ाईक से मिलने भी नहीं दिया जा रहा है। माया बड़ाईक ने पुलिस प्रशासन पर भी आरोप लगाते हुए कहा है कि हम लोग रिम्स में इलाज कराना चाह रहे थे, लेकिन प्रशासन ने बिना पूछे मेडिका में भर्ती करा दिया।

### सिविल सेवा परीक्षा ...

याचिकाकर्ता एवं अन्य अभ्यर्थियों ने मार्क्स स्टेटमेंट, कट ऑफ मार्क्स, मॉडल आंसर शीट आदि जारी करने के लिए जेपीएससी को रिप्रेजेंटेशन भी दिया था। आरटीआइ के तहत अपने कॉपी की छाया प्रति भी मांगी थी। जेपीएससी के खुद के कार्यालय आदेश में यह जिक्र है कि अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट मॉडल आंसर की उनकी कॉपी की प्रतिलिपि देखने को जल्द से जल्द दिया जाता है। पहले की भी जेपीएससी एग्जाम में यूपीएससी की वेबसाइट में अपलोड किया जाता रहा है।
अभ्यर्थियों के मार्क्स अपलोड नहीं होने से अगली जेपीएससी जो अप्रैल 2022 में होने वाली है उसमें उसकी तैयारी करने में अभ्यर्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि, अगली जेपीएससी की तैयारी करने वाला अभ्यर्थियों को यह पता नहीं है कि उन्हें किस विषय में कितना नंबर आया था, ताकि वह उसके हिसाब से तैयारी करें। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेपीएससी से पूछा कि क्यों नहीं अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट, मॉडल आंसर शीट आदि क्यों नहीं अपलोड किए गए जबकि रिजल्ट निकले पांच से छह माह का समय बीत चुका है। कई तरह के विवादों और रिजल्ट में कई संशोधनों के बाद कुछ महीने पहले जेपीएससी ने सिविल सर्विस परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी किया था।

### जेडपीसी में बढ़ी...

ट्रेनिंग भी एनजीओ की जगह ऐसे शिक्षकों से ही दिलाई जानी चाहिए। ये शिक्षक खुद बच्चों के बीच में रहकर उन्हें पढ़ा रहे हैं। ऐसे में अन्य शिक्षक इसे व्यवहारिक रूप में आत्मसात कर सकेंगे। इसका बेहतर लाभ भी बच्चों को मिलेगा। शिक्षकों का कहना है कि विभाग में एनजीओ की अधिक भागीदारी से उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। उनके इशारे पर रोज नया-नया फरमान जारी किया जा रहा है। बच्चों को पढ़ाने की जगह फरमान का पालन करने में अधिक वक्त लग जा रहा है।

### 98 साल पुरानी...

झारखंड स्टेट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कापोरेशन (जेएसबीसीसी) ने इसके लिए टेंडर निकाला है।

**1924 में बना था सदर हॉस्पिटल :** 1924 में सदर हॉस्पिटल की हेरिटेज बिल्डिंग का निर्माण किया गया था। उस समय हॉस्पिटल में 80 बेड पर मरीजों का इलाज होता था। एक समय ऐसा भी था, जब यह हॉस्पिटल सिटी के लोगों के लिए लाइफलाइन भी साबित हो रहा था। लेकिन समय बीतने के साथ बिल्डिंग का कुछ हिस्सा ढह गया। हालांकि, मुख्य भवन को बचाकर रखा गया है, जहां पर महिला वार्ड और पुरुष वार्ड चल रहे थे। नई बिल्डिंग बनने के बाद सभी इनडोर वार्ड को उसी में शिफ्ट किया गया। फिलहाल इस बिल्डिंग में डायलेसिस सेंटर का संचालन किया जा रहा है। साथ ही एक दवा वितरण केंद्र भी है।

**फैक्ट फाईल :** सदर हॉस्पिटल रांची ओल्ड बिल्डिंग - 2,96,50,000
बिरसा स्टेडियम, सरायकेला - 4,72,24,961

## तवांग झड़प : भारतीय वायुसेना ने मोर्चे पर भेजे लड़ाकू विमान

# तीन बार चीनी ड्रोन घुसपैठ रोकी

## भारत की हवाई सीमा के उल्लंघन की कोशिश में भी जुटा ड्रैगन

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के सैनिकों के बीच नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में हुई झड़प ने दोनों देशों के बीच तनाव को एक बार फिर चरम पर ला दिया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि चीन इसी तरह हवाई क्षेत्र में लंबे समय से सीमा का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहा था। ताजा जानकारी के मुताबिक, बीते दो-तीन हफ्ते में चीन की तरफ से अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कई बार अपने ड्रोन्स भेजे गए। इनके जरिए चीन लगातार हवाई क्षेत्र के उल्लंघन की कोशिश करता रहा। रिपोर्ट्स की मानें तो भारत को चीन की इन हरकतों का जवाब देने के लिए कई बार क्षेत्र में तैनात अपने फाइटर जेट्स को उतारना पड़ा। रक्षा मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि बीते कुछ हफ्तों में दो-तीन बार ऐसा हुआ, जब वायुसेना को एलएसी के पार आने की कोशिश कर रहे ड्रोन्स को खदेड़ने के लिए लड़ाकू विमान उतारने पड़े। वायुसेना को इन खतरों से निपटने के लिए सुखोई-30 एमकेआई जेट्स का सहारा लेना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक, वायुसेना लगातार चीन से लगी सीमा पर ड्रोन्स की गतिविधियों पर नजर रख रहा है। हवाई सीमा के उल्लंघन की संभावना को देखते हुए भारतीय सेना भी मुस्तैद है। सूत्र ने बताया कि अगर ड्रोन एलएसी की बराबरी पर उड़ता दिखता है, तो भारत को कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन अगर कोई एयरक्राफ्ट या ड्रोन भारतीय सीमा की तरफ आने की कोशिश में रडार पर आ जाता है, तो उसे खदेड़ने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाती है। गौरतलब है कि वायुसेना ने पूर्वोत्तर के राज्यों में मजबूत पहुंच बना रखी है। मौजूदा समय में असम के तेजपुर से लेकर छाबुआ में सुखोई-30 फाइटर जेट्स के स्क्वाड्रन्स को तैनात किया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के हाशिमारा में राफेल लड़ाकू विमानों को भी रखा गया है। चीन को मुहंतोड़ जवाब देने के लिए असम सेक्टर में रूस से खरीदा गया एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम भी स्थापित है।

### चीनी ड्रोन पर नजर, रडार पर दिखे तो लेगी एक्शन



सूत्रों ने कहा कि अगर ड्रोन एलएसी की बराबरी में उड़ते हैं तो भारतीय सेना को इससे कोई परेशानी नहीं है। अगर कोई एयरक्राफ्ट या ड्रोन भारतीय सीमा की ओर उड़ान भरते हैं और हमारे रडार पर इनकी आक्रामक गतिविधि दिखाई देती है तो ये एयर वॉयलेशन होगा और आइएएफ तुरंत एक्शन लेगी। नॉर्थ ईस्ट में वायुसेना की मौजूदगी काफी मजबूत है। असम के तेजपुर और चाबुआ में कई जगहों पर सुखोई-30 की तैनाती है। राफेल फाइटर जेट्स भी बंगाल के हशीमारा में तैनात हैं, जो काफी कम समय में नॉर्थ ईस्ट को कवर कर सकते हैं।

### चोरी के बाद सीनाजोरी पर उतरा चीन
### कहा- भारतीय सेना ने पार की थी सीमा



**बीजिंग।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में सीमा पर हुई झड़प के बाद चीन अब सीनाजोरी पर उतर आया है। चीनी सेना ने बयान जारी कर आरोप लगाए हैं कि भारतीय सेना ने अवैध रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार किया था।

उनका यह भी दावा है कि चीनी सेना भारतीय सैनिकों के साथ पेशेवर और प्रभावी ढंग से पेश आई। चीन ने कहा कि वर्तमान में जमीन पर हालात स्थिर हैं और दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट चुकी हैं। चीनी सेना के वेस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता और वरिष्ठ कर्नल लॉन्ग शाओहुआ ने दावा किया कि भारतीय सेना के अवैध रूप से सीमा पार करने से गश्त को रोक दिया गया था। हमने इससे पेशेवर और प्रभावी ढंग से निपटा और जमीन पर हालात को स्थिर किया। वर्तमान में, चीन और भारत पीछे हट गए हैं। उन्होंने सीनाजोरी दिखाते हुए कहा कि हम भारतीय पक्ष से एलएसी पर तैनात सैनिकों को सख्ती से नियंत्रित करने और संयमित करने की अपील करते हैं। हम भारतीय पक्ष को सीमा पर शांति और शांति बनाए रखने के लिए चीन के साथ काम करने को भी कहते हैं।

## कांग्रेस के चीन-प्रेम के कारण हमारी भूमि हड़पी गयी : शाह



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अरुणाचल प्रदेश सीमा पर चीन के सैनिकों के साथ टकराव के मुद्दे पर तत्काल चर्चा करने की मांग को लेकर संसद में मंगलवार को हंगामा करने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू के चीन प्रेम के कारण भारत की सुरक्षा परिषद में सदस्यता बलि चढ़ी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के ही दौर में 1962 में चीन ने हमारी हजारों हेक्टेयर भूमि हड़पी थी। शाह ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन के एफसीआरए 'विदेशी योगदान अधिनियम' को रद्द करने के सवालों से बचने के लिए कांग्रेस ने संसद में सीमा झड़प का मुद्दा उठाया था। अमित शाह ने आरोप लगाया कि राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से 1.35 करोड़ रुपये मिले थे। उन्होंने कहा कि इसका पंजीकरण इसलिए रद्द कर दिया गया, क्योंकि यह एफसीआरए के नियमों के मुताबिक नहीं था।

#### आक्रामक हुई कांग्रेस

कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प को लेकर मंगलवार को सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जब भी देश की सुरक्षा और अखंडता की बात आती है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मंत्रियों के पीछे छिप जाते हैं। कांग्रेस ने यह सवाल भी किया कि चीन की आक्रामकता से निपटने के लिए सरकार के पास क्या कूटनीतिक रणनीति है? कांग्रेस ने इस विषय को मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में उठाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान के बाद स्पष्टीकरण और चर्चा की मांग करते हुए राज्यसभा से पार्टी के सदस्यों ने वाकआउट भी किया। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम लगातार चीन के मुद्दे को सदन में उठाते रहे हैं। आज भी हम चर्चा करना चाहते थे, लेकिन रक्षा मंत्री ने जवाब दिया और चले गए। जब सदन में हमने सवाल पूछना चाहा तो हमारी बात नहीं सुनी गई, इस लिए हमने वॉकआउट किया। उनका कहना था कि यह सदन की परिपाटी रही है कि जब मंत्री कोई बयान देता है तो उस पर स्पष्टीकरण मांगा जाता है, लेकिन रक्षा मंत्री के बयान के बाद स्पष्टीकरण का मौका नहीं दिया गया। सरकार ने अपनी गलती छिपाने के लिए स्पष्टीकरण नहीं दिया।

## स्पीड न्यूज

### शरद पवार को मिली जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार को मंगलवार को जान से मारने की धमकी मिली है। बिहार के एक शख्स ने शरद पवार के घर सिल्वर ओक पर फोन कर पवार को मारने की धमकी दी और कहा कि वो मुंबई आकार देसी कट्टे से उन्हें जान से मार देगा।

### पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा को जमानत

**नयी दिल्ली।** राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने राज कुंद्रा के साथ ही मॉडल शर्लिन चोपड़ा, पूनम पांडे और उमेश कामत को भी अश्लील सामग्री बनाने और उसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाने के मामले में अग्रिम जमानत दे दी है।

### जज बेला ने बिलकिस केस से खुद को किया अलग

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जज न्यायामूर्ति बेला एम त्रिवेदी ने 11 दोषियों की समय से पहले रिहाई के फैसले को चुनौती देने वाली गुजरात दंगों की पीड़िता बिलकिस बानो की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है।

### नवाब मलिक को हाई कोर्ट से राहत नहीं

**मुंबई।** एक जमीन के सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व मंत्री नवाब मलिक को बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत अर्जी पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

## बैंकों ने पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये के एनपीए राइट ऑफ किये

### वित्त मंत्री ने दी जानकारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बैंकों ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये के खराब ऋण यानी एनपीए को राइट ऑफ कर दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में जानकारी दी। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए), खातों के संबंध में जवाब देते हुए कहा कि यह कदम एनपीए के रूप में उनके चार साल पूरे होने के बाद उठाया गया है। राइट-ऑफ के बाद उक्त राशि को संबंधित बैंक की बैलेंस शीट से हटा दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, 'बैंकों अपने बैलेंस शीट को साफ करने, कर लाभ प्राप्त करने और आरबीआई के दिशानिर्देशों और उनके बोर्ड की ओर से अनुमोदित नीति के अनुसार पूंजी का अनुकूलन यह कदम उठाया है। आरबीआई, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त इनपुट के अनुसार पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये की राशि को राइट ऑफ किया गया है।' उन्होंने कहा कि राइट ऑफ किए गए ऋण के कर्जदार पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और कर्जदार से बकाये की वसूली की प्रक्रिया जारी रहेगी।

## केंद्रीय कर्मचारियों को नहीं मिलेगा डीए के 18 महीने का बकाया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों को झटका लगा है। दरअसल, 18 महीने के डीए बकाया को लेकर सरकार ने राज्यसभा में जानकारी दी है। सरकार ने मंगलवार को साफ किया कि महंगाई भत्ते के 18 महीने का बकाया जारी करना व्यावहारिक नहीं है। कोरोना काल में केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों के महंगाई राहत पर रोक लगा दी गई थी। वित्त राज्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में रोकी गई केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की बकाया किस्तें जारी करना व्यावहारिक नहीं है।

## ...भारत वो अमर बीज है जो थोड़ा दब सकता है थोड़ा मुरझा सकता है, लेकिन वो मर नहीं सकता

### श्री अरबिंदो की 150वीं जयंती पर बोले पीएम मोदी



एजेंसी

**पुडुचेरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से श्री अरबिंदो की 150वीं जयंती के मौके पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और आध्यात्मिक नेता के सम्मान में एक विशेष सिक्का और डाक टिकट जारी किया। उन्होंने कहा कि श्री अरबिंदो का 150वां जन्म वर्ष पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उनकी प्रेरणाओं, विचारों को हमारी नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए देश ने इस पूरे साल को विशेष रूप से मनाने का संकल्प लिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को अमर बीज बताते हुए कहा, 'हमारा देश विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में थोड़ा दब सकता है, थोड़ा मुरझा सकता है, लेकिन वो मर नहीं सकता क्योंकि भारत मानव सभ्यता का सबसे परिष्कृत विचार है, मानवता का सबसे स्वाभाविक स्वर है।' पंद्रह अगस्त, 1872 को पैदा हुए श्री अरबिंदो एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

## पूर्व मंत्री राजा पटेरिया गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में उकसावे वाला बयान देने के मामले में पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को मंगलवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है और अब अदालत में पेश किया जाएगा। डॉ मिश्रा ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि राजा पटेरिया को दमोह के हटा से गिरफ्तार किया गया है। पूर्व में लगाई गई धाराओं में धारा 115 और 117 और बढ़ाई गई है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस को भी जम कर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रही, इटालियन कांग्रेस हो गई है।

## पटना में टीइटी अभ्यर्थियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**पटना।** बिहार विधान मंडल के मानसून सत्र की शुरूआत होते ही हंगामा शुरू हो गया है। सदन के अंदर विपक्षी दलों ने हंगामा किया तो सड़क पर शिक्षक अभ्यर्थी उतर आए। पुलिस ने टीइटी पास इन अभ्यर्थियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। ये लोग मंगलवार दोपहर को हाथों में गुलाब का फूल लिए विधानसभा का घेराव करने निकले थे। पुलिस ने अभ्यर्थियों को डाक बंगला चौराहे पर रोक दिया। इसके बाद वह सड़क पर ही बैठकर प्रदर्शन करने लगे। अभ्यर्थी 'नीतीश सरकार हाय-हाय', 'नीतीश-तेजस्वी मुदार्बाद' के नारे लगाते रहे। पुलिस ने अभ्यर्थियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वो अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया।

#### भर्ती का इंतजार कर रहे कैंडिडेट्स

अभ्यर्थियों का कहना था कि हम तीन साल से लगातार अपनी मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर भी सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। अब हम लोग नौकरी लेकर ही दम लेंगे। चाहे जेल क्यों ना जाना पड़े। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज कर दिया। अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के चलते डाक बंगला चौराहे पर जाम के हालात बन गए।

## तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ेंगे 2025 का चुनाव : नीतीश



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में महागठबंधन विधायक दल की बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि उनके बाद उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ही महागठबंधन का नेतृत्व करेंगे। 2025 का बिहार चुनाव तेजस्वी के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा।

नीतीश ने कहा कि भाजपा को हटाना ही उनका लक्ष्य है। मैं प्रधानमंत्री पद के लिए नहीं, भाजपा को हटाने के लिए आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं सीएम या पीएम पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता। इतनी सी ही बात है। इसे ही गढ़ना होगा। इसलिए महागठबंधन के विधायकों को एकजुट होना होगा। दरअसल, कुढ़नी उपचुनाव में हार के बाद यह बात अटकलें लगाई जाने लगी थी कि राजद ने जदयू का साथ नहीं दिया और महागठबंधन में इस वक्त कुछ भी ठीक नहीं है। महागठबंधन की बैठक पर राजद के ऋषि कुमार ने कहा कि हमने अपनी राजनीतिक रणनीति पर बैठक की थी। नीतीश ने कहा कि वह आने वाले समय में सीएम नहीं बनना चाहते हैं। दूसरे नंबर के नेता हैं- तेजस्वी यादव। अगर सीएम पद पर नहीं बने रहना चाहते हैं तो उनकी जगह दूसरे मैन इन कमांड लेंगे।

#### मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा

वित्त मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया कि महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक हुई थी। उसमें सीएम ने यह साफ कर दिया कि मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा। 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

## निया शर्मा ने पहना बोल्ड रिवीलिंग आउटफिट



बॉलीवुड के साथ ही अब टीवी एक्ट्रेसेज का भी ग्लैम अवतार देखने को मिलता है। लेकिन कई बार ऐसे आउटफिट पहन लिए जाते हैं कि वे चर्चा का विषय बन जाते हैं। ऐसा ही कुछ हाल ही निया शर्मा ने किया। टीवी की दुनिया की बोल्ड एक्ट्रेस मानी जाने वाली निया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वे स्काई ब्लू कलर के एक ओवर रिवीलिंग आउटफिट में नजर आ रही हैं। निया वीडियो में एक इवेंट के लिए जाती दिख रही हैं। निया ने हाई स्लिट स्काई ब्लू आउटफिट पहना हुआ है, जो फ्रंट ओपन और बैकलेस है। वीडियो में वे अपने बालों को आगे किए हुए दिख रही हैं। निया का यह अंदाज लोगों को समझ नहीं आ रहा है और वे उनकी तुलना उर्फी जावेद से कर रहे हैं।




## फ्रांस के आगे मोरक्को को हराने की बड़ी चुनौती

### दूसरा सेमीफाइनल



फुटबॉल के महासमर में कदम दर कदम शहसवारों को मात देती आई मोरक्को की टीम के सामने विश्व कप सेमीफाइनल में गत चैम्पियन फ्रांस की चुनौती है और इस तिलिस्म को तोड़ना उसके लिए कतई आसान नहीं होगा। ग्रुप चरण में दूसरी रैंकिंग वाली बेल्जियम के बाद यूरोपीय दिग्गज स्पेन और पुर्तगाल को नॉकआउट चरण में हराने वाली मोरक्को टीम ने अपने देश के फुटबॉल का सबसे सुनहरा अध्याय लिखा है। विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अफ्रीका की पहली टीम मोरक्को पर 1912 से 1956 के बीच फ्रांस का शासन रहा है लिहाजा इस मैच की सांस्कृतिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि भी है। फ्रांस के पास काइलियान एमबाप्पे जैसा स्टार स्ट्राइकर है जो लियोनेल मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे सितारों के दौर में अपनी चमक बिखेरने में कामयाब रहा है। इस विश्व कप में अब तक सर्वाधिक पांच गोल करके वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे है। मोरक्को के कोच वालिद रेग्रागुइ ने कहा, मुझे पूछा गया था कि क्या हम विश्व कप जीत सकते हैं तो मैने कहा कि क्यो नहीं। हम सपना देख सकते हैं और सपने देखने में कोई हर्ज नहीं। उन्होंने कहा, यूरोपीय देश ही विश्व कप जीतते आये हैं और हमने शीर्ष टीमों के खिलाफ खेला है। यह आसान नहीं था। अब हर टीम हमसे डरी हुई होगी। दूसरी ओर इंग्लैंड के खिलाफ कठिन सेमीफाइनल मैच जीतकर यहां तक पहुंची फ्रांस के लिये मोरक्को के खिलाफ गोल करना आसान नहीं होगा। मोरक्को ने अभी तक इस विश्व कप में एक भी गोल नहीं गंवाया है। एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ ग्रुप चरण में आत्मघाती गोल था। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युअल मैकरोन भी यह मैच देखने अल बायत स्टेडियम पहुंच सकते हैं। मोरक्को के प्रशंसक हजारों की तादाद में यहां पहुंचे हुए हैं यानी मैदान हरे और लाल रंग से भरा होगा। फ्रांस के सेंटर बैक रफेल वराने ने कहा कि उनकी टीम आत्ममुग्धता की शिकार नहीं है और विरोधी को कतई हलके में नहीं लेगी। उन्होंने कहा, 'मोरक्को यहां तक तकदीर के सहारे नहीं पहुंची है। वह शानदार टीम है और हम इस जंग के लिए तैयार हैं।'

## आज से भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट

**नयी दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश की टीमें वनडे के बाद टेस्ट सीरीज में आज से आमने-सामने होंगी। वनडे सीरीज में 1-2 से हारने के बाद टीम इंडिया टेस्ट में धमाकेदार शुरूआत करना चाहेगी। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति केएल राहुल टीम की कमान संभालेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम 11 टेस्ट मैच खेल चुकी है। इनमें नौ में उसे जीत मिली है और दो मुकाबले ड्रॉ हुए। भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच में आज से खेला जाएगा।

### आइपीएल का मिनी ऑक्शन में 405 खिलाड़ी शामिल होंगे

**नयी दिल्ली।** 23 दिसंबर को केरल के कोच्चि में इंडियन प्रीमियर लीग का मिनी ऑक्शन होगा। ऑक्शन दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। ऑक्शन में 405 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें से 132 विदेशी, 273 डोमेस्टिक और 4 एसोसिएट नेशंस के खिलाड़ी होंगे। इस बार उन्हें प्लेयर्स पर खर्च करने के लिए 95 करोड़ रुपए मिलेंगे।

## नेशन्स कप हॉकी : सलीमा टेटे और ब्यूटी डुंगडुंग के गोल से भारत ने जापान को 2-1 से हराया



**वैलेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला नेशन्स कप 2022 में जापान को 2-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा है।भारत ने सोमवार के मुकाबले में सलीमा टेटे (5वां मिनट) और ब्यूटी डुंगडुंग (40वां मिनट) के गोलों से जीत दर्ज की। जापान का एकमात्र गोल रुई ताकाशीमा ने 49वें मिनट में किया।

### शिव ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडली में बनाया सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन का रिकॉर्ड

**मेलबर्न।** भारतीय तैराक शिव श्रीधर ने मंगलवार को यहां शॉर्ट कोर्स विश्व चैंपियनशिप की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडली हीट प्रतियोगिता में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन' का रिकॉर्ड बनाया। शिव ने एक मिनट और 59.80 सेकंड में हीट पूरी करके दो मिनट 02.42 सेकंड का अपना पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। 22 वर्षीय तैराक ने 38 प्रतिभागियों की प्रतियोगिता में 30वां स्थान हासिल करके फाइनल के लिये क्वालीफाई किया।

**V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL**
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at : vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !